

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 हरभजन सिंह ने रोहित को नंबर 6 पर रखने का समर्थन किया, ब्रिसबेन टेस्ट में बदलाव की भविष्यवाणी की....

सीरिया में झटके के बाद अब यूक्रेन पर समझौते के लिए तैयार रूस, शांति की पहल का करेगा स्वागत.... 12



वर्ष : 12 | अंक : 237 | पटना, बुधवार, 11 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**
अधिकतम तापमान 25.0°C
न्यूनतम तापमान 15.0°C

**बाजार**
सोना 75,920
चांदी 91,900
सेंसेक्स 83,584
निफ्टी 25,698

## संक्षिप्त खबरें

### असाधारण कठिन दौर को सफलतापूर्वक पार किया : शशिकांत

● सेवानिवृत्त हुए आरबीआई गवर्नर ने लिखा खत

नई दिल्ली। सरकारी सीमाओं में बंधा अफसर कई बार मन की बात नहीं कह पाता है। जब रिटायर होता है तो कहने से चूकता भी नहीं है। शक्तिकांत दास करीब छह साल तक आरबीआई के गवर्नर रहने के बाद 10 दिसंबर को रिटायर हो गए। उनकी जगह अब राजस्व सचिव रहे संजय मल्होत्रा लेंगे। शक्तिकांत दास ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के जरिए पीएम नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पूरी आरबीआई टीम को धनयवाद दिया। एक्स पर अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा, आज आरबीआई गवर्नर के रूप में पद छोड़ दूंगा। आपके समर्थन और शुभकामनाओं के लिए आप सभी का धन्यवाद। आरबीआई गवर्नर के रूप में देश की सेवा करने का अवसर देने और उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत-बहुत आभारी हूं। उनके विचारों और सोच से बहुत लाभ हुआ। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बारे में लिखा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद। राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर था और पिछले छह वर्षों के दौरान कई चुनौतियों से निपटने में हमारी मदद की। उन्होंने आगे लिखा है, मैं वित्तीय क्षेत्र और अर्थव्यवस्था के सभी हितधारकों, विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों, उद्योग निकायों और संघों, कृषि, सहकारी और सेवा क्षेत्रों के संगठनों को उनके इनपुट और नीतिगत सुझावों के लिए धन्यवाद देता हूं। आरबीआई की पूरी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद। हमने मिलकर अभूतपूर्व वैश्विक झटकों के असाधारण कठिन दौर को सफलतापूर्वक पार किया। आरबीआई एक भरोसेमंद और विश्वसनीय संस्था के रूप में और भी आगे बढ़े, यही कामना है। आप सभी को मेरी शुभकामनाएं। 12 दिसंबर 2018 में उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल बाद में तीन साल और बढ़ाया गया था।

# जैसा चाहते थे, वैसा ही बनकर तैयार हुआ समाहरणालय भवन : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित पटना समाहरणालय भवन का किया उद्घाटन



> पटना समाहरणालय भवन काफी सुंदर बना है, इसका रख-रखाव ठीक ढंग से हो : सीएम
>
> ● इस तरह का समाहरणालय भवन देश में कही नहीं है

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना समाहरणालय के नवनिर्मित भवन का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उदघाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे आज पटना समाहरणालय के नवनिर्मित भवन का उदघाटन करके काफी प्रसन्नता हो रही है। हमने इसके लिए काफी प्रयास किया था और हम जैसा चाहते थे, वैसा ही यह भवन बनकर तैयार हो गया है। इस तरह का समाहरणालय भवन देश में कही नहीं है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका रख-रखाव ठीक ढंग से हो इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। पटना समाहरणालय भवन का काफी सुंदर तरीके से निर्माण हुआ है। यहां सौर ऊर्जा अधिष्ठापित होने से काफी फायदा होगा, इससे बिजली की बचत होगी। आज हमने जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह को उनके नए कार्यालय में बैठा दिया है। ससमय लोगों की समस्याओं का निष्पादन करना आप सभी का दायित्व है। यहां उपस्थित कई वरीय अधिकारी भी पूर्व में पटना के जिलाधिकारी रह चुके हैं। मेरी यही अपेक्षा है कि आप सभी बेहतर, पारदर्शी एवं तीव्र गति से लोगों की समस्याओं का निराकरण करें।

### मुख्यमंत्री ने समाहरणालय परिसर एवं बेसमेंट का किया मुआयना

उदघाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने समाहरणालय परिसर एवं बेसमेंट का मुआयना किया। नवनिर्मित समाहरणालय भवन के बेसमेंट, भूतल से लेकर पांचवे तल तक उपलब्ध कराई गई सुविधाओं एवं पदाधिकारियों के बैठने हेतु की गयी व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों ने मॉडल के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। नवनिर्मित पटना समाहरणालय परिसर के एक हिस्से में मुख्य प्रवेश द्वार के समीप, पटना समाहरणालय के पुराने भवन के अंश 8 खंभों को लोहे के फ्रेम में संरक्षित किए गए क्षेत्र का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाहरणालय भवन के पुराने हिस्से को काफी बेहतर ढंग से संजोया गया है। पटना समाहरणालय में आनेवाले लोग इस खुले क्षेत्र में हरियाली के बीच आराम से बैठकर अपना कुछ समय व्यतीत कर सकेंगे। समाहरणालय परिसर में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने समाहरणालय भवन के पांचवें तल पर स्थित मुख्य सभागार में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष भवन निर्माण विभाग द्वारा नवनिर्मित समाहरणालय भवन के संबंध में तैयार की गई लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। नए समाहरणालय भवन के निर्माण में अहम योगदान देनेवाले पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों, कर्मियों को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हे सम्मानित किया। बैठक को संबोधित करते हुए

### लोगों को भागदौड़ से मिलेगी निजात

समाहरणालय भवन के भूतल की दीवार पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा कही गई दो उक्तियों सात सामाजिक पाप और पृथ्वी से हमें जो कुछ मिलता है वह हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन हमारे लालच को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है को उत्कीर्ण कराया गया है जिसकी मुख्यमंत्री ने सराहना की। उन्होने कहा कि इससे बापू की बात नयी पीढ़ी के लोगों तक पहुँचेगी जिसका अमल कर वे सामाजिक सदभाव कायम करने एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान देने के प्रति प्रेरित होंगे। समाहरणालय भवन के पांचवे तल पर पहुँचकर मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह के नए कार्यालय कक्ष में पहुंचकर उन्हें कुर्सी पर बैठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आप सभी इस नवनिर्मित समाहरणालय भवन के अपने-अपने कार्यालयों में बैठकर लोगों की समस्याओं का निष्पादन करें। इसके बन जाने से लोगों को भी काफी सहूलियत मिलेगी। एक ही जगह प्रशासनिक कार्य निष्पादित होने से लोगों को भागदौड़ से निजात मिलेगी। समाहरणालय भवन के ऊपरी तल पर जाकर मुख्यमंत्री ने आस-पास के इलाकों का भी मुआयना किया। भवन निर्मांग मंत्री जयंत राज एवं भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को हरित कलश एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया।

### ये रहें मौजूद

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, विधान पार्षद रवीन्द्र सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेन्द्र, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव डॉ एन सरवन कुमार, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ प्रतिमा, कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, आयुक्त पटना प्रमंडल मयंक वरवड़े, आईजी पटना प्रक्षेत्र गरिमा मलिक, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 240 वाहनों की क्षमता की बेसमेंट पार्किंग की सुविधा



पटना। नए समाहरणालय भवन में बेसमेंट, भूतल के अलावा पांच तल हैं जहां 205 वाहनों को रखने की क्षमता वाली ओपेन पार्किंग के अलावा 240 वाहनों की क्षमता की बेसमेंट पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। पुराने पटना समाहरणालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में पटना उच्च न्यायालय के द्वारा याचिका सुनवाई के क्रम में की गयी अनुशंसा के आलोक में पुराने भवन के अंश (8 खंभों) को लोहे के फ्रेम मे संरक्षित रखा गया है। डच वास्तुकला के प्रतीक ये खंभे ईंट से बने हैं जिन्हें यहाँ प्रदर्शित किया गया है। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2017 में नए समाहरणालय भवन का निर्माण कराये जाने को लेकर स्थल निरीक्षण किया था जिसके बाद वर्ष 2018 में इसको लेकर स्वीकृति प्रदान की गई और वर्ष 2020 में पटना समाहरणालय भवन का शिलान्यास किया गया। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 188 करोड़ 42 लाख रुपए से भवन निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। वैश्विक कोरोना महामारी और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने के कारण इसका निर्माण कार्य वर्ष 2022 में प्रारम्भ हुआ। इसके बाद करीब डेढ़ साल के अंदर समाहरणालय भवन का निर्माण कार्य पूरा किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-कब तक मुफ्त राशन बांटेगी सरकार

> युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के विकल्प खोजे जाएं

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। रोजगार के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जमकर फटकार लगाई। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि मुफ्त में राशन बांटना कोई समाधान नहीं है। बेहतर होगा की श्रमिकों और युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के विकल्प खोजे जाएं। मुफ्त की रेवडियों से किसी का भला होने वाला नहीं है। सीधे तौर पर प्रवासी मजदूरों से जुड़े एक मामले में वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि ई-श्रमिक पोर्टल पर पंजीकृत मजदूरों को मुफ्त राशन मिलना चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुफ्त राशन देने के बजाय हमें इन मजदूरों के लिए रोजगार के मौके और कौशल निर्माण पर काम करना चाहिए। कोर्ट ने कहा, फ्रीबीज कब तक दिए जाएंगे? क्यों न हम इन प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर, रोजगार और क्षमता निर्माण पर काम करें? कोर्ट ने जोर देते हुए कहा कि राशन का वितरण एक अस्थायी समाधान हो सकता है, जबकि रोजगार और कौशल विकास से एक स्थायी समाधान मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों द्वारा मुफ्त सुविधाओं की वितरण नीति पर गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि फ्री की रेवड़ी कब तक बांटी जाएगी, और यह भी कि क्या अब समय नहीं आ गया है कि सरकारें रोजगार के अवसरों पर ध्यान दें। कोर्ट ने खासकर कोविड महामारी के बाद प्रवासी मजदूरों को दी जा रही मुफ्त राशन की सुविधा को लेकर चिंता जताई और सुझाव दिया कि इस समस्या का स्थायी समाधान रोजगार के अवसरों के निर्माण और कौशल विकास में है। कोर्ट ने इस बात पर भी टिप्पणी की कि यदि राज्य सरकारों को आदेश दिया जाता है कि वे सभी प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन दें, तो वे इसे केंद्र सरकार की जिम्मेदारी मानते हुए कार्रवाई करने से बच सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, जैसे ही हम राज्यों को आदेश देंगे कि वे सभी प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन दें, कोई भी यहां नहीं दिखाई देगा। वे भाग जाएंगे। राज्यों को यह पता है कि यह जिम्मेदारी केंद्र की है, इसीलिए वे राशन कार्ड जारी कर सकते हैं। वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि केंद्र अभी भी 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर निर्भर है, जबकि 2021 की जनगणना होनी चाहिए थी। उनका कहना था कि इससे प्रवासी मजदूरों की सही संख्या और उनकी वास्तविक जरूरतों का पता नहीं चल पा रहा है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर कहा, हम केंद्र और राज्यों के बीच मतभेद नहीं पैदा करें, क्योंकि ऐसा करने से स्थिति और भी जटिल हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को यह निर्देश दिया कि वे प्रवासी मजदूरों के लिए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करें। इस प्रक्रिया से मजदूरों को केंद्र की मुफ्त राशन योजनाओं का लाभ मिलेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य सरकारों को अपनी जिम्मेदारियों से भागने की बजाय प्रवासी मजदूरों के लिए दीर्घकालिक समाधान प्रदान करने पर ध्यान देना चाहिए।

# साइबर अपराध, जलवायु परिवर्तन मानवाधिकार के लिए नये खतरे : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि अब तक मानवाधिकारों पर विमर्श मानव पर केंद्रित रहा है क्योंकि उल्लंघनकर्ता को मानव माना जाता है लेकिन कृत्रिम मेधा के हमारे जीवन में प्रवेश करने के साथ, अपराधी कोई गैर-मानव लेकिन एक बुद्धिमान एजेंट हो सकता है। मानवाधिकार दिवस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि साइबर अपराध एवं जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। मानवाधिकार दिवस हर वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिसे 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया और घोषित किया गया था। यूडीएचआर मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक वैश्विक मानक के रूप में कार्य करता है। मुर्मू ने कहा, जब हम भविष्य की तरफ बढ़ रहे हैं तो हमारे सामने नई उभरती चुनौतियां पेश हो रही हैं। साइबर अपराध, जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग परिवर्तनकारी तो है लेकिन इसके साथ साइबर अपराध, डीप फेक, गोपनीयता की चिंता और गलत सूचना का प्रसार जैसे जटिल मुद्दे भी सामने आए हैं। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों से एक ऐसे सुरक्षित एवं समान डिजिटल माहौल की महत्ता रेखांकित होती है जो सभी के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करे। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में एआई और मानव जीवन पर उसके प्रभाव के पहलू पर भी बात की। उन्होंने कहा, कृत्रिम मेधा अब हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में कदम रख चुकी है और वह कई समस्याओं का समाधान कर रही है लेकिन कई नई समस्याएं खड़ी भी कर रही है। उन्होंने कहा कि अब तक मानवाधिकारों पर विमर्श मानव एजेंसी पर केंद्रित रहा है क्योंकि उल्लंघनकर्ता को मानव माना जाता है जिसमें करूणा, अपराध बोध जैसी विविध मानवीय संवेदनाए होती हैं। मुर्मू ने कहा कि लेकिन एआई के आने से, अपराधी कोई गैर-मानव लेकिन एक बुद्धिमान एजेंट हो सकता है। उन्होंने कहा, मैं यह विषय आपके विचारार्थ छोड़ती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का मामला भी हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करता है।


भारतीय रिज़र्व बैंक

जनता को **सोशल मीडिया** पर प्रसारित **शीर्ष प्रबंधन** द्वारा वित्तीय सलाह देने वाले फर्जी **(डीपफेक) वीडियो** के प्रति सतर्क करता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के संज्ञान में यह आया है कि सोशल मीडिया पर गवर्नर के फर्जी वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें रिज़र्व बैंक द्वारा कतिपय निवेश योजनाओं को शुरू करने या उनको समर्थन प्रदान करने का दावा किया गया है। इन वीडियो में लोगों को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से ऐसी योजनाओं में अपना पैसा निवेश करने की सलाह देने का प्रयास किया गया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक यह स्पष्ट करता है कि उसके अधिकारी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं हैं और न ही उनका समर्थन करते हैं तथा ये वीडियो फर्जी हैं। रिज़र्व बैंक वित्तीय निवेश संबंधी ऐसी कोई सलाह नहीं देता है।

अतएव, जन सामान्य को सोशल मीडिया पर प्रसारित ऐसे फर्जी (डीपफेक) वीडियो और उनका शिकार होने से बचने के लिए सतर्क किया जाता है।

आरबीआई वेबसाइट पर जाने के लिए यहां स्कैन करें।

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# टीबी उन्मूलन की दिशा में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान होगा कारगरः मंत्री

**24 मार्च तक चलेगा अभियान**



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए विभाग सदैव तत्पर है। इस बार 7 दिसंबर से राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के 10 जिलों में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान चलाया जा रहा है, जो 24 मार्च, 2025 तक चलेगा। बेगुसराय, भोजपुर, दरभंगा, गोपालगंज, कटिहार, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, सीतामढ़ी एवं सिवान जिले में इस अभियान को चलाया जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्देशित इस अभियान का उद्देश्य टीबी के मिसिंग रोगियों की खोज,टीबी मरीजों की मृत्युदर को कम करने व टीबी से नए व्यक्तियों को संक्रमित नहीं होने देने के प्रयासों में तेजी लाना है। श्री पांडेय ने बताया कि इस कार्य में अंतरविभागीय समन्वय भी स्थापित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग,ग्रामीण विकास विभाग सहित कई अन्य विभागों में भी अभियान को संचालित किया जाएगा। 100 दिवसीय अभियान में युवाओं की भागीदारी, कार्यस्थल पर निःक्षय शिविर, गणतंत्र दिवस के दौरान टीबी पर सन्देश, प्रभावशाली व्यक्ति एवं धार्मिक नेताओं की भागीदारी एवं मॉपअप जैसी गतिविधियां शामिल होगी। अभियान के दौरान उच्च जोखिम वाली जनसंख्या में टीबी की पहचान पर जोर दिया जा रहा है। जिसमें ईलाज प्राप्त कर रहे टीबी रोगियों के साथ रहने वाले व्यक्ति, पिछले 5 वर्षों में ईलाज कराए रोगियों, एचआईवी ग्रसित व्यक्ति, मधुमेह रोगी, 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति सहित धूम्रपान एवं नशा करने वाले व्यक्तियों को शामिल किया गया है। श्री पांडेय ने बताया कि इसके लिए जिला स्तर पर जिलाधिकारी के द्वारा अभियान का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए सिविल सर्जन, मुख्य समन्वयक तथा अपर उपाधीक्षक-सह-सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, संचारी रोग(यक्ष्मा), सह-समन्वयक बनाया गया है। अभियान की सफलता के लिए सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के उच्च जोखिम वाली जनसंख्या की मैपिंग करते हुए विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। अभियान की दैनिक रिपोर्ट निक्षय पोर्टल पर तत्काल अंकित होगा। इससे अभियान के दैनिक प्रगति पर नजर रखी जा सकेगी। वहीं अभियान की समाप्ति पर उत्कृष्ट कार्य के लिए जिलों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### राजद सुप्रीमो ने किया महिलाओं का अपमानः मंगल

स्वास्थ्य व कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि मुख्यमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी कर लालू यादव ने बिहार की महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने जिस तरह की टिप्पणी की है वह उनकी ओछी मानसिकता का परिचायक है। श्री पाण्डेय ने कहा कि लालू यादव की इस टिप्पणी पर अगले विधानसभा चुनाव में बिहार की महिलाएं उन्हें सबक सिखाएगी। दरअसल लालू यादव अराजक और ओछी राजनीति के ही प्रतीक रहे हैं। उनकी भद्दी और गन्दी टिप्पणियों की वजह से ही उनके शासनकाल में बिहार का उपहास होता रहा है। उन्होंने कहा कि लालू यादव की ओछी टिप्पणी से यह साबित होता है कि वे केवल शारीरिक रूप से ही नहीं मानसिक तौर पर भी बीमार हो गए हैं। भ्रष्टाचार के दलदल में फंसने के बाद अपनी धर्मपत्नी को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपने और सात बेटियों के पिता लालू यादव बिहार की महिलाओं के प्रति ऐसी गन्दी सोच रखते है, आज यह जानकर काफी दुख व हैरानी हो रही है। लालू यादव को अविलम्ब बिहार की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।

## जिला परिषद सदस्या सहित कई लोगों ने थामा जदयू का दामन

**जदयू का बढ़ता कारवां सीएम नीतीश की करिश्माई व्यक्तित्व का असरः उमेश**

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



रोहतास जिला परिषद की सदस्य कुमारी सुप्रिया रानी के साथ बड़ी संख्या में आए कई लोगों ने जनता दल यू का दामन थामा। जदयू प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पर्ची देकर सभी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सामाजिक न्याय के साथ विकास की धारा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। साथ ही महिलाओं के शैक्षणिक, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी हमारे नेता ने मिसाल कायम किया है। उन्होनें कहा कि 19 वर्षों के सुशासन और हमारे नेता की करिश्माई व्यक्तित्व का असर है कि दिन प्रतिदिन जदयू के कारवां में नए लोग शामिल हो रहें हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में काम के लिए उत्सुक हैं। आगे उन्होंने कहा कि कुमारी सुप्रिया रानी का जदयू परिवार का हिस्सा बनने से चेनरी सहित रोहतास में संगठन को काफी मजबूत मिलेगी। मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों में निष्ठा जताते हुए कुमारी सुप्रिया रानी समेत कई साथियों ने जदयू का दामन थामा है। नए साथियों के आने से संगठन को मजबूती मिलेगी। मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आधी आबादी को आवाज दिया और उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया है। मंत्री शीला मंडल ने कहा कि कुमारी सुप्रिया रानी और उनकी टीम का जदयू परिवार में हार्दिक स्वागत है। मंत्री जमा खां ने कहा कि जिला परिषद सदस्या कुमारी सुप्रिया रानी के आने से पार्टी के साथ-साथ शहाबाद का क्षेत्र भी मजबूत होगा और 2025 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को लाभ मिलेगा। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से सहरसा के समाजिक कार्यकर्ता धीरेन्द्र दास, राजद छोड़कर आए गोपेश्वर यादव एवं मो मजहरुल हसन, दिलीप मिस्त्री, फुलेश्वर राय, भिखारी यादव एवं हरेराम मुखिया रहे। इस मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व मंत्री जय कुमार सिंह, पूर्व विधायक सह प्रदेश महासचिव राणा रणधीर सिंह चैहान, पूर्व विधायक वशिष्ठ सिंह, वरीय नेता प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी, प्रदेश महासचिव वासुदेव कुशवाहा, प्रदेश महासचिव अरविन्द सिंह उर्फ छोटू सिंह एवं नेतागण उपस्थित रहे।

## बिहार लगातार विकास के पथ पर अग्रसर : राजीव

**हार से विपक्ष हताश व निराश**

दिल्ली/पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रस्तावित बिहार यात्रा के संबंध में दिए गए पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि लगातार पराजय से उपजी हताशा और बौखलाहट से लालू जी का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और इसीलिए उन्होंने जिस प्रकार से मयार्दा की धज्जियाँ उड़ाई हैं उससे शर्म शब्द को भी शर्मिंदगी महसूस हो रही होगी। श्री प्रसाद ने कहा कि लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद विधानसभा के चार सीटों के उपचुनाव में राजद समेत महागठबंधन के दलों का जिस तरह से सूपड़ा साफ हुआ है उससे स्पष्ट है कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजद को अस्तित्व संकट से जूझना पड़ेगा और एनडीए 2025 सीटें जीत कर बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में अपनी सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। सभी क्षेत्रों में हम उपलब्धियों के कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। जीएसडीपी की वृद्धि दर भी लगातार बढ़ रही है और प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ी है। आने वाले पाँच वर्षों में बिहार को प्रगति के रास्ते पर आगे ले जाने के लिये नीतीश कुमार की अगुवाई में बिहार में जनता के आशीर्वाद से अगली सरकार एनडीए की बनेगी।

## राजद प्रमुख ने अपने बयान से महिलाओं को किया अपमानित : नवल

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर लालू यादव के स्तरहीन बयान ने एक बार फिर से राजद काल के जंगलराज की यादें ताजा कर दी हैं। लालूजी ने खुद कहा था कि अगर बिहार जंगलराज है तो मैं उस जंगलराज का बब्बर शेर हूं। लालूजी का बयान यह दशार्ता है कि महिलाओं को देखने का उनलोगों का कैसा नजरिया है। यह पूरे बिहार की उन महिलाओं का अपमान है जिन्हें चीरहरण वाले जंगलराज से बाहर निकाल नीतीश कुमार ने भयमुक्त माहौल में आत्मसम्मान और सुरक्षा से जीने का अवसर दिया। बिहार की महिलाएं यह जानती हैं कि नीतीश कुमार का मतलब एक ऐसा मुक्तिदाता है जिसने बिहार को उस दौर से बाहर निकाला जिसमें कब किस महिला का बलात्कार या चीर हरण हो जाए, उत्पातियों और हुड़दंगियों का शिकार हो जाए, कोई नहीं जानता था। महिलाएं शाम होते ही घरों में दुबक जाया करती थीं। यह वही बिहार है जहां रोज न जाने कितनी सुहागिनें विधवा होती थी।

## तेजस्वी के संवाद कार्यक्रम का चौथा चरण 15 दिसम्बर से : एजाज



पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का चौथै चरण का कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम 15 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक विभिन्न जिलों में आयोजित किया जाएगा। बताया कि प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू के हस्ताक्षर से जारी किये गये नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी के कार्यक्रम की सूचना सभी जिला अध्यक्ष को भेज दी गई है और उसी अनुसार जिन जिलों में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है, तैयारी चल रही है। पार्टी कार्यालय से जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ,उसी के अनुसार तैयारी की जा रही है। इस इस संबंध में जानकारी देते हुए एजाज अहमद ने आगे बताया कि 15 दिसम्बर को सुपौल , 16 दिसम्बर को सहरसा , 17 दिसम्बर को मधेपुरा , 18 दिसम्बर को अररिया ,19 दिसम्बर को किशनगंज, 20 दिसम्बर को पूर्णिया /पूर्णिया महानगर, 21 दिसम्बर को कटिहार , 22 दिसम्बर को भागलपुर /भागलपुर महानगर एवं नौगछिया संगठन जिला में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। यह भी बताया कि आगे का कार्यक्रम की सूचना बाद में दी जाएगी।

## नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2025 में भी होगी एनडीए की शानदार जीत : शाहनवाज



बिहार के विकास का पर्याय बन गए हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। बिहार के विकास का रथ रुकने वाला नहीं है। 2025 में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए शानदार जीत हासिल करेगी और बिहार का विकास कीर्तिमान गढ़ेगा। ये कहना है भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन का। सैयद शाहनवाज हुसैन ने मंगलवार को पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विधानसभा उपचुनाव में एनडीए ने बड़ी सफलता हासिल की और अब 2025 की तैयारी जोरों पर हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव में भी एनडीए की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने नीतीश कुमार के विकास को देखा है और उनका भरोसा सिर्फ और सिर्फ नीतीश कुमार हैं। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार की जनता बिहार के विकास की रफ्तार को डिरेल नहीं करना चाहती है इसलिए 2025 में वो अपार मतों से एनडीए की जीत सुनिश्चित करेगी।

## इंडी गठबंधन दो भागों में बंटने को तैयार:दिलीप



पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने राजद अध्यक्ष लालू यादव के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित महिला संवाद यात्रा पर दिए गए एक बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उनके बयान को हमलोग गंभीरता से नहीं लेते। पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा, लालू यादव बुजुर्ग हो गए हैं। वे क्या बोलते हैं, उन्हें भी खुद पता नहीं चलता। उन्हें कोई बात बोलने के पहले ध्यान रखना चाहिए। किसी को भी कुछ बोलने के पहले भाषा पर नियंत्रण आवश्यक है। लालू यादव को पहले से ही यह आदत है। वे कुछ भी बोल देते हैं। उन्होंने कहा कि हमलोग उनके बयानों को गंभीरता से नहीं लेते हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने के लालू यादव के समर्थन दिए जाने पर कहा कि लालू यादव ने पहले ही तेजस्वी यादव को कोलकाता भेजा। अब समर्थन भी कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि यह मामला इंडी गठबंधन का अंदरूनी मामला है, लेकिन ये तय है कि इंडी गठबंधन दो भागों में बंटने के लिए तैयार है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा, इंडी गठबंधन में अंदर - अंदर खिचड़ी पक रही है और कुछ भी संभव है। क्योंकि सभी को लग रहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन आगे नहीं बढ़ सकता है।

## मंत्री श्रवण कुमार ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की मुलाकात

● ग्रामीण विकास विभाग संबंधित योजनाओं पर हुई चर्चा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने केन्द्रीय मंत्री ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से लोकसभा सचिवालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में भेंटकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित विभिन्न तथ्यों को रखते हुए इसके निराकरण की मांग किया गया। इस मुलाकात के दौरान मंत्री के साथ नालन्दा लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित सांसद कौशलेन्द्र कुमार जी भी उपस्थित रहें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य को 2.43 लाख आवासों का लक्ष्य प्राप्त है। प्राप्तर लक्ष्य से आवास प्लस सूची के आधार पर निर्मित प्रतीक्षा सूची से योग्य लाभुकों को आवास का लाभ दिया जा रहा है। योजना की वर्तमान प्रतीक्षा सूची में राज्य में 11.1 लाख परिवारों का नाम शामिल है। इन परिवारों को शीघ्र आवास का लाभ दिये जाने हेतु मंत्री श्रवण कुमार ने केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान राज्य को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में अतिरिक्तव लक्ष्य उपलब्ध कराने हेतु उनसे अनुरोध किया। केन्द्रीय मंत्री द्वारा राज्य को इस वित्तीय वर्ष में 5.5 लाख अतिरिक्त लक्ष्य दिये जाने का बात कही गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजनान्तर्गत अतिरिक्त लक्ष्य प्राप्त होने से प्रतीक्षा सूची में शामिल योग्य परिवार शीघ्र आवास का लाभ पायेंगे। साथ ही प्रतीक्षा सूची को शून्य करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इससे उन परिवारों को पक्के घर का सपना साकार होगा। इससे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सभी को आवास के सपने को साकार करने में केन्द्र सरकार का भी विशेष योगदान मिल रहा है।

## भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना।

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–14 वर्ष–2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–1 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 17.12.2024 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 18.12.2024 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 18.12.2024 (3:30 बजे अपराहन्)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना। 2. विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल दक्षिण बिहार, पटना। 3. सहायक विद्युत अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अवर–प्रमंडल सं0–2, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि 2% | परिणाम विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | S/R with A/A to E.W and E.I for Mainbuilding Qtr. No -3 Vidyapati margBehind Patna musum at Patna. | 530,708 | 10700 | 1,250 | 15 Days |
| 2 | Patch & Repl. work to EI in main building, out house at 3 No desh ratan margPatna | 450000 | 9000 | 750 | 15 Days |
| 3 | S/R to EI in garden light with Patch& Repl. work to EI in main building,out house at 3 No deshratna marg patna | 1050000 | 21000 | 2500 | 15 Days |
| 4 | S/R with A/A to E.I Computer Networking, Telephone Wiring & SITC of Split AC in Room No -210 & 211 at Second Floor at Vikash Bhawan, Patna | 776444 | 15500 | 1250 | 15 Days |
| 5 | Repl. And Patch work with addition& alteration to EI in State guesthouse old building Patna | 700000 | 14000 | 1250 | 15 Days |
| 6 | S/R to EI of Campus light and patchwork to EW & EI main building, outhouse campus and garden light at 26 Mstrand Rd Patna | 400000 | 8000 | 750 | 15 Days |
| 7 | S/R with addition and alteration to EI inlok sambad Bhawan at 01 No Annemarge Patna. | 700000 | 14000 | 1250 | 15 Days |
| 8 | S/R to EI in hall No.-01 of Nek SambadBhawan and S/L of 150 sq mm 3.5 coreAlum. armoured cable from feeder panelto Nek sambad panel at 1 No. anneMarg Patna | 700000 | 14000 | 1250 | 15 Days |
| 9 | S/R with addition & alteration to EI inhall No. 2 at nek sambad Bhawan at 1No anne mang Patna. | 400000 | 8000 | 750 | 15 Days |
| 10 | S/R with addtition & alteration to EIin Honble CM chamber, Sectt. chamberand Media Hall etc at nek sambadBhawan at 1 No Anne Marg Patna | 500000 | 10000 | 750 | 15 Days |
| 11 | S/R with addition and alteration to EI in 1No Deshratan Marg Patna. | 700000 | 14000 | 1250 | 15 Days |
| 12 | S/R to EI in Main building ,out housecampus & garden light in 12 Mstrand Rd Patna | 450000 | 9000 | 750 | 15 Days |
| 13 | S/r to EI in campus & garden lightwith Patch work to EI in Main building,out house and shed in the campus of 22M Strand Rd Patna | 600000 | 12000 | 1250 | 15 Days |
| 14 | Patch work to EI in Main building, outhouse , campus & garden light at 8M Strand Rd Patna | 400000 | 8000 | 750 | 15 Days |
| 15 | Patch work to EI in Main building, outhouse campus and garden light at 9 Mstrand RD. Patna. | 530000 | 10600 | 750 | 15 Days |
| 16 | S/R to EI in campus light and gardenlight at 10 M strand Rd Patna. | 750807 | 15100 | 1250 | 15 Days |
| 17 | S/R with addition & alteration to EI inwest side of Qtr No. 6A circular Rd.Patna | 1400752 | 28100 | 2500 | 15 Days |
| 18 | S/R with addition and alteration to E.I ineast side of Honble CM chamberseeretary chamber meeting hall etc. inBihar Vikash Mission building at 6 ACircular Road, Patna | 1400000 | 28000 | 2500 | 15 Days |
| 19 | S/R of Geneartor Cable S/R of officebuilding &Mandap (kutiya) along withPatch work at office buildign at 10 No.Circuar Rd. Patna | 600000 | 12000 | 1250 | 15 Days |
| 20 | Estt. For Repl. Of main panel board withS/L of armoured cables for main buildingpanel at 10 no circular Rd. Patna. | 1000000 | 20000 | 1250 | 15 Days |
| 21 | S/R to EI in out house , police barrackand Patch work in campus & garden lightin 12 No circular Rd Patna | 500000 | 10000 | 750 | 15 Days |
| 22 | S/R to EI in campus & garden lightand Patch work to EI in main building ,out house at 13 no circular Rd Patna. | 450000 | 9000 | 750 | 15 Days |
| 23 | S/R to EW & EI of campus &garden light at 1 no strand rd patna. | 950000 | 19000 | 1250 | 15 Days |
| 24 | S/R to EW and EI of campus &garden light at 2 no strand rd patna. | 950000 | 19000 | 1250 | 15 Days |
| 25 | Repl. & Patch work of main building jantaDarbar staff qtr. Cow shed police barrackat 2 no strand rd patna | 450920 | 9100 | 750 | 15 Days |
| 26 | S/R of cow shed Garage out houseadditional & garden light at 3 nostrand Rd Patna | 550333 | 11000 | 1250 | 15 Days |
| 27 | S/R with addition & alteration to EI inresidential office 6 no Strand Rd Patna. | 600000 | 12000 | 1250 | 15 Days |
| 28 | S/R with addition & alteration to EI ofcampus light at 6 No strand Rd patna | 1100200 | 22000 | 2500 | 15 Days |
| 29 | Patch work to EI of Monitoring cell in thecampus of 6 no strand Rd. Patna. | 400000 | 8000 | 750 | 15 Days |
| 30 | S/R to EI of campus & garden lightand Patch work to EI in Main building,out house, office &police barrack withS/L of Armoured cable at 11 no Strand Rd Patna | 900000 | 18000 | 1250 | 15 Days |
| 31 | Patch & replacement to EW &EI inbuilding with service cable andcampus etc in Premchand Rangshala at Rajendra nagarPatna | 450000 | 9000 | 750 | 15 Days |
| 32 | S/R to EW & EI in boys shed, girlshed, open shed, simulator hall,library etc in NCC CampusRajendra nagar Patna | 875000 | 17500 | 1250 | 15 Days |
| 33 | patch work in main buildingGarden and campus light at RajBhawan, Patna | 800000 | 16000 | 1250 | 15 Days |
| 34 | replacement of damage cableof Campus/ Road/ Garden lightin Nouth west side Mainbuilding in the premises of RajBhawan Patna | 1200000 | 24000 | 2500 | 15 Days |
| 35 | S/R to E/W & E/I inHospital building in thepremises at Raj bhawan patna | 375000 | 7500 | 750 | 15 Days |
| 36 | S/R to E/W & E/I in Qtr N0-36,105,55,71,53,42,and at RajBhawan Patna | 585756 | 11800 | 1250 | 15 Days |
| 37 | Addition & Alteration toE.W & E.I in room No.1,2,3,7,8,9,10,11,12 at 2nd floor main building Rajbhawan, Patna. | 1425578 | 28600 | 2500 | 15 Days |
| 38 | Provision of 200W LED floodlight in Mango orchard nearElectric sub -station in thepremises at Rajbhawan, Patna. | 635248 | 12700 | 1250 | 15 Days |
| 39 | Supply of necessary electricalgood for Rajbhawan. | 1450000 | 29000 | 2500 | 15 Days |
| 40 | S/R with A/A to E/W & E/Ifor economic offernce unit officeS.K Path at patna | 500000 | 10000 | 750 | 15 Days |
| 41 | S/R with addition and alteration ofcampus security light in thecampus of Vikash Bhawan, Patna | 767807 | 15400 | 1250 | 15 Days |
| 42 | Supply and laying LT cable forsale tax dept. at Vikash Bhawan,Patna | 1102828 | 22100 | 2500 | 15 Days |
| 43 | Renovation of E/W and E/I RoomNo. -308 and 309 Vikash Bhawan,Patna | 451000 | 9100 | 750 | 15 Days |
| 44 | Renovation of E/W and E/I inRoom No. -180,181, VikashBhawan, Patna | 435000 | 8700 | 750 | 15 Days |
| 45 | S/R with addition and Alteration toEI in PGRO (Public grivances Redressal office) 6th floor, Road section 30 and cubical Area 4thfloor BAPEPS (Bihar Apda Punarwas Evam punar nirman society) office of Vishweshwariya Bhawan, Patna | 510227 | 10200 | 1250 | 15 Days |
| 46 | Maintance work of electricalwiring and electrical installation in common Area of different building(G+7) Vishweshwaraiya Bhawan,Annexy building,Technology Bhawan and PHED building inthe campus of Vishweshwaraiya Bhawan, Patna | 483606 | 9700 | 750 | 15 Days |
| 47 | S/R with addition and alterationcomputer point and power pointwiring in Rural Works dept. on 6thfloor of west side ViswesHwaraiyaBhawan, Patna. | 521442 | 10500 | 1250 | 15 Days |
| 48 | Replacement of damage HTcable of Visweshwariya BhawanPatna. | 520214 | 10400 | 1250 | 15 Days |
| 49 | S/R with addition and alteration ofE.I in Minister chamber, Antiroom, Waiting lauge and office ofRWD Dept. 5th floorVishweshwariya a Bhawan, Patna. | 462025 | 9300 | 750 | 15 Days |
| 50 | Renovation of E/W and E/Including computer wiring in workstation, down lighter , AC wiring inHall No.-219A Vikash Bhawan,Patna. | 470000 | 9400 | 750 | 15 Days |
| 51 | S/R to electrical wiring andelectrical installation in RoomNo. -344, third floor VikashBhawan, Patna. | 421733 | 8500 | 750 | 15 Days |
| 52 | S/R with E/W & E/I in RoomNo.330A Health Dept. in VikashBhawan, Patna. | 510000 | 10200 | 1250 | 15 Days |
| 53 | electrical wiring and cable for allfour lift (24x7) and DB atVishweshwariya Bhawan, Patna | 355000 | 7100 | 750 | 15 Days |
| 54 | S/R to E/W and E/I in meetingHall second floor Industry dept.Vikash Bhawan, Patna. | 519000 | 10400 | 1250 | 15 Days |
| 55 | Renovation to E/W & E/I inR.No. -323 minor irrigation dept.Vikash Bhawan, Patna | 445000 | 8900 | 750 | 15 Days |
| 56 | Replacement and wiring of allburnt tube light recess fittirng anddown lghter in all corridor,bathroom, stair in VikashBhawan, Patna | 800000 | 16000 | 1250 | 15 Days |
| 57 | Addition and Alteration to E/Wand E/I in different room andCoridoor etc. in ExciseDepartment at Vikash Bhawan,Patna | 415291 | 8300 | 750 | 15 Days |
| 58 | S/R with A/A to E.I in Bathroom,Passage and Stair Ground floor,1st, 2nd. 3rd floor at SuchanaBhawan, Patna | 400000 | 8000 | 750 | 15 Days |
| 59 | S/R with A/A to E.I in PublicGrievance Center andVerandaha, Replacement ofPanel of Ground floor at SuchanaBhawan, Patna | 825881 | 16600 | 1250 | 15 Days |
| 60 | Supply & Fixing of Fittings /Fixtures including cable in BiharHuman Rights Commission (G+1)in the Campus of SuchanaBhawan, Patna | 625410 | 12500 | 1250 | 15 Days |
| 61 | S/R with A/A of E/W and E/I in 3rdfloor of west side atVishweshwaraiya Bhawan, Patna | 410000 | 8200 | 750 | 15 Days |
| 62 | S/R with A/A to E.I in informationand public relations department1st floor at suchana BhawanPatna | 1195321 | 23900 | 2500 | 15 Days |
| 63 | Replacement of Fitting/ Fixture& Fan and S/R of 2 Nos. Hallin information and PublicRelations Department 2nd floor atsuchana bhawan Patna | 655421 | 13100 | 1250 | 15 Days |
| 64 | Shifting of Outdoor unit of VRF/VRV AirConditioning at East SideVishweshwraiya Bhawan, Patna | 1,000,000 | 20000 | 1,250.00 | 15 Days |
| 65 | S/R with A/A to E/W and E/I for Mainbuilding, Staff Room, in Qtr no -2Vidyapati Marg Back Museum Road,Patna | 405,810 | 8200 | 750.00 | 15 Days |
| 66 | patch work to E/W and E/I in D.Mresidence Patna | 900,000 | 18000 | 1,250 | 15 Days |
| 67 | S/R with A/A to E/W and E/I for Mainbuilding and staff room in Qtr. No. -1Vidyapati Marg Behind Patna Museumat Patna | 563,202 | 11300 | 1,250 | 15 Days |
| 68 | S/R with A/A to E/W and E/I in DRCCbuilding chhajjubag at Patna | 450,000 | 9000 | 1,250 | 15 Days |
| 69 | patch work with cable replacement inGandhi Maidan Patna | 650,557 | 13100 | 1,250 | 15 Days |
| 70 | S/R to EI WITH ADDITION ANDALTERATION IN Q. NO.6(OFFICERFLAT) CHAJJUBAGH | 449,000 | 9000 | 1,250 | 15 Days |
| 71 | Renovation of E/I in the flat No.03,04,05,06,07,and 08 (Gr. floor)with Court room at Transit Hostel,Patna | 1390774 | 27900 | 2500 | 15 Days |
| 72 | S/R with A/A to E.I in Main buildingand Garden light of 2 No southBailey road Patna | 491000 | 9900 | 1250 | 15 Days |
| 73 | S/R to additional and alteration toE.W and E.I for main building staffroom shed and garden light in qtr.No-.9 South Bailey Road at Patna. | 405000 | 8100 | 750 | 15 Days |
| 74 | Replacement of Damaged E/W andE/I in 07 No. BCP Marg, Patna. | 400000 | 8000 | 750 | 15 Days |
| 75 | Replacement of Damaged E/W andE/I in 05 No. main building , outhouse garden and campus BCPMarg, Patna. | 525000 | 10500 | 1250 | 15 Days |
| 76 | S/R to main buiding , campus light ,out house at 10 No. South BaileyRoad, Patna. | 800000 | 16000 | 1250 | 15 Days |
| 77 | S/R with addition and alteration toE.W and E.I in main building , outhouse , staff romm , campus andgarden light in the campus in 06 No.BCP Marg, Patna. | 1200000 | 24000 | 2500 | 15 Days |
| 78 | S/R with A/A to EW & EI in Southbihar circle BCD, ground floor atPunaichak Patna. | 975000 | 19500 | 1250 | 15 Days |
| 79 | S/R with A/A to EW & EI indifferent joint secretry chamber,Palna ghar, library etc in Examinationbuilding at BPSC bailey road Patna. | 605000 | 12100 | 1250 | 15 Days |
| 80 | S/R with A/A to EW & EI inSheds, guard room, strong room, UG tank etc in campus of BPSC baileyroad Patna. | 920000 | 18400 | 1250 | 15 Days |
| 81 | S/R with A/A to EW & EI forPower Main Panel in ground floor at Niyojan bhawan bailey road Patna. | 1495000 | 29900 | 2500 | 15 Days |
| 82 | Patch & replacement to EW& EI with garden,campus lt in Qrno - 27/10 at bailey road patna | 360300 | 7200 | 750 | 15 Days |
| 83 | S/R to EW & EI in Main buildingof Qr no - 24/10 at bailey road patna | 525000 | 10500 | 1250 | 15 Days |
| 84 | S/R with A/A to EW & EI in OldBuilding(Mandar bhawan) 1st floorNorth Side at BPSC bailey road Patna. | 800000 | 16000 | 1250 | 15 Days |
| 85 | Patch & Replacement in Newbuilding and examination building atBPSC bailey road Patna. | 680000 | 13600 | 1250 | 15 Days |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 14283 ( B C D ) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, बुधवार, 11 दिसंबर, 2024



# बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर अत्याचार मानवाधिकार का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन

## बांग्लादेश में मानवाधिकार संकट को समाप्त करने के लिए संतुलित दृष्टिकोण तथा वैश्विक सहयोग की आवश्यकता

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई:-मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कुमार कालिका मेमोरियल महाविद्यालय के व्याख्यान हाल में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर अत्याचार और मानवाधिकार विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने की। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में डॉ.गौरी शंकर पासवान ने कहा कि मानवाधिकार प्राकृतिक अधिकार है, जो प्रकृति या ईश्वर के द्वारा हर इंसान को निःशुल्क प्रदान किया गया। मनुष्य मानवाधिकार के साथ ही जन्म लेता है। यदि कोई संस्था अथवा देश या व्यक्ति मानवाधिकार का उल्लंघन करता है तो यह ईश्वरीय व प्राकृतिक नियमों का उल्लंघन है। मानवाधिकार के लिए किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होती,बल्कि इसके लिए केवल मानव होना ही काफी है। स्वतंत्रता मानवाधिकार की आत्मा है। मानवाधिकार का संरक्षण शांति की कुंजी है। अधिकार पाना हर इंसान का जन्म सिद्ध हक है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर अत्याचार करना मानवाधिकार का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन है। अतः मानव अधिकार का सम्मान और




सुरक्षा हर इंसान, राष्ट्र एवं संस्था का पुनीत कर्तव्य है। बांग्लादेश में मानवाधिकार संकट को खत्म करने के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण और वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है। विशेष कर संयुक्त राष्ट्र संघ और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों की सार्थक भूमिका जरूरी है। बांग्लादेश में धर्म के नाम पर खेल हो रहा है। हिंदुओं का खून बहाया जा रहा है। मानवता शर्मसार हो रही है। हिंदू अल्पसंख्यकों की चीखें सत्ता में बैठे यूनुस सरकार के बहरे कानों तक क्यों नहीं पहुंच रही हैं ? कहते हैं कि जहां धर्म का खेल होता है वहां इंसानियत हार जाती है। कहा गया है - नारी हो या नर सब हैं सामान, न कोई छोटा न कोई महान यही है मानवाधिकार का गान। जात-पात का बंधन तोड़ो, नफरत की दीवारें तोड़ो। प्यार और भाई चारे का गान,यही है मानवाधिकार का सम्मान। नहीं हो हिंसा नहीं हो दंगा, हर कोना बने प्रेम का गंगा। जीवन में शांति का बसेरा हो, हर दिल में मानवता की डेरा हो। जो भी हो बांग्लादेश में हिंदू संकट का निराकरण होना बहुत जरूरी है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हस्तक्षेप आवश्यक है। प्रो. देवेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि बांग्लादेश में मानवाधिकार संकट गहरा चुका है। वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर बढ़ता अत्याचार और हमले मानवाधिकार की अनदेखी है। बांग्लादेश में हिंदु मंदिरों और पूजा स्थलों पर हमले अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का सवाल बड़ा है। अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा, धार्मिक कटरता व असहिष्णुता का बढ़ता संकट का समाधान आवश्यक है। प्रो सरदार राम ने कहा कि मानवाधिकार का संरक्षण बहुत आवश्यक है। मानव के अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ पशुओं के अधिकारों की रक्षा और सम्मान जरूरी है। बांग्लादेश में हिंदू धर्मांतरण, हिंदू महिलाओं पर अत्याचार एक गंभीर समस्या है। बांग्लादेश में विशेषकर हिंदुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों के मानवाधिकार की रक्षा करने में यूनुस सरकार विफल है। यूएनओ को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए। डॉ. सत्यार्थ प्रकाश आज मानवाधिकार एवं पशु अधिकार दिवस है। मनुष्य की तरह ही पशुओं के भी अधिकार हैं जिनकी रक्षण और सम्मान जरूरी है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर होने वाले अत्याचारों की घटनाएं बढ़ती जा रही है। हिंसा, धार्मिक भेदभाव, हिंदू, महिलाओं का अपहरण , बलात्कार व अन्य अपराध जटिल और भयावह समस्या का रूप ले चुका है। इस पर नियंत्रण जरूरी है। प्रो. कैलाश पंडित ने कहा कि मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर 1948 से ही मनाया जा रहा है। फिर भी मानवाधिकार रुक नहीं पा रहा है। बांग्लादेश में मानवाधिकार का हनन चरमोकर्त्स पर है। बांग्लादेश के यूनुस सरकार को अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाने की जरूरत है। धर्म और जाति के नाम पर हिंसा को रोकने के लिए तत्काल और प्रभावी कारवाई की जरूरत है,ताकि बांग्लादेश के हिंदू समुदाय को ही नहीं, बल्कि सभी अल्पसंख्यक समुदायों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिल सके। प्रो. अमोद कुमार सिंह ने कहा कि हर मानव और पशुओं के अपने अधिकार हैं। आज 10 दिसंबर को मानव अधिकार एवं पशु अधिकार दिवस है। बांग्लादेश की स्वतंत्रता संग्राम में हिंदुओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन 1975 में मुजीबुर रहमान की हत्या के बाद राजनीतिक परिदृश्य ही बदल गया। कट्टरपंथियों की ताकतें काफी बढ़ गई। यूनुस सरकार में हिंदू समुदायों पर जुल्म कर रहे हैं और यूनुस सरकार गूंगी बहरी बनी हुई है। इस चुप्पी की वजह से हिंदुओं के मानवाधिकार का खुलेआम हनन हो रहा है। मौके पर काफी संख्या में शिक्षक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व सांसद को लोगों ने दी दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि

जमुई [ झाझा ] बिहार के भूतपूर्व सीएम चंद्रशेखर सिंह की पत्नी पूर्व सांसद मनोरमा सिंह के आकस्मिक निधन होने पर मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में शोक सभा कार्यक्रम आयोजित किया जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष निमाई चंद्र मुखर्जी के द्वारा की गई। मौके पर हबीब उल्लाह अंसारी, उदयशंकर झा, विनय प्रसाद यादव, योगेन्द्र सिंह, अरुण सिंह, सुभाष कुमार यादव सहित अन्य उपस्थित लोगों ने पूर्व सांसद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया और पूर्व सांसद की जीवनी पर विचार प्रकट किया। लोगों ने बताया कि पहली बार मनोरमा सिंह ने बांका से 1984 में चुनाव लड़ी और सांसद बनी उसके बाद चंद्रशेखर सिंह के निधन के बाद वह बांका क्षेत्र से उपचुनाव में जीत दर्ज की। वे सांसद बनने के बाद कई ऐसे कार्य किया जिसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम होगी। उनके निधन से लोग काफी दुखी हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यो को लोग हमेशा याद करेंगे।

### एमएलसी ने बैठक कर पार्टी की मजबूती को लेकर किया चर्चा

जमुई [ झाझा ] एमएलसी लालमोहन गुप्ता चरघरा बाबुटोला गांव में भाजपा नेता बीके सिंह के आवास पर पहुंचकर पार्टी के साथियों के साथ बैठक किया। बैठक में भाजपा के नगर अध्यक्ष सूरज सिंह ,भाजपा नेता सुरेंद्र प्रसाद यादव ,विनोद यादव ,भैया लाल माथुरी , हेमंत सिंह , विजय अग्रहरी ,सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं बैठक में मौजूद रहे। मौके पर एमएलसी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव बिहार में होगा और एनडीए की सरकार फिर से बिहार में बनेगा इसलिए सभी पार्टी के पदाधिकारी, और कार्यकर्ताओं से एक ही बात कहना है कि पार्टी को मजबूती प्रदान करने के साथ साथ चुनाव की तैयारी में जुट जाए। एमएलसी ने आगे कहा कि हर गांव हर मुहल्ला में कार्यकर्ता जाए और देश के पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जाए रहे कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दे तथा देश को विकसित करने में जो कार्य किया जा रहा है उसके बारे में भी लोगों को अवगत करवाये। इसके लिए हर बूथ पर पार्टी के लोग अपनी जिम्मेवारी से पीछे न हटे और बूथ स्तर पर कार्य कर संगठन को पूरी तरह से मजबूत करे। बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर एमएलसी ने कई बिंदुओ पर उपस्थित लोगों के बीच चर्चा किया।

# सरकारी स्कूलों में मशाल प्रतियोगिता में पांच प्रकार के कराए जाएंगे खेल

प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। जिले के सरकारी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के तरह-तरह के कवायत किया जा रहे हैं। इस प्रकार शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में नामांकित छात्रों के बीच मशाल प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया है।ताकि छात्र-छात्राओं के बीच खेल प्रतिभा की खोज की जा सके। अंडर- 14 व अंडर-16 के छात्रों के बीच होने वाली प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा खेल छात्रवृत्ति योजना,प्रेरणा के तहत उच्च कोटि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। खेलेगा बिहार तो खिलेगा बिहार,खेलने से खिलने तक के सफर में मशाल प्रतियोगिता काफी कारगर हो सकती है। इसको लेकर राज्य परियोजना निदेशक योगेंद्र सिंह ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। बताया गया है कि जिन स्कूलों में खेल शिक्षक नहीं है,उन स्कूलों में अन्य शिक्षक जो खेल में रुचि रखते हैं,उन्हें नोडल बनाया जा सकता है। प्रतियोगिता के तहत छात्रों के बीच पांच प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत लंबी कूद,क्रिकेट,बॉल थ्रो,साइकलिंग, कबड्डी,फुटबॉल व वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी। ताकि छात्र- छात्राओं में इन खेलों के प्रति जागरूकता आ सके, तथा जिला स्तर,राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। 10 दिसंबर से 7 फरवरी तक का आठ चरणों का शेड्यूल जारी विभाग ने खेल कार्यक्रम की गतिविधियां 10 दिसंबर से 7 फरवरी तक का निर्धारित कर आठ चरणों का शेड्यूल जारी किया है। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता 7 से 9 जनवरी की आयोजन होगा। वही जिला स्तरीय प्रतियोगिता 4 से 7 फरवरी तक कराई जाएगी। पहले चरण में राज्य में 42 मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण होगा। इसके लिए 10 से 12 दिसंबर तक पाटलिपुत्र स्टेडियम में प्रशिक्षित किया जाएगा। दूसरे चरण में 16 से 18 दिसंबर तक जिलास्तरीय प्रशिक्षित को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक जिले के 10-10 शारीरिक शिक्षक व दो कंप्यूटर शिक्षक शामिल होंगे। राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद तीसरे चरण में शारीरिक शिक्षक व कंप्यूटर शिक्षक अपने जिले में 26 से 28 दिसंबर तक अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। चौथे चरण में 28 दिसंबर से 5 जनवरी 2025 तक रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर निबंधन किया जाएगा। पांचवें चरण में 7 से 9 जनवरी विद्यालय स्तर की प्रतियोगिता कराई जाएगी। छठा चरण में 15 से 17 जनवरी तक संकुल स्तर पर प्रतियोगिता डीईओ,बीईओ,बीडीओ की देखरेख में आयोजित की जाएगी। वही सातवें चरण में 20 जनवरी से 23 जनवरी तक प्रखंडस्तरीय प्रतियोगिता कराई जाएगी। जबकि डीएम,डीईओ व जिला खेल पदाधिकारी के मार्गदर्शन में आठवें चरण में 4 से 7 फरवरी तक जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। बता दें कि इस खेल गतिविधियों से छात्र- छात्राओं के बीच खेल के प्रति प्रतिभा जगेगी।

### 26 नवंबर को मिले अज्ञात शव का दस दिन के बाद हुई शिनाख्त

जमुई [ झाझा ] बीते 26 नवंबर को थानाक्षेत्र के सर्किल नंबर एक स्थित गंडो घाट के समीप अज्ञात एक युवक के मिले शव की पहचान 10 दिन के बाद पुलिस ने आखिरकार कर लिया है। पुलिस के द्वारा अज्ञात शव की पहचान को जुटी हुई थी तीन दिन तक पहचान नही हो पाने पर पुलिस ने शव को दफना दिया था लेकिन पुलिस अज्ञात शव की शिनाख्त को लेकर और मामले के उजागर को लेकर अपनी कोशिश जारी रखे हुआ था जिसके बाद शव की आखिरकार शिनाख्त हुआ। मृत युवक की पहचान थानाक्षेत्र के कावर गांव निवासी सहदेव यादव का छोटा पुत्र 31 वर्षीय अरुण कुमार यादव के रूप में हुई है। शव की शिनाख्त हो जाने पर पुलिस ने मृतक के परिजनों को जानकारी दी जिसके बाद मृतक के पिता एवं अन्य रिश्तेदार, ग्रामीण थाना पहुंचा।

# शॉर्ट सर्किट से बर्तन दुकान में लगी आग, लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई/ई०अलीगंज :- प्रखंड के अलीगंज बाजार स्थित मनोज बर्तन दुकान में रविवार की देर रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें लाखों की संपत्ति जल कर राख हो गया, बर्तन दुकान के संचालक मनोज कुमार की 7 दिसंबर की संध्या अपनी दुकान बंद कर के अपने घर पुरसण्डा गए थे,और अगले दिन 8 दिसंबर को मेरी तबियत खराब होने के कारण दुकान नहीं खोल पाये, परन्तु 9 दिसंबर सोमवार की सुबह 9 बजे अपनी दुकान का सेटर खोलें तो देखा की दुकान से धुआँ ही धुआँ निकल रहा,दुकान के अंदर गए तो दुकान का सारा सामान जलकर राख होगया, देख कर मेरी हालत खराब हो गई,मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था,अगल बगल के लोगों के संयोग से आग को बुझाया गया,ताम्बे की बर्तन सभी काली हो गई, वहीं इस दुकान के आगे मेरे पुत्र कुछ दिन पहले मोबाईल रेपरिंग का काम शुरू किया था उसका भी मशीन, मोबाइल कवर, काउंटर, रैक, बैटरी इन्वाइटर, सहित सभी सामान जलकर राख होगया,उन्होंने बताया की अगलगी मे लाखो की छती हुई है, लोगों के द्वारा 112 पुलिस को जानकारी दिया मौके पर पहुंच कर घटना का निरिक्षण किया, पीड़ित दुकानदार ने जानकारी देते हुए कहा की अगले साल भी अलीगंज हॉस्पिटल के बगल में जूते चप्पल की मेरा दुकान था उसमे भी भीषण आग लगी थी जिसमे पूरा सामान जलकर राख हो गया था, मेरी आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी, कर्ज लेकर दूसरा व्यवसाय बर्तन की दुकान किये थे,दूसरी बार मेरे साथ ऐसा घटना हुआ, किसका बुरा नजर लगा, इस घटना से दुकानदार सहित परिवार हताश मे है,वहीं पीड़ित दुकानदार ने इस घटना के सम्बन्ध मे थाने एवं अंचलधिकारी को आवेदन दिया गया।

# विधुत विभाग के द्वारा बिजली सम्बंधित समस्याओं को लेकर लगा शिविर

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई/ ई०अलीगंजः- प्रखंड में बिजली बिल एवं स्मार्ट मीटर सहित अन्य समस्याओं का समाधान को लेकर विधुत विभाग के निदेर्शानुसार तिथि अनुसार पंचायतों में बिजली संबधित शिकायतों के लिए कैम्प लगाया जा रहा ।जहाँ मंगलवार को अलीगंज प्रखंड के अंतर्गत कैथा पंचायत के डिहरी गाँव में कनीय विद्युत अभियंता शैलेश कुमार के नेतृत्व में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बिजली बिल, स्मार्ट मीटर, बिजली आपूर्ति,बिजली बिल में सुधार,नया कनेक्शन, कृषि कनेक्शन, खराब मीटर, गलत बिल आदि समस्याओं को लेकर विस्तृत जानकारी दिया गया,इस दौरान दर्जनों उपभोक्ताओं ने लिखित आवेदन दिया, कनीय विद्युत अभियंता शैलेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की इस शिविर का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें बिजली बिल संबंधी जानकारी प्रदान करना तथा अन्य जो भी बिजली की समस्या है उसको समाधान करना है, इस शिविर मे कई उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए उचित मार्गदर्शन दिया। जिसमे उपभोक्ताओं को बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान करने का सुबिधा एप्प के जानकारी सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली छूट की जानकारी दिया गया उन्होंने बताया की इस शिविर मे कई मामला उपभोक्तओं का ऑन द स्पोर्ट समस्या का निष्पादन किया गया, जिसमे दो कृषि कनेक्शन, तीन डोमेस्टिक कनेक्शन, सात बिजली बिल सुधार,किया गया और शिविर में लोगों को जागरूक भी किया गया कि स्मार्ट मीटर से बिजली की खपत पर बेहतर नियंत्रण कैसे हो सकता है और यह कैसे पारदर्शिता को बढ़ाता है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की उपभोक्ताओं की सहूलियत हेतु विभाग ने 9 दिसंबर से 14 दिसंबर तक पंचायत मे शिविर लगाया जा रहा है,जिसमे 9 दिसंबर कोल्हाना पंचायत, 10 दिसंबर कैथा पंचायत, 11 दिसंबर कोदवारिया, 12 दिसंबर आढ़ा पंचायत, 13 दिसंबर अवगिला चौरासा पंचायत, 14 दिसंबर सहोड़ा पंचायत मे कैम्प के माध्यम से बिजली समस्याओ का निष्पादन किया जायेगा,मौके पर कननीय विद्युत अभियंता शैलेश कुमार, फ्लू एंड ग्रिड पर्यवेक्षक राजीव रंजन. स्मार्ट मीटर पर्यवेक्षक धीरेन्द्र कुमार. धर्मेंद्र कुमार यादव. बिलिंग सुपरवाइजर गुलशन कुमार, स्मार्ट मीटर सुपरवाइजर प्रशांत कुमार,मीटर रीडर सुजीत कुमार सहित दर्जनों उपभोक्ता मौजूद थे

# ठंड आने के साथ ही हरी सब्जियों से सजा गिद्धौर बाजार

## स्थानीय गांवों से आने वाले हरी सब्जियों से बढ़ी रसोई की रौनक



- दो महीने से महंगी चल रही सब्जियों के भाव हुए लगभग आधे
- सब्जी के भाव कम होने से आम आदमी को मिली राहत

प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। सर्दियों के आगमन के साथ ही हरी सब्जियों से गिद्धौर बाजार सज गया है। साथ ही मंडियों में भी सब्जी के दामों में गिरावट शुरू हो गई है। महीने भर पहले 100 रुपए प्रति किलो तक बिकने वाली सब्जियां अब 40-50 रुपए प्रति किलो तक हो गई है। सब्जियों के सस्ता होने से अब एक बार फिर सर्दी के मौसम में रसोई का जायका पटरी पर लौटने लगा है। गिद्धौर बाजार के सब्जी विक्रेता नंदलाल के अनुसार सब्जियों के भावों में यह गिरावट लगभग दो माह बाद देखी गई है। सब्जियों के भाव कम होने की वजह इन दिनों सर्दी का मौसम और मंडियों में नई फसल की जबरदस्त आवक है। पतसंडा के वार्ड संख्या नौ से गिद्धौर के लॉर्ड मिंटो टावर चौक स्थित सब्जी लेने आए सुशांत साईं सुंदरम ने बताया कि सब्जी के भाव कम होने से आम आदमी को सर्दी के मौसम में बहुत राहत मिली है। पहले जिन सब्जियों के भाव 100 रुपए प्रति किलो चल रहा था, अब उनके भाव 40-50 रुपए प्रति किलो हो गए हैं। सुंदरम ने बताया कि अब केवल मटर, भिंडी, प्याज और लहसुन ही सबसे ज्यादा महंगा है। सब्जी विक्रेता सोनू ने कहा कि दो महीने से महंगी चल रही सब्जियों के भाव पिछले 10-15 दिनों से आधे हो गए हैं। रोजाना घरों में उपयोग होने वाली सब्जियों के रेट लगभग 50 प्रतिशत तक कम हो गए हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि सर्दी का मौसम आते ही सब्जियों की फसल की नई पैदावार अच्छी हो रही है। इससे मंडियों में सब्जियों की आवक भी तेज हो गई है। बाहरी मंडियों के अलावा स्थानीय गांवों से आने वाले हरी सब्जियों से बाजार और महिलाओं की रसोई की रौनक बढ़ गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मुंगेर की ओर से विश्व मानव अधिकार दिवस का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर । अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन जिला इकाई मुंगेर की ओर से माधव निवास सुभाष नगर मुंगेर में प्रदेश संयोजक आनंद कुमार उर्फ संजय की अध्यक्षता में विश्व मानवाधिकार दिवस दीप प्रज्वलित कर मनाया गया तथा मंच का संचालन जिला अध्यक्ष गिरिजा शंकर नलिन ने की प्रदेश अध्यक्ष ने मानवाधिकार के प्रचार प्रसार ग्रामीण स्तर से प्रारंभ करने का सभी सदस्यों को निर्देश दिया। जिला अध्यक्ष गिरजा शंकर नलिन ने मानवाधिकार के कार्यों का विस्तार से जानकारी दी जिसके तहत सामान्य लोगों को कानूनी जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही गैर कानूनी कार्य ,मजदूरों का शोषण, महिला उत्पीड़न, पुलिस द्वारा प्राथमिक की दर्ज नहीं किया जाना गैर कानूनी कार्य ठेकेदारी में बेईमानी आदि मामलों में संगठन हस्तक्षेप कर सकती है। उपाध्यक्ष शांति देवी ने कहा लोगों को इकट्ठा करना, जागरूक करके संगठन मजबूत किया जा सकता है। जिला संयोजक शम्मी कपूर ने संगठन को मजबूत बनाने को लेकर सदस्यता अभियान पर वल दिया। जिला न्यायिक सलाहकार निर्भय कुमार अधिवक्ता ने कहा डायन कह प्रताड़ना झूठे मामले, सरकारी दफ्तरों में हो रहे भ्रष्टाचार, शिक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, सरकारी अधिकारियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही, विद्युत आपूर्ति आदि मामलों की जानकारी दी। वंदना कुमारी ने कहा कि सदस्यों को अपने कर्तव्यों के निर्वाह के लिए अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं का निष्पादन के लिए प्रस्तुत करें ताकि संगठन द्वारा इसका निराकरण किया जा सके। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक द्वारा चंदन कुमार अधिवक्ता नए वार्ड संयोजक को सदस्यता ग्रहण करवा कर पहचान पत्र प्रदान किया गया। साथ ही साथ उन्हें संगठन के प्रति सदैव तत्पर रहने का दायित्व सोपा गया। इस अवसर पर नवनीत कुमार अधिवक्ता सह नगर संयोजक जमालपुर उत्तम कुमार अधिवक्ता पंचायत संयोजक सीता देवी वार्ड संयोजक संतोष कुमार पंडित अधिवक्ता आकाश कुमार अधिवक्ता श्वेता कुमारी नूतन कुमारी कुमारी अर्चना गौरीशंकर आदि उपस्थित हुए।

# नगर परिषद में 18 महीने से कोई विकास की योजनाएं संचालित नहीं हो पा रही है : सूत्र

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। नगर परिषद हवेली खड़गपुर के 25 वार्डों में 18 माह से विकास की योजनाएं संचालित नहीं हो पा रही है। जबकि नए बोर्ड का गठन किया जा चुका है इसके बावजूदभी नगर परिषद में आने वाले 25 वार्डो में विकास योजनाएं नहीं चलाई गई । इसका मुख्य कारण था की ठेकेदारी को लेकर वार्ड पार्षदों के बीच खींचातानी चल रही थी जो कि नवनिर्वाचित बोर्ड पार्षदों और पूर्व के कार्यपालक पदाधिकारी के बीच ताल मेल की समस्या बनी हुई थी। नगर परिषद कार्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी विशाल मोहन ने सभी समस्याओं का निष्पादन किया है पिछले सप्ताह ही नगर के 25 वार्ड में 3 करोड़ 62 लाख की योजनाओं की स्वीकृति मिल गई है।इस संबंध कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि कुल 27 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है इसमें लगभग तीन करोड़ 62 लाख रुपए खर्च होंगे।

# हवेली खड़गपुर फुटकर दुकानदारों के ठेला लगाने से प्रतिदिन जाम से नागरिकों को हो रही है परेशानी

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) मुख्य मार्ग हो या फिर शहर के किसी भी मार्ग पर फुटपाथी दुकानदारों का ठेला लगा यह आज हवेली खड़गपुर ही नहीं मुंगेर तारापुर संग्रामपुर असरगंज आदि शहरों के लिए यह आम बात हो गई है नगर निगम मुंगेर द्वारा जारी कार्यालय आदेश में यह भी निर्देश दिया गया है कि लिंक रोड पर ठेला या स्टॉल लगाने वाले फूट पाती दुकानदार अपने खेल या स्टॉल पर नगर निगम द्वारा जारी वेंडिंग कार्ड की छाया प्रति चिपक कर रखेंगे साथ ही वेदर कार्ड भी दुकानदार अपने पास रखेंगे जांच के दौरान वेदर के निबंधित नहीं पाए जाने अथवा मुख्य सड़क पर ठेला लगाने वाले फूट पाती दुकानदारों या स्टॉल धारकों का ठेला जप्त करते हुए उन्हें जुमार्ना देने की भी कार्रवाई की जाएगी इसी तरह खड़कपुर और तारापुर नगर परिषद और नगर पंचायत के में जाम की स्थिति जो बनी रहती है इसी तरह का नगर परिषद और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को भी आदेश अपने-अपने क्षेत्र में करना चाहिए दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने से नागरिकों को और वाहनों को सड़क पर चलना काफी मुश्किल हो गया है जिसके कारण कई इमरजेंसी रोगी एग्जाम से मुख्यालय तक जाने या फिर डॉक्टर के समीप तक जाने में काफी उन्हें देर होती है जिसके कारण उनकी मौत हो जाती है इस बात का एहसास फुटपाथ दुकानदारों को या ठेला लगाने वालों को नहीं होता है इसी तरह हवेली खड़गपुर के मार्गो पर भी कटरा पुल से लेकर अंबेडकर चौक तक फुटकर दुकानदारों द्वारा स्टॉल लगाने का सिलसिला प्रतिदिन जारी रहता है फल स्वरुप वाहनों के आवाजाही में तथा आदमी को चलने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है नागरिक कौन है मुंगेर के जिला अधिकारी और हवेली खड़कपुर और तारापुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से मांग की है कि इस जाम से निजात दिलाई जाए।

# रसायनिक यूरिया खाद के लिए व्यापार मंडल तारापुर में उपलब्ध किसानों की हो रही भारी भीड़

## दूसरे जिले बांका के लोग अपने सगे संबंधियों के आधार कार्ड पर उठा रहे हैं रासायनिक यूरिया खाद

- प्रातः 6 बजे से ही तारापुर असरगंज संग्रामपुर एवं बांका जिले से खाद के लिए पहुंचने लगते हैं किसान
- शाम 4:00 बजे तक किसानों की रहती है भारी भीड़

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर) मंगलवार को सुबह 6:00 बजे से ही व्यापार मंडल तारापुर पर असरगंज संग्रामपुर तारापुर सहित बांका जिले के महिला एवं पुरुष किसानों की भारी भीड़ रसायनिक यूरिया खाद लेने के भीषण कुहासा का परवाह किए बिना जमा हो जा रही है ।गौरतलब है कि क्षेत्र के पुरुष के साथ-साथ महिला किसान भी पौह फटते ही रसायनिक यूरिया खाद के लिए व्यापार मंडल तारापुर पर पहुंचने लगते हैं ।राज्य सरकार किसानों के प्रति इनके बेहतरी को लेकर समय-समय पर भरपूर मात्रा में निर्धारित मूल्य पर खाद बीज उपलब्ध कराने का चाहे लाख दावा कर ले ,पर जमीन पर हकीकत कुछ और ही बयां करती है। तारापुर क्षेत्र के किसानों को प्रत्येक वर्ष रबी फसल बुआई के समय भी रसायनिक यूरिया खाद एवं डीएपी के लिए काफी मारामारी करना पड़ा था । आज जब रब्बी फसल की बुआई शुरू है हुआ है तो विभिन्न तरह के रसायनिक यूरिया खाद लेने के लिए भी घर एवं खेती बारी का सारा काम छोड़ कर दिनों भर तारापुर में रहकर काफी जद्दोजहद का सामना किसानों को करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि व्यापार मंडल तारापुर में रसायनिक यूरिया खाद बाहर से आते ही किसान उसे खरीदने के लिए टूट पड़ते हैं ।जबकि लाइन में खड़े लगभग आधा से अधिक किसानों को जब रासायनिक यूरिया खाद नहीं मिल पाता है तो वे काफी निराश होकर शाम होने पर घर वापस लौट जाते हैं। रसायनिक यूरिया खाद लेने को लेकर व्यापार मंडल तारापुर आए किसानों में कर्मवीर भारती हरपुर, प्रकाश यादव खानपुर , जलधर यादव , नीतीश कुमार निराला खुदिया, ने खुलासा करते हुए बताया की तारापुर से अधिक रसायनिक यूरिया एवं डीएपी खाद बांका जिला के किसानों ने अपने तारापुर के विभिन्न गांवों के रिश्तेदारों के आधार कार्ड के माध्यम से रसायनिक यूरिया खाद ले रहे हैं ।वहीं तारापुर क्षेत्र के किसानों को बड़ी मुश्किल से 2 से 4 बोरी रसायनिक यूरिया खाद मिल पाता है। किसानों ने आगे कहा कि यहां जिला पदाधिकारी के द्वारा दिये गए सख्त हिदायत के बाद भी उनके आदेश का अनदेखी की जा रही है। इधर व्यापार मंडल के अध्यक्ष बिहारी लाल कुशवाहा ने मंगलवार को बताया कि क्षेत्र के सभी छोटे बड़े किसानों को खाद मुहैया कराया जा रहा है ।आगे कहा की किसानों को रसायनिक यूरिया खाद की कमी नहीं होने दिया जाएगा । प्रत्येक एक किसान को उनके आधार कार्ड पर एक बोरा रसायनिक यूरिया खाद दिया जा रहा है ।


# नगर विधायक ने श्री लेदर्स शो रूम का किया शुभारम्भ

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।स्थानीय नगर विधायक संजय सरावगी ने आज मिजार्पुर स्थित श्री लेदर्स के नये शोरूम का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने शोरूम के मालिक धीरेन्द्र श्रीवास्तव एवं अर्चना श्रीवास्तव को बधाई दी और उनके व्यापार में सफलता की कामना की। उन्होंने इस शोरूम को क्षेत्र की उभरती हुई व्यापारिक गतिविधियों के रूप में सराहा और कहा कि इससे न केवल रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। शोरूम में उच्च गुणवत्ता वाले चमड़े के उत्पाद उपलब्ध हैं, जो ग्राहकों को आकर्षित करेंगे। विधायक ने इस अवसर पर उपस्थित सभी स्थानीय नागरिकों से शोरूम का लाभ उठाने का आग्रह किया।इस अवसर पर शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जदयू का नगर अध्यक्ष बनाया गया बब्लू सिन्हा को

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] पार्टी में जुड़कर पार्टी के प्रति ईमानदारी पूर्वक किये गए कुशल कार्य को देखते हुए जदयू के जमुई जिलाध्यक्ष शैलेंद्र महतो के द्वारा झाझा नगर अध्यक्ष के पद पर बबलू कुमार सिन्हा को मनोनीत किया गया। नगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत होने के बाद बबलू कुमार सिन्हा ने अपने ऊपर सौंपी गई जिम्मेवारी को लेकर अध्यक्ष बबलू सिन्हा ने बिहार सरकार के मंत्री सुमित कुमार सिंह, पूर्व मंत्री सह वर्तमान क्षेत्रीय दामोदर रावत एवम जदयू जिलाध्यक्ष को साधुवाद किया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के द्वारा मुझे बड़ी जिम्मेवारी सौंपी गई है जिसका मैं हमेशा मयार्दा में रहकर पार्टी के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य लोगों के दिए जाने वाले निदेर्शानुसार कार्य को करूंगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए एक एक लोगों को सूबे के मुखिया और क्षेत्रीय विधायक के द्वारा क्षेत्र में किये गए विकास कार्यो की चर्चा करते हुए पार्टी का सदस्यता दिलावाने का कार्य करते हुए पार्टी को और भी मजबूत बनाया जाएगा। नगर अध्यक्ष के पद पर बबलू कुमार सिन्हा को मनोनीत किये जाने पर भाजपा नगर अध्यक्ष सूरज सिंह, बीस सूत्री सदस्य कंचन सिंह, योगेन्द्र रावत, कैप्टन विशाल राज, महेश बरनवाल, दिलीप रावत, शिव कुमार साव,अभिराम पासवान,शाहनवाज अंसारी, धर्मेंद्र पासवान, निरज कुमार राम, विक्रम कुमार रावत, सोनू कुमार, सहित सैकड़ो लोगो ने बधाई दिया।

# विधान सभा चुनाव में इंडी गठबंधन ने कोई करिश्मा नहीं दिखा सका

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



इंडी गठबंधन बनने के बाद राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और झारखंड में विधान सभा चुनाव हुआ, लेकिन विपक्ष ने कोई करिश्मा नहीं दिखा सका। इसका मतलब हुआ कि विपक्ष के गठबंधन में एकता नहीं है, क्योंकि कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों को चुनाव में तरजीह नहीं दिया है। इसी का परिणाम हुआ है कि विपक्षी पार्टियों ने कांग्रेस के साथ जहां जहां मिलकर चुनाव में अपने उम्मीदवार खड़ा किया वहां उन लोगों ने विपक्ष का ही वोट काटा है, जिसके कारण एनडीए को सीटों में बढ़त मिली। एकता का मूल मंत्र लगता है विपक्षी पार्टियां भूल रहा है और इसका थोपड़ा विपक्षी दलों के सहयोगी पार्टियां सीधे सीधे कांग्रेस पर फोड़ रही है, जबकि विगत वर्ष जुलाई महीने में बेगलुरु में मोदी सरकार और भाजपा के विरुद्ध विपक्षी गठबंधन इंडी बनाते समय मंच पर बैनर लगा था ह्ययूनाइटेड वी स्टैंडह्ल। ह्ययूनाइटेड वी स्टैंडह्ल का अर्थ होता है एकता में ही शक्ति है। लेकिन इंडी गठबंधन बनते ही गठबंधन के सूत्रधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपना पाला बदल लिया, फिर भी लोकसभा आम चुनाव 2024 में एनडीए को इच्छित बहुमत नहीं मिली। चार राज्यों जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव परिणाम में एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच बरावर-बरावर रहा। एनडीए को हरियाणा, महाराष्ट्र और इंडी गठबंधन को जम्मू-कश्मीर, झारखंड में बहुमत मिली। अगर सही ढंग से देखा जाए तो इंडी गठबंधन की उम्मीदों को जबर्दस्त झटका लगा है। हरियाणा और महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन की पराजय से ऐसा लगता है कि विपक्षी पार्टियां अपना ही सूत्र वाक्य भूल रहे हैं। महाराष्ट्र चुनाव के बाद सपा ने महायुति छोड़ने का ऐलान कर दिया है। वहीं महाराष्ट्र लोक सभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन इंडी ने एनडीए को 48 में से मात्र 17 सीटी पर ही समेट दिया था, लेकिन विधानसभा चुनाव परिणाम चौकाने वाले आए। देखा जाए तो, हरियाणा और महाराष्ट्र आर्थिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण राज्य हैं। लोकसभा चुनाव में हरियाणा में इंडी गठबंधन का टक्कर बराबरी की थी इसलिए हरियाणा और महाराष्ट्र के विधान सभा चुनाव में इंडी गठबंधन के लिए हार बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि इन दोनों राज्यों में इंडी गठबंधन को जीत का विश्वास था। इंडी गठबंधन बनने के बाद कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में हार देखी। इन तीनों राज्यों में कांग्रेस की हार के कई कारण होंगे, लेकिन सहयोगी दलों के उम्मीदवार को तरजीह नहीं देना भी एक कारण रहा। जम्मू- कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद एनडीए ने चुनावी माहौल बनाया था लेकिन परिणाम निराशाजनक रहा। वहीं झारखंड में हरसंभव कवायद करने के बावजूद एनडीए सत्ता की दहलीज के आसपास भी नही पहुंच पाई यह एनडीए के लिए चिंता का विषय है। फिर भी, एनडीए ने हरियाणा और महाराष्ट्र की जीत में जम्मू-कश्मीर और झारखंड की हार को बखूबी छिपा लिया, जबकि इंडी गठबंधन ने आपस में ही तलवार भांज रहे है। इंडी गठबंधन में राजनीतिक हितों के टकराव से बनीं गांठे पुरानी हैं, जिन्हें बड़ी राजनीतिक मजबूरी के गठबंधन छिपाने की कोशिश कर रही है।

# डिजिटल क्राइम से हो रहा मानवाधिकार उल्लंघन

समाज में बह रहे सूचनाओं के प्रवाह में हर दूसरी खबर मनुष्यता के अधिकारों के हनन से संबंधित होती है। यह समस्या एक देश, एक समाज एवं वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि विश्वभर में रह रहे हर मनुष्य के साथ जुड़ी हुई है। आज जो आर्थिक एवं डिजिटल तौर पर सक्षम है, वो सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक तौर पर कमजोर वर्ग को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। वैश्विक स्तर पर इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध एवं यूक्रेन व रूस युद्ध के मूल कारणों पर चर्चा की जाए तो मूल कारण नियंत्रण ही है। लेकिन इस नियंत्रणकारी नीति का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है, जो शायद पूरी तरह से युद्ध के कारणों व परिस्थितियों से रूबरू भी नहीं है। इस परिस्थिति में आम जनता के अधिकार विनाशकारी तरीके से रौंद दिए जाते हैं। यह कोई नई बात नहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के अत्याचारों ने मानव अधिकारों के महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अहम मुद्दा बना दिया था। इसी गंभीरता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को 10 दिसंबर 1948 को अपनाया था। इसलिए हर वर्ष यह दिन विश्व मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके अंतर्गत समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, भेदभाव से आजादी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भोजन का अधिकार आदि शामिल हैं जो व्यक्ति को समाज में हक एवं बिना किसी दबाव के जीने का अधिकार देते हैं। इस साल मानवाधिकार दिवस की थीम हमारे अधिकार, हमारा भविष्य रखी गई है। इसी के अंतर्गत डिजिटल सुरक्षा अधिकार को भी जोड़ा जाना चाहिए। भारत के संदर्भ में बात की जाए तो देश के संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन अधिकारों की अनुपालना व अवहेलना सब परिस्थितियों के हिसाब से हो रही है जो वाकई में चिंता का विषय है। वर्तमान में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए काम तो किया जा रहा है, लेकिन डेटा प्रोटेक्शन की कमी के कारण बढ़ती डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं ने मानवीय अधिकारों के भविष्य पर व्यापक चर्चा शुरू कर दी है। इस मुद्दे पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मन की बात कार्यक्रम में व्यापक चर्चा कर चुके हैं। डिजिटल अरेस्ट एक नया धोखाधड़ी करने का तरीका है जिसमें कोई अफसर बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से किसी भी धोखाधड़ी में फंसाकर रुपयों की मांग करता है। यह धोखाधड़ी शहरों से लेकर गांवों तक हर वर्ग में पहुंच चुकी है। हद तो तब हो गई जब पढ़ा-लिखा वर्ग भी डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो रहा है। अभी हाल में ही नोएडा में सेवानिवृत्त मेजर जनरल को उनके नाम पर भेजे गए पार्सल में ड्रग्स होने की जांच के नाम पर पांच दिन डिजिटल अरेस्ट रखकर दो करोड़ की ठगी, सोनीपत में सेवानिवृत्त अधिकारी को व्हाट्सऐप पर नकली वारंट भेजकर डिजिटल अरेस्ट कर सरकारी खाते बताकर 1.78 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। ये संख्या बहुत लंबी है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 2020 से 2024 तक 582000 केस के अंतर्गत 3207 करोड़ के धोखाधड़ी मामलों की जानकारी है, यानी कि कई हजार केस तो पंजीकृत या प्रकाश में ही नहीं आए। वर्तमान में रुपयों का लेन-देन काफी हद तक डिजिटल हो चुका है। ऐसे में साइबर अपराध के माध्यम से मानवाधिकारों को सुरक्षित करना बहुत बड़ी चुनौती बन चुका है। जहां वर्ष 2014 में देश में 25 करोड़ इंटरनेट यूजर थे, जो 2024 में बढकर 95 करोड़ हो चुके हैं। दुनिया भर के कुल डिजिटल ट्रांजैक्शन का 46 प्रतिशत वर्तमान में भारत में हो रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में ठगों की नजर सीधा बैंक खातों पर रहती है। हालांकि सरकार द्वारा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के तहत साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 और रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर जाकर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। लेकिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं और कितनी का निपटारा होता है, ये अपने आप में एक बहुत बड़ा सवाल है। आज के समय में डिजिटल तकनीक के माध्यम से मानवाधिकार हनन एक ज्वलंत मुद्दा है। इससे बचने का एकमात्र उपाय जागरूकता ही है। व्यक्तिगत तौर पर स्वयं भी और अपने आसपास साइबर अपराध से बचने के तरीकों को जानिए और बताइए सामाजिक स्तर पर फैल रही ज्वलंत फेक न्यूज, साइबर अपराध, सरकारी मशीनरी की जानकारी, कानून और विशेषकर ठगी होने पर शिकायत जरूर दर्ज करवाएं। सरकार को भी चाहिए कि टेलिकॉम ऑपरेटर और बैंकिंग सिस्टम को भी उपभोक्ताओं के निजी डाटा के प्रति जवाबदेह बनाएं ताकि अपराध होने पर ठगी करने वाला और जिस माध्यम से हो रहा है, दोनों को सजा दी जाए।

# टीबी उन्मूलन राष्ट्रीय स्वास्थ्य के लिए जरूरी

टीबी उन्मूलन के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए, इस योजना के तहत मासिक सहायता को नवम्बर 2024 से मौजूदा 500 से दोगुना करके 1,000 प्रति माह कर दिया गया है। एक और महत्वपूर्ण पहलू - टीबी मुक्त भारत अभियान ने न केवल पोषण की चुनौती का समाधान करने में मदद की है, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी बढ़ाया है। इस कार्यक्रम ने एक जन आंदोलन बनाने के लिए विभिन्न सामुदायिक हितधारकों को भी एकजुट किया है ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और टीबी रोगियों को पोषण, व्यावसायिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा सके।






श्री जगत प्रकाश नड्डा
लेखक

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से टीबी को खत्म करने का स्पष्ट आह्वान किया। उनके नेतृत्व में टीबी की देखरेख का एक नया मॉडल अपनाया गया और भारत ने पिछले कुछ वर्षों में टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए अनेक नये तरीके अपनाने का बीड़ा उठाया। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2024 के निष्कर्षों ने अब तक अपनाए गए चिकित्सकीय उपचार की प्रभावशीलता को स्वीकार किया। इसने 2015 से 2023 तक भारत में टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की - जो वैश्विक स्तर पर देखी गई गिरावट की दर से दोगुनी है। इतना ही नहीं, देश में 25.1 लाख रोगियों का निदान किया गया, जिससे देश में उपचार कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो 2015 के 59 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 85 प्रतिशत हो गई है। प्रधानमंत्री की कल्पना से प्रेरित होकर, 7 दिसम्बर को, भारत ने अपनी टीबी उन्मूलन णनीति में एक और परिवर्तनकारी कदम उठाया। सरकार ने टीबी से लड़ने की अपनी ोशिश में तेजी लाने के लिए पंचकूला से 100-दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया, जिसमें 347 ऐसे जिले शामिल थे जहां टीबी के मामले सबसे अधिक थे। यह पहल कमजोर आबादी तक सक्रिय रूप से पहुंचकर और उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करके हर टीबी रोगी की जल्द पहचान करने के हमारे संकल्प को मजबूत करती है। जनभागीदारी की सच्ची भावना में, हम सभी - निर्वाचित प्रतिनिधि, स्वास्थ्य चिकित्सक, नागरिक समाज, कॉरपोरेट और समुदाय - ने अभियान को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए सहयोग किया है। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सक्रिय सहयोग से, यह नया अभियान भारत की टीबी उन्मूलन यात्रा में एक और उपलब्धि साबित होगा। टीबी उन्मूलन के लिए भारत का सामाजिक दृष्टिकोण विस्तारित निदान प्रयासों को पूरा करने और टीबी रोगियों के पूर्ण स्वास्थ्य लाभ में सहायता करने के लिए, भारत ने पोषण सहायता योजना झ नि-क्षय पोषण योजना (एनपीवाई) की अवधारणा बनाई और उसे क्रियान्वित किया। अप्रैल 2018 से, हमने एनपीवाई के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 1.16 करोड़ लाभार्थियों को 3,295 करोड़ वितरित किए हैं। टीबी उन्मूलन के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए, इस योजना के तहत मासिक सहायता को नवम्बर 2024 से मौजूदा 500 से दोगुना करके 1,000 प्रति माह कर दिया गया है। एक और महत्वपूर्ण पहलू - टीबी मुक्त भारत अभियान ने न केवल पोषण की चुनौती का समाधान करने में मदद की है, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी बढ़ाया है। इस कार्यक्रम ने एक जन आंदोलन बनाने के लिए विभिन्न सामुदायिक हितधारकों को भी एकजुट किया है ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और टीबी रोगियों को पोषण, व्यावसायिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा सके। जन भागीदारी की भावना में सरकार और नागरिकों के बीच सामंजस्य ने देश भर में रोगियों को भोजन के 21 लाख पैकेट प्रदान करने के लिए 1.75 लाख नि-क्षय मित्रों को प्रेरित किया है। टीबी को खत्म करने के लिए नवाचार को बढ़ावा देना पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने उपचार की सफलता दर में सुधार के लिए बेडाक्विलाइन और डेलामैनिड जैसी नई दवाएँ पेश की हैं। दवा-प्रतिरोधी वैरिएंट वाले रोगियों के लिए उपचार पूरा करने में चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, हमने बीपीएएलएम-उपचार, जिसमें चार-दवा संयोजन शामिल हैं, को अपनाने की अनुमति दी है जो मौजूदा उपचारों की तुलना में अधिक प्रभावी है। जबकि हमारे पास पारंपरिक 19-20 महीने के उपचार के साथ-साथ 9-11 महीने का छोटा उपचार उपलब्ध है, बीपीएएलएम उपचार के साथ रोगी अब केवल छह महीने में उपचार पूरा कर लेंगे! हमने लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सभी रोगियों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनका इलाज करने के लिए जमीनी स्तर पर उन्नत उपकरण उपलब्ध हों। इसे सक्षम करने के लिए, हमने अधिक कुशल और सटीक निदान उपकरण झ मौलीक्यूलर परीक्षण किए। 2014-15 में कुछ सौ मशीनों से, अब हमारे पास सभी जिलों में 8,293 मौलीक्यूलर निदान मशीनें उपलब्ध हैं। वास्तव में, ह्यमेक इन इंडिया पहल से प्रेरणा लेते हुए, स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों का क्षेत्र- परीक्षण किया गया है और उन्हें शुरू किया गया है। हम न केवल जिला और ब्लॉक स्तर पर टीबी का पता लगाने में लगने वाले समय को कम करने में सक्षम हुए हैं, बल्कि परीक्षण और उपचार की लागत में भी भारी कमी ला सके हैं। हमारे स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मंजूरी मिल चुकी है और दुनिया भर में उनका उपयोग किया जा रहा है। इन पहलों ने भारत को वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में एक सच्चे नेता के रूप में स्थापित किया है। हमें इस बात पर भी गर्व होना चाहिए कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) 2018 1 से लगातार दुनिया भर में टीबी अनुसंधान के शीर्ष सार्वजनिक वित्तपोषकों में से एक रहा है। हम मरीज के नजदीक किए जाने वाले अधिक कुशल चिकित्सा परीक्षणों सहित नए उपकरण तेजी से विकसित करने और उन्हें पेश करने के लिए निवेश करना जारी रखेंगे। भविष्य के बारे में सोचना टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने और त्वरित तरीके से सिद्ध तकनीकों को उपलब्ध कराने में इसके नेतृत्व का प्रमाण है। अग्रणी अनुसंधान से लेकर उन्नत निदान और उपचार तक, सार्वभौमिक सामाजिक सहायता प्रावधानों की शुरूआत तक, भारत वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में सबसे आगे है। समय की मांग है कि टीबी की पहचान, निदान, उपचार और रोकथाम में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। तीव्र 100-दिवसीय अभियान टीबी को खत्म करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ, हम मानवता के इस महान दुश्मन को हरा देंगे और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे।

# क्यों किसी को सुने तत्काल सुप्रीम कोर्ट?

सीजेआई संजीव खन्ना साहब के इस निर्णय से प्रभावित होने वाले कुछ भी सोचने के लिए स्वतंत्र है। वे इस फैसले को जन विरोधी भी बता सकते है। उसका समर्थन भी कर सकते है। मौन भी रह सकते है। अदालत शायद इसका बुरा नहीं मानेगी और तत्काल इसे अवमानना का मामला भी नहीं मानेगी। वैसे आपको याद रखना चाहिए की हमारे देश का सर्वोच्च न्यायालय किसानों के मामले में सरकार को और सरकार के मामले में किसानों को भी लताड़ चुका है अवधि के समान समय है। बहरहाल बात किसानों की है।





राकेश अचल
लेखक

दुनिया में हर कोई चमड़े का सिक्का चलाना चाहता है, फिर चाहे वो कोई राष्ट्रपति हो, प्रधानमंत्री हो या अतीत का कोई सम्राट, कोई तुगलक या कोई और। सब जानते हैं कि जिंदगी न मिलेगी दुबारा। देश के मुख्यन्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने भी सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई की आदिकालीन व्यवस्था पर रोक लगकर यही सब किया है। उन्होंने किसानों के मुद्दे को भी तत्काल सुनने से इंकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से असंख्य लोग निराश होंगे। मै भी इन्हीं में से एक हूँ। सुप्रीम कोर्ट हर तरह से सुप्रीम है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा कुछ मामलों की तत्काल सुनवाई पर लगाईं रोक से पहले सुप्रीम कोर्ट ने अनेक मामलों को तत्काल सुना है। कोर्ट आधीरात को भी खुला है और अवकाश के दिनों में भी। लेकिन ये सब मुख्य न्यायाधीश के पद पर आसीन व्यक्ति के ऊपर निर्भर रहता है कि वो किस तरह की व्यवस्था से न्याय का रास्ता प्रशस्त करे। तत्काल सुनवाई को लेकर मत भिन्नता हो सकती है। अपवादों को छोड़कर साम्य तौर पर सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई नहीं होना चाहिए क्योंकि माननीय सुप्रीम कोर्ट में लाखों मामले हैं जो कम से कम पांच साल से लंबित है। पहले इन्हें सुना जाना चाहिए, लेकिन देश में कभी-कभी ऐसे मुद्दे और मामले भी आते हैं जब उन पर तत्काल सुनवाई और फैसले जरूरी माने जाते हैं। लेकिन अब ये रास्ता फिलहाल बंद कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में समदृष्टि रखता है। उसने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले को भी तत्काल सुनने से इंकार किया था और अब किसानों के आंदोलन को देखते हुए किसानों के मामले में भी तत्काल सुनवाई से इंकार कर दिया है। अपने अधिकारों के लिए पिछले चार साल से आंदोलनरत किसान कोई 700 किसानों की बलि दे चुके हैं किन्तु उनके मामले को सुप्रीम कोर्ट यदि तत्काल सुनवाई के लायक नहीं समझता तो ये किसानों का दुर्भाग्य है, सुप्रीम कोर्ट का नहीं। देश में किसी किसान का बेटा शायद अब तक मुख्य न्यायाधीश की कुर्सी तक नहीं पहुंचा है अन्यथा उनके मामले को तत्काल सुनने से इंकार नहीं किया जाता। इस सर्वोच्च पद पर पहुँचने के लिए भी विरासत चलती है। आपके पिता, चाचा या और कोई रिश्तेदार यदि न्यायिक सेवा में रहे हैं तभी आपको यहां तक पहुँचने का रास्ता मिलता है।

आपको बता दें कि जिस तरह से दुनिया में हमारा लोकतंत्र सबसे पुराना है उसी तरह हमारी सर्वोच्च अदालत भी दूसरे देशों की अदालतों के मुकाबले सर्वशक्तिमान है। इसके पीछे कई कारण हैं.भारत की 73 साल पुरानी अदालत कार्यकारी अधिनियमों, संसदीय कानूनों और संविधान में संशोधन को रद्द कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के कोई तीन दर्जन न्यायाधीश लगभग 70 हजार अपीलों और याचिकाओं का भार संभालते हैं और हर साल लगभग एक हजार फैसले देते हैं। एक पुराना आंकड़ा है कि नवंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट में 40 फीसदी मामले पाँच साल से अधिक समय से लंबित थे, जबकि आठ फीसदी दूसरे अन्य मामले 10 साल से अधिक समय से लंबित थे. साल 2004 में पाँच साल से अधिक समय से लंबित मामले सात फीसदी थे। मामलों को ट्रायल कोर्ट में शुरू होने से लेकर सुप्रीम कोर्ट के निपटारे तक औसतन लगभग 13 साल और छह महीने लग गए. इस दौरान शीर्ष अदालत की कार्यवाही में कुल समय का एक तिहाई समय लगा जो न्यायपालिका के प्रत्येक स्तर पर औसत अवधि के समान समय है। बहरहाल बात किसानों की है। किसानों के मामले पर तत्काल सुनवाई से इंकार करने से किसान भले ही विचलित हों लेकिन केंद्र सरकार ने तो सचमुच राहत महसूस की होगी। माननीय अदालत ने कहा है की उसके पास पहले से किसानों कि मामले में जनहित याचकाएँ लंबित हैं। इसलिए किसी नई याचिका पर तत्काल कोई सुनवाई नहीं हो सकती। इस मामले में सीजीआई के निर्णय पर कोई किन्तु-परन्तु नहीं कह सकता। कोई सबसे बड़ी अदालत के सबसे बड़े न्यायधीश से स्पष्टीकरण नहीं मांग सकता। कोई उनके फैसले के खिलाफ कहीं जाकर अपील नहीं कर सकता। किसान हों या केजरीवाल, अदालत को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसे तो एक नयी लकीर खींचना है। एक नयी नजीर बनाना है। सुप्रीम कोर्ट अपना काम कर रही है। किसान अपना काम करें। कोई किसी को रोक तो नहीं रहा। सरकार भी अपना काम कर ही रही है। भले ही आज की सरकार बैशाखियों पर चलने वाली सरकार है। सुप्रीम कोर्ट में वकील अब किसी मामले की तत्काल लिस्टिंग और सुनवाई मौखिक नहीं करा सकते। सीजेआई संजीव खन्ना ने निर्देश दिए हैं कि वकीलों को इसके लिए ईमेल या लिखित आवेदन देना होगा। दरअसल, खन्ना साहब ने ये सब ज्यूडिशियल रिफोर्म के लिए सिटिजन सेंट्रिक एजेंडे ] की रूपरेखा के तहत किया है। सीजेआई के फैसले से किसान ही नहीं सुप्रीम कोर्ट के वकील भी चकित हैं, क्योंकि उनका धंधा भी तो इस फैसले से प्रभावित हुआ है। जस्टिस संजीव खन्ना ने 11 नवंबर को देश के 51वें चीफ जस्टिस की शपथ ली थी। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शपथ दिलाई थी। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर्ड हो चुके हैं। सीजेआई संजीव खन्ना के तत्काल सुनवाई के मामले में दिए गाये निदेर्शों पर अभी फिलहाल 13 मई 2025 तक तो पुनर्विचार नहीं हो सकता। अब जो भी होगा खन्ना साहब के सेवानिवृत्त होने के बाद होगा। तब तक किसान हों या केजरीवाल को इन्तजार करना होगा तत्काल सुनवाई के मामले मे। यदि कोई वकील माननीय सुप्रीम कोर्ट को लिखित में संतुष्ट करा दे तो अदालत तत्काल सुनवाई कार भी सकती है, लेकिन ये आसान काम नहीं है।

# वैश्विक दक्षिण में भारत का नेतृत्व

डॉ .सुधाकर कुमार मिश्रा

वैश्विक दक्षिण, जिसे तीसरी दुनिया(3ए) के नाम से जाना जाता है, विकासशील नवोदित राष्ट्र झ राज्यों जो वित्त, शासकीय तकनीकी विशेषज्ञता, तकनीकी शोध एवं नवोन्मेष में पिछड़े हुए हैं, का समूह है। मौलिक स्तर पर ये राष्ट्र- राज्य गरीबी, बीमारी, आतंकवाद और उग्रवाद से पीड़ित हैं। विकसित राष्ट्र झ राज्यों के द्वारा जलवायु न्याय के लिए अत्याचार, वैश्विक दादाओ( पुतिन जी और जिनपिंग जी) और वैश्विक दरोगा (संयुक्त राज्य अमेरिका) के भौकाल के चंगुल से आर्थिक स्वायत्तता की आवश्यकता है। समकालीन वैश्विक परिदृश्य में मोदी जी जैसे दूरदर्शी और राजनय में पारंगत और इच्छा से परिमार्जक ने इन विकासशील राष्ट्र- राज्यों को नेतृत्व दिया है। भारत सुरक्षा और संरक्षा में ह्य बड़े भाई ह्य की भूमिका में नेतृत्व कर रहा है तो विकासशील राष्ट्र झ राज्यों को औषधि के क्षेत्र में सहयोगी राज्य प्रत्यय की भूमिका का निर्वहन कर रहा है. कोविद-19 के दौरान औषधि, मास्क और मानवीय सहयोग के द्वारा उस ने अपनी उपादेयता सिद्ध की है। भारत( वर्तमान में) वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण के खाई को पाटने का सफलतम और दूरदर्शी प्रयास कर रहा है। भारत इन राष्ट्र- राज्यों के लिए संरक्षक की भूमिका में भय और हताशा को हटाने का प्रयास कर रहा है जिससे जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास पर एकीकृत और सांगठनिक दृष्टिकोण का उन्नयन किया जा सके। भारत अपने नेतृत्व और उभरते व्यक्तित्व के द्वारा लोकतांत्रिक शासन( वैश्विक स्तर पर तानाशाही की समाप्ति), मानवाधिकार( प्रत्येक राष्ट्र झ राज्य अपने घरेलू नीतियों में मानवाधिकार का सुरक्षा और संरक्षण करें) एवं मानवाधिकार की सुरक्षा में अपना यथोचित सहयोग करें और विधि के शासन जो लोकतंत्र और संविधानवाद का अनन्य भाग है को बढ़ावा दे। बुनियादी ढांचे और औद्योगिक संरचना में निवेश को प्रोत्साहित करना है। भारत का विचार है कि अंतरराष्ट्रीय संगठनों को स्थानीय चुनौतियों का सामना एवं समाधान करने के लिए सबल करना है। वैश्विक दक्षिण की जटिल सामूहिक चुनौतियों के लिए लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, जलवायु और बहुपक्षीय शासन को संबोधित करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की वर्तमान में आवश्यकता है। वैश्विक दक्षिण के समूह राष्ट्र- राज्यों ने नवीकरणीय ऊर्जा, विकास क्षेत्र, टिकाऊ कृषि, वानिकी प्रथाओं, पारिस्थितिकी पर्यटन संरक्षण प्रयास, जलवायु लचीलापन और अनुकूलन पहल और हरित बुनियादी ढांचा विकास में पहल किया हैं। इन देशों ने डिजिटल परिवर्तन और नवाचार केंद्र बढ़ाने, आईटी, सॉफ्टवेयर उद्योग, मोबाइल भुगतान और वित्तीय समावेशन, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन बाजार, जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा में प्रबल उन्नति की हैं। इन सभी परिस्थितियों में भारत वैश्विक दक्षिण के राष्ट्र-राज्यों के लिए भारत का नेतृत्व समकालीन में आशा की किरण प्रतीत हुआ है जो अन्य राष्ट्र- राज्यों के लिए समान सहयोग और सतत विकास के लिए अनथक प्रयास कर रहा है। गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नाम) का नेतृत्व करने के अपने गरिमामई और उज्जवल इतिहास के साथ उभरता भारत समकालीन में वैश्विक भू झ राजनीति में एक गतिशील एवं ऊजार्वान भूमिका निभाने के लिए अपनी आर्थिक, सामाजिक, सामरिक सुरक्षा, संरक्षण और भू-राजनीतिऔर शक्ति की उपादेयता का उन्नयन कर रहा है। वैश्विक स्तर पर महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में सहयोग की संकल्पना दुर्लभ वस्तु हो चुकी है। कोविद-19 महामारी, रूस- यूक्रेन युद्ध, इसराइल संकट और वैश्विक स्तर पर गुटिकरण की राजनीति, आर्थिक एवं राजनीतिक संकटों ने वैश्विक दक्षिण की संकल्पना को प्रासंगिक बना दिया है। वैश्विक स्तर पर भारत दक्षिण वैश्विक के लिए प्रमुख राज्य कारक के रूप में उभर रहा है जो वैश्विक दक्षिण के राष्ट्र झ राज्यों के राष्ट्रीय हितों और भू झ राजनीति के मुद्दों को वैश्विक मंच पर जोरदार ढंग से उठा रहा हैं। वैश्विक स्तर पर सामाजिक आर्थिक असमानता, भुखमरी, आतंकवाद हथियारबंद, अंतर राज्य जुड़ाव की समस्याएं बढ़ी हैं। भारत ने विकसित राष्ट्र-राज्यों और विकासशील राष्ट्र झ राज्यों के मध्य सेतु के रूप में वैश्विक स्तर के संस्थानों को बहुपक्षवाद और बहुध्रुवीय दुनिया के रूप में तब्दील करने का दबाव डाला है। भारत में वर्ष 2023 में जी झ 20 की अध्यक्ष की मंच से वैश्विक दक्षिण की आवाज को बढ़ाया है। वैश्विक संबंधों में यह क्रांतिकारी अवसर संस्थाओं को समावेशी विश्व व्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण और उत्प्रेरक भूमिका निभा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम के आने को ले तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे बगहा एसपी

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। मुख्यमंत्री के 15 दिसंबर को आगमन को लेकर अधिकारियों का वाल्मीकिनगर दौरा बदस्तूर जारी है इसी क्रम में बगहा एसपी मंगलवार के दोपहर वाल्मीकिनगर पहुंचे और तैयारियों का निरीक्षण किया। तैयारियों का जायजा लेते समय उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों को दिशा निर्देश भी दिया बताते चलें की सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी पन्द्रहवीं बिहार यात्रा (महिला संवाद यात्रा) की शुरूआत 15 दिसंबर से करने वाले है।हालांकि यह यात्रा संभावित है फिर भी अधिकारी अपने तरफ से कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं इसी क्रम में तैयारियों का निरीक्षण करने बगहा एसपी वाल्मीकिनगर पहुंचे थे।

### चापाकल के पानी के बहाव को लेकर विवाद में मारपीट, केस दर्ज

बगहा। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनाहा निवासी अनिता देवी पति मुन्ना राम ने थाने में दिए आवेदन के माध्यम से बताया कि चापाकल का पानी गांव के ही नंदू,संदीप और ननकी बांसफोड़ ने मेरे घर की तरफ बहाने से मना करने पर उक्त तीनों व्यक्तियों द्वारा मेरे साथ मारपीट किया ।मारपीट के दौरान मेरा गले का सोने का लॉकेट छीन लिया गया ।मेरे साथ हुई मारपीट में मुझे ज्यादा चोटें आई है और मेरा खून बहुत बह गया है। अनिता देवी ने आरोप लगाते हुए आगे बताई की इन लोगों द्वारा पूर्व में भी मेरे साथ मारपीट किया गया है ।इस घटना में उपर्युक्त तीन योगों के साथ साथ फूलबदन देवी और उसके पति महंत बांसफोड़ को भी नामजद किया गया है ।थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

### सीएम के आगमन को ले समस्याओं के निवारण के लिए किया गया शिविर का आयोजन

बगहा ।सूबे के मुखिया नीतीश कुमार के 15 दिसंबर आगवन को लेकर संतपुर सोहरिया पंचायत भवन में ग्रामीणों के समस्याओं के निवारण हेतू पिछले कई दिनों से शिविर लगा है। मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो ने बताया कि घोटवा टोला में फेवर ब्लोक लगाने का कार्य किया जा रहा है तो वहीं ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए पंचायत भवन में बिजली,जाती,निवास आदि के कागजात शिविर के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। स्थानीय निवासी व किसान नेता केदारनाथ काजी ने बताया कि चयनित जगह पर पूल निर्माण हेतु फाउंडेशन किया गया है ।जहां सम्भवतः मुख्यमंत्री पूल का शिलान्यास करेंगे ।बतादें की संतपुर सोहरिया पंचायत में मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिलाधिकारी समेत अन्य वरीय अधिकारियों का जत्था पहुंचकर तैयारियों का जायजा ले रहे है।

### काम नहीं किया तो खेतिहर मजदूर को दबंग भाइयों ने पीटा

रसूलपुर। थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव में एक खेतिहर मजदूर को दबंगों ने पिटाई कर दी ।पीड़ित के साथ थाने पहुंच गांव के अन्य खेतिहर मजदूरों ने शिकायत की ।थाने पर ड्यूटि पर मौजूद छोटा दरोगा प्रीति कुमारी ने इलाज के लिए पीड़ित मजदूर 55 वर्षीय जनक प्रसाद को एकमा सीएचसी भेज दिया ।पुलिस के अनुसार पीड़ित मजदूर गांव के ही बलिराम राय के खेत में रबी बुआई के बाद खेत में मेढ़ बना रहा था उसी समय गांव के ही मुन्ना राय व सुधीर राय आकर कहा कि पहले मेरे खेत पर काम क्यों नहीं किया ।फिर गाली गलौज करते हुए दोनों आरोपी भाईयों ने मजदूर की पिटाई कर दी ।पुलिस पदाधिकारी प्रीति ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के तहत आरोपियों पर पुलिस कार्रवाई करेगी और पीड़ित मजदूर को न्याय दिलायेगी ।उधर घटना के बाद गांव के खेतिहर मजदूरों में गहरा आक्रोश है।

### नगर निगम ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

छपरा ' मंगलवार को शहरी प्राथमिक केंद्र तेलपा में नगर निगम के तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ' शिविर में स्वास्थ्य से सम्बंधित सभी प्रकार की जाँच की गई, कजिसमें बी. पी. शुगर एवं टी. बी. आदि का भी विशेष रूप से जाँच किया गया ' इस शिविर में लगभग 93 सफाई कर्मियों का स्वास्थय की जाँच किया गया कस्वास्थ्य शिविर में नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय, बड़ा तेलपा पीएचसी छपरा सारण के स्पेशल आउटरीच कैम्प के सभी डॉ.एवं सभी स्वास्थ्य कर्मी के अलावा डॉक्टर शाहनवाज मेहंदी,केशव कुमार,अतुल आदर्श कुमार, सोनम कुमारी, कुमारी अन्नपूर्णा, कंचन कुमारी,रीना कुमारी,संजू कुमारी, सरिता सुमन, संजू, आशा, गुड़िया,गुलाबी आद थे।

## फाइलेरिया के बारे में समुदाय को जागरूक करना है बेहद जरूरी



प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया। फाइलेरिया रोग के गंभीरता के बारे में जन समुदाय को जागरूक करने हेतु विभाग द्वारा रोगी हित धारक मंच का गठन कर फाइलेरिया उन्मूलन का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को तंकुहा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, मधुबनी सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र एरिया मे रोगी हित धारक मंच का गठन करते हुए सीएचओ पवन वर्मा के नेतृत्व मे स्वास्थ्य कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, आमजनों के साथ बैठक कर फाइलेरिया के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी को अभियान के समय सर्वजन दवा खाने का संकल्प दिलाया गया। मौके पर सीएचओ पवन वर्मा ने कहा की दीवाल लेखन, डीलर के बोर्ड पर जागरूकता संदेश के साथ ही समुदाय स्तर पर लगातार बैठक आयोजित की जाएगी। आस पास के विद्यालय आशा व स्वास्थ्य कर्मियों की टीम को लगाकर बच्चों को दवा खाने के तरीके से भी अवगत कराया जाएगा। मौके पर वहाँ मुखिया मोहम्मद फारूक अंसारी, पूर्व मुखिया सुभाष कुशवाहा, वार्ड सदस्य धीरज महतो, नगी लाल गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि योगेंद्र सिंह, आशा फसीलेटर रिंकू देवी, रीता देवी, आशा गीता देवी, ममता देवी, दुर्गावती मिश्रा, कस्तूरबा विद्यालय की शिक्षक अंशु मिश्रा, अनुराधा लाल, गुड़िया कुमारी, रंजु कुमारी तथा 6 फैलेरिया के मरीज ने भी खुद दवा खाने और लोगों को दवा खिलाने का संकल्प लिया। मुखिया सुभाष कुशवाहा ने अपने पंचायत मे साफ सफाई तथा जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया। मौके पर सिफार प्रतिनिधि बिनोद श्रीवास्तव, मुखिया, वार्ड पार्षद, आशा, एएनएम, फाइलेरिया रोगी, शिक्षक व अन्य लोग उपस्थित थें।

## युवक का संदिग्ध हालत में शव बरामद





प्रातः किरण, संवाददाता

दाउदपुर। एकमा रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर रेल पुलिस ने सोमवार की रात एक युवक का संदिग्ध हालत में शव बरामद किया। जिसकी पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के गोबरही गांव निवासी रत्नेश्वर सिंह के 25 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार सिंह के रूप में की गई है मृतक के पिता रत्नेश्वर सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 5:00 बजे रंजीत अपनी माँ की हार्ट की बीमारी का दवा लेने ताजपुर बाजार गया था। वहां दवा नही मिलने पर वह एकमा चला गया। देर रात तक जब वह घर नही लौटा तो परिवार के लोग चिंतित हो गए। तभी रात में करीब 10 बजे रेल पुलिस द्वारा घर के लोगों को जानकारी दी गई कि एकमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 के पूर्वी छोर पर ट्रैक के पास से रंजीत कुमार सिंह का शव बरामद किया गया है। जिसके बाद परिवार में हाहाकार मच गया। उसके बाद पिता रत्नेश्वर सिंह समेत परिजन एकमा स्टेशन पहुंचे तो सभी शव को देखकर रो पड़े। उसके सीने पर बाएं हिस्से से खून निकल रहा था तथा दाहिने पांजर के पास जख्म था। रत्नेश्वर सिंह ने रेल थाना पुलिस को एक आवेदन दिया है जिसमें रंजीत कुमार सिंह की किसी के द्वारा हत्या कर शव को एकमा स्टेशन के पास ट्रैक के समीप फेंक देने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो एक बार फिर मृतक के परिवार में चीख- पुकार मच गई। वहीं शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। माता अनीता देवी, बहन पूजा, भाई सुजीत सिंह समेत परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल था। मृतक तीन भाईयों में मांझिल था। किसी भी भाई की शादी नही हुई है। जबकि एक बहन है जिसकी शादी हो चुकी है। मृतक का बड़ा भाई चेन्नई में रेलवे में कार्यरत है जबकि सबसे छोटा भाई घर पर रहकर खेतीबाड़ी करता है। मृतक हैदराबाद में रहकर प्लास्टिक का काम करता था। वह कुछ दिन पहले अपने चाचा की बेटी की शादी को लेकर विगत 25 नवंबर को गांव आया था। 2 दिसंबर को चचेरी बहन की शादी सम्पन्न होने के बाद वह फिर हैदराबाद जाने का कार्यक्रम बना रहा था। इसी बीच उसका शव एकमा स्टेशन के समीप से बरामद किया गया। परिजन युवक की हत्या की आशंका जता रहे हैं।

## मुख्यमंत्री के आगमन को ले साफ सफाई व लाइटिंग का करें उत्तम प्रबंधः गरिमा




प्रातः किरण, संवाददाता

बेतियाः जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के निर्देश और नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह के अनुरोध पर मंगलवार की शाम नगर निगम के सशक्त स्थायी समिति की बैठक आहूत की गई जो महापौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी के लिखित निर्देश के आलोक में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया आगामी 15-16 दिसंबर को माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ह्लमहिला संवाद यात्राह्व की शुरूआत पश्चिम चंपारण से ही होना सुखद और प्रेरणास्पद है। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री के संभावित आगमन का पुरजोर स्वागत करने का निर्णय सर्वसहमति से लिया गया। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट से सर्किट हाउस चौराहा होकर बड़ा रमना मैदान में अवस्थित ऑडोटोरियम तक सुव्यवस्थित आवागमन का उत्तम प्रबंध करने हेतु विभिन्न सड़को की मरम्मती का निर्णय लिया गया। वहीं गुणवत्तापूर्ण लाइटिंग, डस्टबिन का प्रबंध कराने का निर्णय भी लिया गया। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि महात्मा गांधी सभागार (ऑडोटोरियम) में प्रस्तावित प्रतिनिधि जीविका दीदियों के सम्मेलन को महिला सम्मान का प्रतीक बताते हुए श्रीमती सिकारिया ने कहा कि इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का स्वागत किया जाएगा।

## सारण में माइक्रो फाइलेरिया के जाँच के लिए प्रखंडो में शुरू हुआ नाईट ब्लड सर्वे

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा ।जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत माइक्रो फाइलेरिया के जाँच के लिए नाईट ब्लड सर्वे की शुरूआत की गयी है।इसके लिए जिले के सभी प्रखंड में दो दो साइट बनाया गया है। जिसमे एक सेंटीनल और एक रैंडम साइट बनाया गया है। साइट का निर्धारण फाइलेरिया के मरीजों के संख्या के आधार पर किया गया है।इस दौरान माइक्रो फाइलेरिया के जाँच के लोगों का ब्लड सैंपल कलेक्ट किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ विधायक, स्थानीय मुखिया और जन प्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। इसमें पिरामल और सिफार संस्था के द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे के दौरान 20 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों का ब्लड सैंपल लिया जा रहा है ।सामान्य व्यक्ति के शरीर में माइक्रो फाइलेरिया की पहचान रात में ही हो सकता है। क्योंकि रात में ही किसी व्यक्ति का शरीर आराम की अवस्था में रहता है। ऐसे समय में ही शरीर में उपलब्ध माइक्रो फाइलेरिया खून में एक्टिव अवस्था में होते हैं। इस समय जांच करने से उनमें शामिल माइक्रो फाइलेरिया की पहचान हो सकती है. जिसे मेडिकल सहायता प्रदान करते हुए सुरक्षित किया जा सकता है।

जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार सुधीर कुमार ने बताया कि जिले में प्रत्येक प्रखंड में 1 सेंटिनल तथा 1 रैंडम साइट बनाया गया है। यह साइट माइक्रो- फाइलेरिया के मरीजों के संख्या के आधार पर बनाया गया है। प्रत्येक साइट पर 300 लोगों का सैंपल लिया जाना है। 9 से 16 दिसंबर तक प्रत्येक साइट पर 20 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों का सैंपल कलेक्शन किया जायेगा और जांच किया जायेगा कि उनके शरीर में माइक्रो- फाइलेरिया है या नहीं।

### सुपरविजन के लिया टीम का गठन :

नाईट ब्लड सर्वे के सफल क्रियान्वयन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया है। टीम चयनित प्रखंडो और स्थलों पर जाकर जाँच करेगी कि आदेशानुसार और गाइडलाइन के तहत ब्लड सैंपल लिया जा रहा है या नहीं। इस टीम में सिफार संस्था और पिरामल के द्वारा सहयोग किया जा रहा है। 20 साल से अधिक आयु की महिलाओं एव पुरुषों का सैंपल लिया जाएगा। सैंपल लेकर रक्त पट्टिका बनाई जाएगी। इसका उद्देश्य फालेरिया रोगी मिलने पर उसका तत्काल इलाज मुहैया कराकर जिले को इस रोग से मुक्त बनाना है।

### लक्षण

इसमें कई दिन तक रुक-रुक कर बुखार आना। शरीर में दर्द एवं लिम्फ नोड (लसिका ग्रंथियों) में सूजन। हाथ, पैरों में सूजन (हाथी पांव) एवं पुरुषों के अंडकोष में सूजन (हाइड्रोसील)। महिलाओं के ब्रेस्ट में सूजन, पहले दिन में पैरों में सूजन रहती है और रात में आराम करने पर कम हो जाती है। संक्रमित व्यक्ति में बीमारी के लक्षण पांच से 15 साल तक में दिख सकते हैं। इससे बचाव के लिए लक्षण लगने पर समय से जांच कराकर इलाज शुरू कर दें। फाइलेरिया की दवा का सेवन पांच वर्ष तक हर साल कर बचा जा सकता है। फाइलेरिया के मच्छर गंदी जगह पर पनपते हैं। इसलिए मच्छरों से बचाव करें।

## विधिक सेवा प्राधिकार ने जिला में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

छपरा कोर्ट ।बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर संवेदनशीलता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम नीरज कुमार तथा जिला विधिक प्राधिकार के सचिव धर्मेंद्र कुमार पांडे ने किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सारण जिला के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य के क्षेत्र में सदर अस्पताल छपरा की महिला चिकित्सक डॉक्टर श्वेता शिखा बनियापुर स्वास्थ्य केंद्र की महिला चिकित्सक सरिता सिंह सदर अस्पताल की कर्मचारी निष्ठा मोदरवाल खेल एवं एथलीट के क्षेत्र में जागृति सिंह पलक कुमारी काव्ययानी सिंह अंतरा पांडे तथा शिक्षा के क्षेत्र में प्लस टू की प्रधानाचार्य चंचल तिवारी एवं प्रधानाचार्य रीति शाही को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पैनल अधिवक्ता, अधिकार मित्र एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मी नजरे इमाम बिजेंद्र कुमार भारतेंदु पांडे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## अवैध असलहे,चाकू, चोरी की बाईक के साथ दो गिरफ्तार



बनियापुर । पुलिस ने गुप्त सूचना पर मानोपाली गाव से दो वांछितो को देशी कट्टे,चाकू,और चोरी की दो बाईक के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी मे सहायक अवर निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया है कि गस्ती के क्रम मे निर्देशित किया गया कि मनोपाली बजार के समीप एक लड़का सोनू कुमार बाइक पर हथियार के साथ बैठा है,जिसके घर छपामारी की गयी,जहा उसके पिता द्वारा बगल मे पलानी मे बताया गया,जहा छापामारी मे सुरज कुमार भटवालिया जनता बजार की तलाशी ली गयी जिसके पास से देशी कट्टा,चाकू एक मोबाइल ,वही सोनू कुमार मनोपाली के पास से एक सिक्सर,मोबाइल और दोनो के पास से एक एक चोरी की बाईक बरामद की गयी,उक्त दोनो ने किसी तरह का कागजात नही प्रस्तुत किया गया ।जिसके बाद साक्ष्य ,गवाह बनाते हुए जप्ति सूची के बनाने के बाद विधिवत गिरफ्तारी की गयी ।तत्पश्चात जेल भेज दिया गया।

## अज्ञात चोरों ने मंदिर से चुराए हजारों की सामग्री

बनियापुर । थाना क्षेत्र के करही ,पिंडारी महावीर मंदिर से अज्ञात चोरो ने मंदिर का मोटर,स्टेबलाईजार, माइक्रोफोन,घंटी,दान पात्र सहित अन्य कई कीमती समग्री चोरी कर लिया है। घटना के संबंध मे बताया गया है कि रात्रि मे महावीर मंदिर मे अज्ञात चोरो ने ठंड की रात का लाभ उठाते सुनसान मंदिर से उक्त समग्री चोरी कर भाग गए,सुबह ग्रामीण एकत्र हुए,पुलिस को खबर किया जहा मौके पर पहुंच पुलिस ने मामले मे अज्ञात को नमजद कर प्राथमिकी दर्ज की है।

## मानसिक अस्वस्थ्ता और बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को कानूनी सहायता देने को लेकर प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कोर्ट। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सारण के द्वारा मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2015 को संशोधित कर नालसा द्वारा मानसिक रूप से अस्वस्थ और बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी योजना 2024 को लागू करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में किया गया। जिसका उदघाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पुनीत कुमार गर्ग परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश दीपक कुमार जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम नीरज कुमार अवकाश प्राप्त न्यायाधीश ओमप्रकाश सिन्हा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह ए सी जे एम धर्मेंद्र कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में छह पैनल अधिवक्ता एवं दस अधिकार मित्र को शामिल किया गया है। विधिक प्राधिकार के सचिव सह ए सी जे एम धर्मेंद्र कुमार पांडे ने कहां की पिछली योजना मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2015 को संशोधित कर नालसा ने मानसिक रूप से स्वस्थ और बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवा योजना 2024 को लागू किया है। जिसका उद्देश्य मानसिक बीमारी और बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए कानून सेवाएं उपलब्ध कराना है और इस उद्देश्य के प्राप्ति हेतु प्रत्येक जिले में मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विशेष कानूनी सेवा इकाई का प्रावधान है ।जिसमें निम्न सदस्यों को रखा गया है ।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी मुख्य न्याय रक्षक पैनल अधिवक्ता तथा अधिकार मित्र को शामिल किया गया है और इसी उद्देश्य से इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि नालसा की सोच है कि समाज के हर वर्ग को न्याय मिले उसी कड़ी में मानसिक रूप से विकलांग एवं अस्वस्थ लोगों को सहायता कानूनी सहायता के लिए इस नियम में संशोधन कर लागू किया गया है। मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों के बारे में बीमारियों की चर्चा करते हुए की सदर अस्पताल छपरा की महिला चिकित्सक किरण ओझा चिकित्सक डॉक्टर हरेंद्र प्रसाद डॉक्टर अरविंद कुमार ने मंदबुद्धि एवं विकलांग लोगों को मिलने वाले स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया।

## शिक्षक नेता बंशीधर ब्रजवासी के जीत से शिक्षकों में हर्ष



प्रातः किरण, संवाददाता

अमनौर। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से शिक्षक नेता बंशीधर ब्रजवासी अपार मतों से विजयी हुए ।मंगलवार को उनके जीत से अमनौर के शिक्षको में हर्ष का माहौल बना हुआ है ।शिक्षको ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दिया ।शिक्षको ने कहा कि यह जीत बिहार के शिक्षको की जीत है ।जिस तरह सरकार शिक्षको को परतारित शोषण कर रही है यह उसका जीत है ।शिक्षको ने दिखाया कि अपमान का परिणाम क्या होता है।

सरकार को समझ मे आ चुकी होगी शिक्षको के गोद मे निर्माण व प्रलय दोनो पलते है।

चाहे पक्ष हो या विपक्ष हो आने वाला राजनीति परिदृश्य शिक्षक तय करेंगे ।सरकार चाहे जितना अन्याय जुल्म कर ले हम एक नया इतिहास रचेंगे ।बधाई देने वालो में परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के अध्यक्ष नीरज शर्मा प्रभात सिंह चमन तिवारी नवीन पूरी सुबोध मंडल सकील अहमद रजवी मो रिजवान रानी कुमारी बिभा कुमारी बन्दना कुमारी शहीद अहमद अनन्तदेव हरिवंशी समेत दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।.

## बगहा में गंडक नदी किनारे बालू में दबे युवक का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा ।गंडक नदी किनारे बालू में दफन युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है ।दरअसल पटखौली थाना क्षेत्र के वार्ड नं 8 कैलाशनगर स्थित नारायणापुर घाट में गंडक नदी के किनारे सोमवार को एक अज्ञात युवक का शव बालू में दबा हुआ पाया गया। शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इसकी सूचना ग्रामीणों ने थाने में पुलिस को दी । घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस नें शव कों रेत की ढ़ेर से खुदाई कर बाहर निकाला। आंशंका जताई जा रही है की युवक की हत्या कर साक्ष्य मिटाने को लेकर शव को नदी किनारे बालू में दफनाया गया है। हालांकि,यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक की मौत किसी हादसे में हुई है या यह किसी आपराधिक घटना का अंजाम है। घटना की सूचना पर पटखौली थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया है। जबकि शव की पहचान के लिए उसकी तस्वीरें सभी संबंधित थानों में भेजी गईं है ।बताया जा रहा है की मृत युवक के शरीर पर गहरे चोट के निशान हैं लिहाजा पुलिस घटना के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है।

आसपास के इलाकों में युवक के गायब होने की रिपोर्ट भी खंगाली जा रही है। पुलिस का मानना है कि शव की पहचान होने के बाद हीं मामले की गुत्थी सुलझने में मदद मिलेगी ।

इधर बगहा पुलिस ने लोगों से अपील किया है कि अगर किसी के पास इस मामले से जुड़ी कोई जानकारी हो तो लोग पुलिस से साँझा करें इसमें जानकारी देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी ।बहरहाल जिस तरह युवक का शव बालू की ढ़ेर से बरामद किया गया है उससे हत्या कर शव को दफनाने की संभावना है अब पुलिस को मृतक की पहचान समेत पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## रेलवे ट्रैक पर हत्या, जांच करने पहुंची पुलिस

एकमा ।पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा सिवान रेल खंड के एकमा स्टेशन से पुरब देर रात्रि में पुलिस ने बरामद किया 21 वर्षीय युवक को शव । जानकारी के अनुसार एकमा स्टेशन पर स्थापित जीआरपी पुलिस ने बताया कि सोमवार के दिन रात्रि के 8:30 बजे प्लेटफार्म संख्या एक से असम से लालगढ़ जाने वाली अवध असम एक्सप्रेस ट्रेन एकमा स्टेशन के रेल लाइन एक से गुजरने के बाद सूचना मिली कि रेलवे कि लाइन नंबर एक पर एक शव पड़ा हुआ है जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही शव के पास पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू किया तो शव के पास काफी मात्रा में खून गिरा हुआ था शव खून से लथपथ था । मृत्यु को उठाकर पुलिस ने शव को उलट पलट कर देखा गया तो मृतक के छाती के नीचे और पीठ के पीछे एक बड़ी सुरंग दिखाई दे रही थी जहां पुलिस ने शव की तलाशी लिया तो उसके पॉकेट से आधार कार्ड एक एनवाइड मोबाइल व पर्स बरामद किया गया ।

आधार कार्ड मृतक कि पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के गोबरही गांव निवासी राजेश्वर सिंह का 21 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार सिंह के रूप में हुई है मृतक लाल स्वेटर व आसमानी रंग का पेंट पहना हुआ था ।

स्थानीय लोगों व पुलिस ने जाहिर कर रही है कि युवक को गोली मारकर हत्या कर शव रेलवे लाइन पर रख दिया गया था । ताकि जब ट्रेन आएगी तो उसे कट कर शव छत विछत हो जाएगा और मृत की पहचान नहीं हो सकेगी ।

## मध्यान भोजन की गुणवत्ता खराब होने से छात्रों ने किया हंगामा

परसा ।राजकीय मध्य विद्यालय बाजितपुर में एनजीओ द्वारा दी जाने वाली मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता खराब होने के कारण छात्र छात्राओं द्वारा मंगलवार को खाना खाने से इनकार कर दिया गया ।जिसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण काशी नाथ सिंह,सिकेन्द्र सिंह,निशांत सिंह,बिट्टू कुमार समेत दर्जनों लोग पहुँच खाना की गुणवक्ता चख कर किया ।खाना की गुणवक्ता खराब होने पर ग्रामीणों ने एनजीओ की चालक को खाना खिलाकर गुणवक्ता पूछा तो चालक ने खाना खराब होने की बातें स्वीकार किया ।ग्रामीणों ने शिक्षक से जानकारी लिया तो शिक्षक ने एनजीओ द्वारा उपलब्ध खाना खिलाने की बातें कही ।वही खाना खराब होने पर छात्र छात्राओं ने एनजीओ के खिलाफ प्रदर्शन कर खाना बंद कराने या अच्छी गुणवक्ता वाली भोजन उपलब्ध कराने की मांग किया ।विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बताया कि खाना की गुणवक्ता बहुत ही खराब होता है ।जिसके वजह विद्यालय के ज्यादा छात्र छात्रा काफी दिनों से खाना नही खाते है ।छात्रो ने बताया कि इसके पहले भी विद्यालय में खराब खाना के साथ कीड़ा युक्त भोजन उपलब्ध कराया गया था ।जिसका विरोध किया गया था ।जिसकी जांच दो पदाधिकारी द्वारा किया गया था ।और खाना की गुणवक्ता में सुधार का आश्वसान दिया गया था ।लेकिन कोई सुधार नही हो सका ।छात्र छात्राओं ने स्पष्ट कहा कि विद्यालय में एनजीओ की खाना बंद कराया जाए और पहले जैसा विद्यालय में गुणवक्ता पूर्ण खाना बनाने की स्वीकृति दिया जाए ।एनजीओ की खाना को छात्रो ने पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का निर्णय लिया ।खाना की गुणवक्ता खराब होने से छात्र छात्राओं के नही खाने पर खाना को चहरदीवारी के बाहर फेका हुआ पाया गया ।ग्रामीण काशी नाथ सिंह ने कहा कि एनजीओ द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा खाना पशु तक नही खाता है ।वैसे खाना बच्चों को खिलाया जा रहा है ।उन्होंने कहा घटिया खाना से बच्चों की तबियत खराब हुई तो उसका पूरा जबाबदेही एनजीओ की होगी ।वही ग्रामीणों द्वारा स्थानीय विधायक कृष्ण कुमार मंटू सिंह को जानकारी दिया गया ।विधायक विद्यालय पहुँच खाना की जानकारी छात्र और शिक्षक से लिया।

## तेंदुए ने मजदूरों और किसानों पर हमला किया ,कई लोग घायल

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा के धनहा थाना क्षेत्र के वंशी टोला में वीटीआर जंगल से भटके तेंदुआ ने किसान और मजदूरों पर हमला कर बुरी तरह जख़्मी कर दिया है। तेंदुए के इस हमले के बाद गाँव में अफरा तफरी का माहौल बन गया । हालांकि किसानों और मजदूरों के लाठी डंडा लेकर शोर मचाने पर तेंदुआ वहां से भाग खड़ा हुआ ।तेंदुए के इस हमले में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) मधुबनी में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि तेंदुआ नदी के रास्ते वीटीआर जंगल से निकलकर रिहायशी क्षेत्र में आया होगा। घटना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और मामले की जांच शुरू कर दिया है। वीटीआर के बगहा रेंजर सुनील कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर तेंदुए के पगमार्क पाए गए हैं, जिससे लग रहा है कि हमला तेंदुआ ने ही किया है। तेंदुए को ट्रैक करने के लिए वन विभाग की टीम को लगाया गया है। तेंदुआ फिलहाल गन्ने की खेतों में छिपा हुआ है ।

वीटीआर के बगहा रेंजर सुनील कुमार ने आगे बताया कि ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है कि वे फिलहाल गन्ने के खेतों की तरफ अकेले न जाएं। बच्चों को खेतों से दूर रखें और खेतों में जाने पर समूह बनाकर आवाज करते हुए जाएँ ।

बतादें की तेंदुए को जंगल की ओर भगाने समेत उसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम लगातार कोशिश कर रही है। इस बीच ग्रामीणों को सतर्क रहने और सहयोग करने की अपील की गई है। वन विभाग का कहना है कि जल्द ही तेंदुए को रेस्क्यू कर लिया जाएगा। फिलहाल बड़े पैमाने पर टीटी पीपी टीम की तैनाती की गई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल कुछ महिनों से इस क्षेत्र में तेंदुए की चहलकदमी बढ़ी हुई है। कई दफा तेंदुआ गंडक नदी किनारे पीपी तटबंध पर भी दिखाई दिया था ।

## श्रद्धापूर्वक याद किए गए महेंद्र बाबू

छपरा। समाजसेवी महेंद्र प्रसाद जयंती के अवसर पर महेंद्र मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में ज्योति सिनेमा के प्रांगण में मंगलवार को जयन्ती समारोह आयोजित की गई। इसमें ट्रस्ट के ट्रस्टी सदस्यों द्वारा माल्यार्पण किया गया एवं उनकी प्रतिमा पर फूल चढ़ाया गया। सर्वप्रथम गीता पाठ राम अयोध्या त्रिवेदी के द्वारा किया गया महेंद्र बाबू भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के बड़े भाई थे, जिनके द्वारा छपरा में शुरू की गई बिहार बैंक का विलय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में हो गया जो कि आज का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बाजार ब्रांच के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को राजनीतिक में लाने का श्रेय उनके बड़े भाई महेंद्र प्रसाद की देन है।

# जिलाधिकारी ने की जिले के सभी थौक उर्वरक बिक्रेताओं के साथ बैठक

प्रातः किरण संवाददात



मधेपुरा। जिला पदाधिकारी, मधेपुरा की अध्यक्षता में जिले के सभी थौक उर्वरक बिक्रेताओं के साथ जिलाधिकारी के वेष्म में सोमवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में रबी मौसम को देखते हुए उर्वरक के बिक्री दर पर विस्तार से समीक्षा किया गया। जिला पदाधिकरी के द्वारा सभी थौक उर्वरक बिक्रेताओं को निदेश दिया गया कि जिला के सभी खुदरा उर्वरक बिक्रेताओं को सरकार द्वारा निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाए, जिससे कि जिला के कृषकों को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध हो सके। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि किसी भी थौक एवं खुदरा उर्वरक बिक्रेताओं के प्रति शिकायत प्राप्त होने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि पदाधिकारी, हरिद्वार प्रसाद चौरसिया के द्वारा जिला पदाधिकारी के समक्ष बताया गया कि जिला में किसी भी प्रकार के उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। बताया गया कि सोमवार को जिले में यूरिया-15082.075 मैट्रिक टन, डी ए पी -3620.124 मैट्रिक टन, एम ओ पी -4037.538 मैट्रिक टन, एन पी के -5655.475 मैट्रिक टन एवं एस एस पी -1012.00 मैट्रिक टन उपलब्ध है। इसके अलावे लगातार उर्वरक रैक आने की भी सूचना प्राप्त हो रही है। ज्ञातव्य हो कि जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तर पर फनपा त्मेचवदेम ज्मंउ का गठन किया गया है जो पूर्वाहन 10 बजे से अपराहन 5 बजे तक कार्य करता हैं। जिला स्तरीय त्वरित प्रतिक्रिया टीम का नंबर- 06476295020 है। जिस पर कृशकों के द्वारा उर्वरक से संबंधित शिकायत दर्ज किया जा सकता है। इसके अलावा जिला कंट्रोल 06476295020 एवं जिला कृषि पदाधिकारी की मोबाईल नं0-94318 18758 पर किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज की जा सकती है।

इस बैठक में जिला कृशि पदाधिकारी, मधेपुरा हरिद्वार प्रसाद चौरसिया, मनोज कुमार, सहायक निदेषक (षश्य), प्रक्षेत्र, जिला कृशि कार्यालय, मधेपुरा, संजीव कुमार तांती अनुमंडल कृशि पदाधिकारी, मधेपुरा, मुकेष कुमार, अनुमंडल कृशि पदाधिकारी, उदाकिषुनगंज एवं जिले के सभी थौक उर्वरकताओं ने भाग लिया।

# विश्व मानवाधिकार दिवस पर मानव अधिकार एवं कर्तव्य विषय पर हुई गंभीर चर्चा,प्रदर्शन कर लगाये नारे

प्रातः किरण संवाददाता




खगड़िया बिहार ।खगड़िया। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मानवाधिकार बचाओ - देश बचाओ, मानवीय मूल्यों की सुरक्षा करना होगा, नारों के साथ इस्लामपुर में प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मानवाधिकार दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामना दी गई। तथा मानवाधिकार एवं कर्तव्य विषय पर विस्तृत चर्चा किया गया।

देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि आज मानवाधिकार पर चौतरफा हमला हो रहा है, मानवाधिकार का रक्षक ही भक्षक बने हुए हैं, मानवीय मूल्यों का ह्रास हो रहा है। मानवाधिकार की सुरक्षा के सवाल को लेकर संगठित संघर्ष तेज करने की जरूरत है। मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता किरण देव यादव ने कहा कि सिर्फ मानवाधिकार दिवस पर चर्चा कर मानवाधिकार का संरक्षण संभव नहीं हो सकेगा। मानवाधिकार का रक्षक को सच्चे अर्थों में रक्षक बनना होगा।

श्री यादव ने कहा कि वैश्विक स्तर पर वर्षों से एक देश दूसरे देश पर हमला कर रहे हैं अस्पताल स्कूल बच्चे बूढ़े महिलाएं निर्दोष मारे जा रहे हैं बावजूद संयुक्त राष्ट्र संघ चुप्पी साधे हुए हैं। वही देश स्तर पर सरकार प्रशासन आमजन मानवाधिकार को कुचल रही है, किसानों छात्र नौजवानों संविदा कर्मियों पर लगातार लाठी गोली आंसू गैस पानी की बौछारें बरसाई जा रही है ,आम जनों को अधिकार से वंचित किए हुए हैं, सारे अधिकार पर सरकार सांप की तरह कुंडली मारकर बैठी हुई है।

देश बचाओ अभियान के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि 10 दिसंबर 1948 को पेरिस में मानवाधिकार का गठन किया गया। वावजूद आज तक मानवाधिकार का हनन निरंतर जारी है।

देश बचाओ अभियान के संयुक्त सचिव सुनील कुमार ने कहा कि मानवाधिकार का संरक्षण संवर्धन सुनियोजन हेतु सामाजिक जागरूकता की जरूरत है। देश बचाओ अभियान के मीडिया मुरली रविदास ने कहा कि शोषित दलित पीडित वंचित उपेक्षित गरीब महिलाओं के साथ हर स्तर पर मानवाधिकार पर कुठाराघात किया जा रहा है।

देश बचाओ अभियान के संयोजक मधुबाला, सीमा कुमारी, नीतू कुमारी ने कहा कि महिला हिंसा शोषण दमन उत्पीड़न पर अंकुश लगाकर शिक्षित संगठित संघर्ष कर मानवाधिकार को बचाया जा सकता है।

इस अवसर पर मोहल्ला वासियों द्वारा मानवाधिकार कार्यकर्ता समाजसेवियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित व सराहना किया गया।

देश बचाओ अभियान के सहसचिव कालेश्वर ठाकुर, संजय साहनी, गणेश तांती, गौरव आदि दर्जनों लोगों ने भाग लिया।

## बैठक में उठी आवास सहायक की मनमानी पर जल्द रोक लगाने की मांग




प्रातः किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा)। प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड मुखिया संघ की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक मुखिया संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार की अध्यक्षता मे हुई। आयोजित बैठक में प्रखंड के 17 पंचायतों में विकास से संबंधित विभिन्न नौ बिन्दुओ पर विस्तार से चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। पंचायतों में विकास कार्यो को गति देने की मांग उठाई गई है। साथ हीं खाद्य आपूर्ति विभाग के डाटा अपरेटर को अभिलंब हटाने, आवास सहायक की मनमानी पर रोक लगाने, पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइटो की संख्या बढ़ाने, मनरेगा विभाग मे व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने एवं समय समय पर मेंटेनेस करने, पेंशन और कबीर अंत्येष्टि योजना की स्वीकृत बकाया राशि का भुगतान करने सहित अन्य मांगो पर विशेष चर्चा की गई। मौके पर बेलो मुखिया दयानंद कुमार यादव, जोरगामा मुखिया जितेंद्र कुमार उर्फ टुनटुन साह, सिंगयान मुखिया प्रतिनिधि विवेकानंद यादव, कोल्हायपट्टी डुमरिया मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार यादव, गंगापुर मुखिया प्रतिनिधि राजेश रोशन पंडित, दीनापट्टी सखुआ मुखिया रूपा देवी, रघुनाथपुर मुखिया अमित कुमार, रामपुर मुखिया आशुतोष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## तख्तश्री पटना साहिब में मयार्दा उल्लंघन को ले श्री अकाल तख्त साहिब को भेजा पत्र

प्रातः किरण संवाददाता



पटना सिटी। पटना साहिब की संगत मनोहर सिंह बग्गा ने पत्र श्री अकाल तख्त साहिब को भेजा है। इसमें तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों में शामिल कुछ लोगों के बारे में शिकायत की गई है। इसमें खासकर जत्थेदार, एडिशनल हेड ग्रंथी, ग्रंथी अमरजीत सिंह और रणजीत सिंह हैं। पत्र में कहा गया है कि तख्तश्री पटना साहिब में आए दिन मयार्दा का उल्लंघन हो रहा है। यहां की कमेटी के पदाधिकारियों को पंथ प्रथाओं से कोई लेन- देना नहीं है, बल्कि वह विरोधी पंथों के अन्यायी बन गए हैं। तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह को जपुजी साहिब का पाठ नहीं आने की शिकायत की गई थी। इस पर श्री अकाल तख्तसाहिब के द्वारा पांच वाणियों का पाठ पंज प्यारों की मौजूदगी में सुनाने को कहा गया था। उन्हें पांच दिनों के अंदर पाठ करने की समय-सीमा दी गई। मगर इस आदेश को अमल में नहीं लाया गया और न ही तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारियों ने ही कोई पहल की गई। जत्थेदार भाई बलदेव सिंह के दामाद मोने हैं। इनकी लड़कियों का नामकरण संस्कार और विवाह समारोह हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार किया गया है ।ट उन्होंने अपनी लड़कियों के नाम के बाद कौर शब्द का भी इस्तेमाल नहीं किया है। उनकी बच्चियों के नाम नेहा कुमारी, सुलेखा रानी, रंजू और सीमा देवी है। आधार कार्ड दस्तावेज से इसकी पुष्टि हो जाएगी। इनके तीन बेटे तख्तश्री कमेटी के कर्मचारी हैं, मगर कोई भी अमृतधारी गुरसिग नहीं है। दूसरे नंबर पर एडिशनल हेड ग्रंथी गुरदयाल सिंह हैं। श्री अकाल तक साहिब जी के द्वारा जारी आदेश में इन्हें मुख साजिशकर्ता बताया गया और उन्हें तत्काल प्रभाव से तख्त साहब से बाहर निकालने का आदेश जारी किया गया। कमेटी के महासचिव के बार-बार आदेश के बाद मुश्किल से उन्हें गुरुद्वारा शीतल कुंड, राजगीर भेजा गया। मगर तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष ने श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश को नजरंदाज कर उसे न केवल वापस तख्तश्री पटना साहिब बुलाया, बल्कि उन्हें एडिशनल हेड ग्रंथी बनाने का काम किया। इस पर भी वह कार्रवाई की मांग करते हैं। करण की वह आज भी तक साहिब में सेवा नहीं बल्कि राजनीति कर रहे हैं। पंज प्यारों में अमरजीत सिंह शामिल हैं। उनके तीन लड़के हैं। उनकी बहू शिवरात्रि के दिन लोगों के घर जाती है और शिव के बारे में बात करती हैं। इसलिए उनके परिवार और बच्चों को सिख धर्म का कोई पहचान नहीं है। ऐसे व्यक्ति पंज प्यारों में शामिल होने का अधिकारी कैसे हो सकता है।

## राज्य स्तरीय हैंडबॉल महिला एवं राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 13 से परमानपुर में

मधेपुरा। बिहार हैंडबॉल संघ एवं बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में मधेपुरा जिला हैंडबॉल एवं बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा 12 वीं सीनियर महिला हैंडबॉल एवं 31वीं बिहार राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप (पुरूष एवं महिला) का आयोजन 13 से 17 दिसंबर तक कामेश्वर मध्य विद्यालय परमानपुर, वार्ड नंबर 15 मधेपुरा में किया जा रहा है। जिसमें राज्य हैंडबॉल एवं बॉल बैडमिंटन संघ से मान्यता प्राप्त जिलों/संस्थानों की पुरूष व महिला टीमों को खेलने की अनुमति दी जायेगी। चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उम्र 45 से अधिक नहीं हो। चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के पास आधार कार्ड एवं जिलों से निबंधित होना अनिवार्य है। इस बात की जानकारी देते हुए मधेपुरा जिला हैंडबॉल संघ के सचिव दीपक प्रकाश रंजन ने बताया कि चैंपियनशिप को सफल बनाने हेतु मर्चेंट नेवी अधिकारी नरेंद्र चन्द्र नवीन की अध्यक्षता में आयोजन समिति का गठन किया गया है ।जबकि आयोजन समिति के सदस्य राष्ट्रीय खिलाड़ी रूपक रंजन, मधेपुरा जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष राजनंदन यादव, सुमन कुमार, सुभाष चन्द्र, सत्यम कुमार, लालेंद्र कुमार, अमित कुमार, श्रीमंत जैनेंद्र, प्रियरंजन कुमार, विकाश कुमार, रामपुकर कुमार ,राजेश कुमार, अमर कुमार, प्रहलाद कुमार, रजनीश कुमार, अखिलेश कुमार, बाबुल कुमार होंगे। श्री रंजन ने यह भी बताया कि इसी राज्य सीनियर चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर पुरूष एवं महिला खिलाड़ियों का चयन बिहार टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए किया जाएगा। आयोजन अध्यक्ष नरेंद्र चंद्र नवीन ने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में किसी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए ।साथ ही आयोजन स्थल पर पहुंचकर उन्होंने खेल मैदान में जो जो कमी दिखी उनको सुधार करने की लिए दिशा निर्देश दिए। मधेपुरा जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष राजनंदन ने कहा कि आयोजन सुदूर देहात में होने से ग्रामीण इलाके के बच्चों में खेलने के लिए प्रोत्साहन जागती है।

## कलाट यूजी परीक्षा में गौरव को मिला आल इंडिया ओबीसी में 395 रैंक, बनेगा सुप्रीम कोर्ट का वकील



प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र के मधुबन गांव के गौरव कुमार ने क्लाट यूजी परीक्षा 2025 में आल इंडिया ओबीसी में 395 रैंक लाया है। उपलब्धि हासिल कर उसने जिले का नाम रोशन किया है। उनके पिता मनोज कुमार दास मधुबन के मध्य विद्यालय टिनटेंगा में शिक्षक हैं। गौरव का नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एनएलयू) पटना में दाखिला तय है, और काउंसलिंग के बाद शीर्ष पांच एनएलयू में भी प्रवेश संभव है। बता दे कि गौरव ने अपनी माध्यमिक पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय मधेपुरा से पूरा किया। 10 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उन्होंने 95 प्रतिशत अंक और गणित में 100 स्कोर किया था। उनकी इस सफलता की उम्मीद घर वालों को पहले से ही थी। उनके सफलता पर स्वजन फूलें समां रहे हैं। गौरव ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड बनकर देश की सेवा करेंगे। गांव के पहले एनएलयू में चयनित छात्र बनने पर ग्रामीणों और स्वजनों में खुशी है। उनकी सफलता पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बना है। पूर्व जिला परिषद अमलेश राय का कहना है कि निश्चित ही यह गौरव का पल है। वास्तव में गौरव ने हम सब को गौरवान्वित किया है। छात्र गौरव के इस सफलता पर विधायक निरंजन कुमार मेहता, पूर्व मुखिया कुमुद कुमारी, वर्तमान मुखिया पूजा कुमारी, प्रीतम मंडल, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल, कमलेश्वरी मेहता, देवनारायण राम, भाजपा नेता ने बधाई दी।

# मैथिली गायिका कल्पना ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिखेरा जलवा, श्रोता हुए मंत्रमुगध

प्रातः किरण संवाददाता




मधेपुरा। जिले के घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र के झिटकिया पंचायत अंतर्गत लक्ष्मीनिया गांव के चिकनी पार पर स्थित राम जानकी मंदिर के प्रांगण में तीन दिवसीय विवाह पंचमी मेला के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतिम दिन सोमवार के रात्रि में कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला पार्षद प्रतिनिधि डॉक्टर विनीत कुमार आर्यन, पैक्स अध्यक्ष अंगद आनंद, श्री कृष्णा टीवीएस शोरूम के मालिक व मर्चेंट नेवी इंजीनियर नरेंद्र चंद्र नवीन, ईट चिमनी मालिक संतोष सिंह, मेला अध्यक्ष पूर्व वार्ड सदस्य राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से मिलकर फीता काटकर किया। वही कार्यक्रम की शुरूआत होने से पूर्व जय श्री राम, जय श्री कृष्णा, हर हर महादेव, जय सनातन के जयकारा से शुरूआत हुई। वहीं मैथिली गायिका कल्पना जयप्रकाश मंडल ने गणेश वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत किया। वही भोजपुरी की सुपरस्टार गायिका अमृता दीक्षित ने अपने हसमुखिया अंदाज में भोजपुरी गाना से दर्शकों को भर रात आनंद दिलाती रही। वही गायक शेरा लोहार ने हिंदी गाना पर श्रोता को मनोरंजन कराता रहा। वही जीतू स्टार नाइट शो के बैनर तले सभी नृत्यांगना माही, मुस्कान, पूजा, मनीषा अपने शानदार डांस की प्रस्तुति पर दर्शकों को भर रात झूमाती रही। उद्घाटन होने के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर विनीत कुमार आर्यन ने कहा कि मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम की आयोजन से लोगों के बीच आपसी भाई चारा बनी रहती है। गांव में मेला लगने से एक दूसरे के आपस में मिलन होने के साथ-साथ आपसी भाईचारा बढ़ता है।

वहीं नरेंद्र चंद्र नवीन ने कहा कि मेला हर साल की भांति इस साल भी काफी धूमधाम से लगाई गई है। गांव के लोगों के अथक प्रयास व श्री कृष्णा टीवीएस परिवार की ओर से यह मेला सदियों से लगता आ रहा है। गांव समाज में इस प्रकार के मेला का आयोजन कर समाज में धार्मिक संस्कृति को बचाने का काम किया जा रहा है यह मेला में खासकर संस्कृति कार्यक्रम में अभद्र गाना पर कार्यक्रम की प्रस्तुति नहीं होती है और कलाकार अपने मयार्दा व सादगी ड्रेस में रहकर कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हैं। ताकि गांव समाज के लोग यह कार्यक्रम को देखकर कुछ सीख पाए। हमारे यहां होने वाले कार्यक्रम को गांव के महिलाएं भी काफी शांतिपूर्ण वातावरण के रूप में देखते हैं।

हमारा प्रयास रहेगा कि प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के आयोजन में हम हर बार सहयोग करें ताकि आने वाले दिनों में भी मेला का अस्तित्व बनी रहे और इसके प्रति लोगों का जुड़ाव रहे। मेला में कहीं भगदड़ न हो इसके लिए चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम की सफलता को लेकर मेला अध्यक्ष राजेश कुमार, नारायण यादव, पवन कुमार, प्रीतम कुमार, नंदन कुमार, सुरेंद्र यादव, संतोष कुमार, लाल बहादुर, विकास कुमार आदि मौजूद थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर /सा./पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैध विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी. एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में खुली ई–निविदा आमन्त्रित किया जाता है।

**निविदा संख्या एवं तिथिः ई.एल.–जी–एसपीजे –23–ईटी–24–25 (खुली)**

**1. कार्य का नाम तथा स्थानः** समस्तीपुर मंडल के विभिन्न सेवा भवनों में रूफ टॉप सोलर प्लांट का प्रपवधान। **2. कार्य की अनुमानित लागतः** रू. 5,85,59,360/– **3. बयाने /निविदा सुरक्षा की राशिः** रू. 4,42,800.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** 0/– (शून्य) **4. प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन **5. निविदा बन्द होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 27.12.2024 को 12:00 तक **ई – निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 27.12.2024 को 12.30 | **6. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः** वेबसाईट **www.ireps.gov.in** मंडल रेल प्रबंधक (वि)/कार्यालय/ समस्तीपुर

**नोटः** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन ६/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाइटः पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा.**
**पूर्व मध्य रेलवे, समस्तीपुर**

पीआर/01670/एसपीजे/ईजीईएन/टी/24–25/44


### पहले सेमीफाइनल में शाकिब इलेवन मधेपुरा कि टीम ने अंश इलेवन मुजफ्फरपुर की टीम को 72 रन से पराजित किया

प्रातः किरण संवाददाता। उदाकिशुनगंज(मधेपुरा) ।बाबा साहेब डॉ भीम राव आंबेडकर के पुण्य तिथि पर एसबीजेएस उदाकिशुनगंज स्टेडियम मैदान में आयोजित उदाकिशनगंज प्रीमियर लीग टी ट्वेंटी क्रिकेट टूनामेंट के पहला सेमीफाइनल मैच मंगलवार को शाकिब इलेवन मधेपुरा और अंश इलेवन मुजफ्फरपुर के बीच खेली गई। पहला सेमीफाइनल मैच के मुकाबले में शाकिब इलेवन मधेपुरा कि टीम ने अंश इलेवन मुजफ्फरपुर की टीम को 72 रन से पराजित कर फाइनल मुकाबले में अपना जगह पक्की कर लिया। ज्ञात हो कि अंश इलेवन मुजफ्फरपुर टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज करने का निर्णय लिया। शाकिब इलेवन मधेपुरा कि टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 164 रनों का लक्ष्य विपक्षी टीम को दिया। मधेपुरा टीम के तरफ से ओपनिंग बैटिंग प्रशांत और इस्तीकार ने किया। मधेपुरा का पहला विकेट इस्तीकार के रूप में 41 रन पर गिरा। मधेपुरा टीम के खिलाड़ी सद्दाम ने 5 छक्का और 1 चौका के मदद से 19 बॉल पर 39 रन बनाया। वहीं प्रशांत ने 18 गेंद में 31 रनों का योगदान अपने टीम को दिया। अंश इलेवन मुजफ्फरपुर कि टीम के खिलाड़ी शिवम और टिंकू ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किया। जवाबी पारी खेलने उतरी अंश इलेवन मुजफ्फरपुर कि टीम 13 ओवर में 92 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह शाकिब इलेवन मधेपुरा कि टीम ने अंश इलेवन मुजफ्फरपुर कि टीम को 72 रन से हराया। अंश इलेवन मुजफ्फरपुर के आदिल अंसारी और मुकेश कुमार ने ओपनिंग बैटिंग किया। मुजफ्फरपुर का पहला विकेट मुकेश के रूप में 14 रन पर गिरा। आदिल अंसारी ने 25 गेंद पर तीन चक्का और एक चौके की मदद से 29 रन बनाए। शाकिब इलेवन मधेपुरा टीम के कप्तान शाकिब अयाज ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट चटकाए। वहीं बंटी ने एक मेडन ओवर डालकर चार विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शाकिब इलेवन मधेपुरा कि टीम के खिलाड़ी बंटी को दिया गया। वही सुपर स्ट्राइकर का पुरस्कार शाकिब इलेवन मधेपुरा कि टीम के बैट्समैन सद्दाम को दिया गया। बंटी को मैन ऑफ द मैच के लिए ₹2100 और सुपर स्ट्राइकर के लिए सद्दाम को ₹1100 का इनाम एनडीएवी पब्लिक स्कूल के निर्देशक सजनदेव कुमार ने प्रदान किया। वही हैट्रिक सिक्स लगाने पर सद्दाम को समाज सेवी रंजीत कुमार मिश्रा और रंजीत कुमार राणा ने 1100 का नगद इनाम दिया। दूसरा सेमी फाइनल मैच बुधवार को सीतामढ़ी और सुपौल के बीच खेली जाएगी। मैच में निर्णायक की भूमिका अमरनाथ, राघव ठाकुर ने निभाई। जबकि स्कोरिंग अश्वनी कुमार ने की। वहीं उद्घोषक की भूमिका कामरान हबीब, मिस्टर झा ,और अजीत कुमार ने निभाई। मौके पर टुनामेंट आयोजन समिति के संचालक नीतीश राणा, अध्यक्ष दुर्गा यादव, शाकिब अयाज, रणजीत कुमार राणा, शत्रुघ्न मिश्रा, राहुल, रोशन दास, वरूण विराज, रणवीर यादव, जितेन्द्र उर्फ जीतू,मंटू झा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# तिरहुत स्नातक उप निर्वाचन का परिणाम घोषित

प्रातः किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक उपचुनाव 2024 के लिए मतों की गिनती पूरी हुई। निर्दलीय उम्मीदवार वंशीधर ब्रजवासी को कुल 27744 मत प्राप्त हुए तथा उन्हें विजयी घोषित किया गया। निवार्ची पदाधिकारी सह आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर सरवणन एम ने एमआईटी में प्रमाण- पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर तिरहुत स्नातक उपचुनाव के प्रेक्षक सह सचिव, ग्रामीण विकास विभाग एवं पर्यटन विभाग लोकेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर सुब्रत कुमार सेन, जिलाधिकारी सीतामढ़ी रिची पांडेय, जिलाधिकारी शिवहर विवेक रंजन मैत्रेय,नगर आयुक्त मुजफ्फरपुर विक्रम वीरकर,उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, आयुक्त के सचिव अब्दुल हामिद, आरटीए सेक्रेटरी सुरेन्द्र प्रसाद, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तिरहुत आर निलय,एसडीओ पश्चिमी श्रेयाश्री, एसडीओ पूर्वी अमित कुमार, एसडीओ महुआ किसलय कुशवाहा सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## घर-घर कैरोल गायन से शुरू हुआ क्रिसमस की तैयारी

पटना सिटी। प्रभु यीशु के अवतरण पर्व क्रिसमस को लेकर घर-घर जाकर कैरोल गायन किया जा रहा है। पादरी की हवेली चर्च के पल्ली पुरोहित फादर प्रवीण लोवो, सहायक पल्ली पुरोहित फादर सुरेश खाका और सुप्रीयिर फादर प्रदीप सोंरग की उपस्थिति में मंगलवार को संपतचक व पहाड़ी में कैरोल गायन किया गया। बुधवार को बजरंगपुरी, गायघाट और आसपास के क्षेत्रों में कैरोल गायन किया जाएगा। सुप्रीयर फादर प्रदीप सोंरग ने बताया कि कैरोल गायन के साथ 17 दिसंबर को चर्च में क्रिसमस मिलन होगा। इस दौरान मिस्सा बलिदान पूजा, क्रिसमस कैरोल गायन के साथ अन्य कार्यक्रम होगा। इसकी तैयारी की जा रही है। 24 की रात को प्रभु यीशु के अवतरण पर्व पर मिस्सा बलिदान पूजा और अन्य कार्यक्रम होगा।

## सिटी उपकारा में कैदियों को किया गया जागरूक

पटना सिटी (प्राकि)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा पटना सिटी उपकारा में कैदियों के बीच विधि जागरुकता और कानून के बारे में जागरूक किया गया। इसका आयोजन मानव अधिकार दिवस के रूप में मंगलवार को आयोजित किया गया था। पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम सह सचिव तालुका विधिक सेवा समिति ने पटना सिटी उपकारा के जेलर और उपाधीक्षक को पूर्व में ही पत्र जारी कर सूचित कर दिया था। कार्यक्रम के दौरान पैनल अधिवक्ता राजकिशोर पंडित ने कैदियों को कानून और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एसड-ीओ सत्यम सहाय, एएसपी अमृतेश झा, जेलर, उपाधीक्षक, मेडिकल टीम और डॉक्टर भी मौजूद थे।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना**
**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–08/ 2024–25**

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक/ख्याति प्राप्त डिकोरेटर/फर्म से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना एवं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 21.12.2024 के पूर्वाहन् 11:30 बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 01:00 बजे अपराहन् में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कोटेशन का मूल्य (रू0) में:–

प्रत्येक कार्य कमांक के कोटेशन पत्र के साथ कोटेशन मुल्य जो " संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10840(भ) दिनांक–13.12.2019 के आलोक में ONLINE GOVERNMENT REVENU AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) पोर्टल–;(http//e-receipt.bihar.gov.in) के E-payment/payment over the bank counter (Cash/Cheque) के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत O-GRAS का (Computerized receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। O-GRAS द्वारा निर्गत चालान में चालान One time period का ही मान्य होगा, जो पन्द्रह दिनों के लिए वैद्य है। निर्गत चालान की तिथि कोटेशन का दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से बाद ही मान्य होगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि का अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है:–

(i) 0 से 50000.00 रू0 तक 250.00 रू0 (ii) 50001.00 से 250000.00 रू0 तक 500.00 रू0 (iii) 250001.00 से 500000.00 रू0 तक 750.00 रू0 (iv) 500001.00 से 1000000.00 रू0 तक 1250.00रू0 (v)1000001.00 से 1500000.00 रू0 तक 2500.00 रू0

कार्य का विवरणी:–

| Sl.No. | Name of Work /Specification |
|---|---|
| 1 | Supply of Furniture and Furnishing materials. In residence No.-101, Alfa Block Patel Nagar (Occupied by Hon'ble Member Aapda Prabandhak Sri Narendra Kumar Singh) Patna for the year 2024-25. |

- .कार्य समाप्ति की अवधि:– 15 **Days**

आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों के मॉडल, मेक, साइज, क्षमता, नमूने, क्वालिटी इत्यादि की अधिक जानकारी हेतु संबंधित सहायक अभियंता एवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करेंगे। विशेष शर्ते मद एवं मात्रा की विस्तृत जानकारी हेतु सूचना पट्ट या बेवसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखे या अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करें।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
**पटना पश्चिम भवन प्रमंडल,**
**दानापुर, पटना**

**PR. No.14342 (BCD) 2024-25**

**नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।**




# आईसीसी ने भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन के लिए सनी ढिल्लों पर लगाया 6 साल का प्रतिबंध



**दुबई (एजेंसी)।** भ्रष्टाचार निरोधक न्यायाधिकरण द्वारा अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद एक फ्रेंचाइजी टीम के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों पर 6 साल के लिए सभी तरह के क्रिकेट से प्रतिबंध लगा दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। ढिल्लों उन 8 लोगों में शामिल थे जिन पर पिछले साल संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। ये आरोप 2021 अबू धाबी टी10 क्रिकेट लीग और उस टूर्नामेंट में मैचों को भ्रष्ट करने के प्रयासों से संबंधित हैं, जिन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के लिए ईसीबी की संहिता के लिए नामित भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी (डीएसीओ) द्वारा बाधित किया गया था। पूरी सुनवाई और लिखित और मौखिक दलीलों के बाद न्यायाधिकरण ने ढिल्लों को दोषी पाया। प्रतिबंध 13 सितंबर, 2023 से लागू होगा, जब ढिल्लों को अनंतिम रूप से निलंबित किया गया था।

- **अनुच्छेद 2.1.1** – अबू धाबी टी10 2021 में मैचों या मैचों के पहलुओं को ठीक करने, साजिश रचने या अनुचित तरीके से प्रभावित करने के प्रयास में भागीदार होना।
- **अनुच्छेद 2.4.4** – संहिता के तहत भ्रष्ट आचरण में शामिल होने के लिए प्राप्त किसी भी संपर्क या निमंत्रण के बारे में डीएसीओ को पूरी जानकारी देने में विफल होना।
- **अनुच्छेद 2.4.6** – संहिता के तहत संभावित भ्रष्ट आचरण के संबंध में डीएसीओ द्वारा की गई किसी भी जांच में सहयोग करने में, बिना किसी ठोस कारण के, विफल होना या मना करना।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले जोनाथन ट्रॉट का अनुबंध बढ़ा, अफगानिस्तान पहली बार टूर्नामेंट में लेगा हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ा दिया है और इस तरह से वह 2025 में भी अपनी इस भूमिका को निभाएंगे। यह घोषणा अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से कुछ महीने पहले की गई है।



अफगानिस्तान पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। इंग्लैंड के 43 वर्षीय पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने जुलाई 2022 में अफगानिस्तान के मुख्य कोच का पद संभालाा था। उनके मार्गदर्शन में टीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रभावशाली प्रगति की है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा, 'अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ट्रॉट को अफगानिस्तान की टीम के साथ अगले साल के कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता है। वह अफगानिस्तान क्रिकेट को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रॉट की नियुक्ति के बाद से अफगानिस्तान ने 34 एकदिवसीय मैच खेले हैं, जिनमें से 14 में उसने जीत हासिल की है। इस दौरान अफगानिस्तान ने जो 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले उनमें से 20 में उसे जीत मिली। अफगानिस्तान की टीम अभी जिंबॉब्वे का दौरा कर रही है जहां वह तीन टी20, तीन वनडे और जो टेस्ट मैच खेलेगी। ट्रॉट वनडे श्रृंखला के लिए ही अपनी सेवाएं दे पाएंगे। वह व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के कारण टी20 और टेस्ट श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। बयान में कहा गया है कि ट्रॉट की अनुपस्थिति में हामिद हसन मुख्य कोच और नवरोज मंगल सहायक मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे।

# हरभजन सिंह ने रोहित को नंबर 6 पर रखने का समर्थन किया, ब्रिसबेन टेस्ट में बदलाव की भविष्यवाणी की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए टीम इंडिया की रणनीति पर अपने विचार साझा किए और विश्वास जताया कि कप्तान रोहित शर्मा एडिलेड में अपने खराब प्रदर्शन के बावजूद नंबर 6 पर बल्लेबाजी करना जारी रखेंगे, जहां भारत को 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। रोहित पर्थ में शुरुआती टेस्ट से चूक गए थे, हालांकि एडिलेड टेस्ट में वह प्रभाव छोड़ने के लिए संघर्ष करते रहे, उन्होंने नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए दोनों पारियों में सिर्फ 9 रन बनाए।

हरभजन को लगता है कि कप्तान के फॉर्म को ध्यान में रखते हुए उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने की कोई जरूरत नहीं है। हरभजन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि बल्लेबाजी क्रम में कोई बदलाव होगा। हमने कल चर्चा की कि शायद रोहित शर्मा को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आना चाहिए। यहां तक ??कि (सुनील) गावस्कर साहब ने भी इसका सुझाव दिया था, लेकिन मुझे नहीं लगता कि टीम प्रबंधन इस तरह से सोचेगा। रोहित अभी शानदार फॉर्म में नहीं हैं, तो आप उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर क्यों भेजेंगे? मुझे लगता है कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग जारी रखनी चाहिए, जबकि रोहित मध्य क्रम में बल्लेबाजी करें।



बल्लेबाजी क्रम में निरंतरता की वकालत करते हुए हरभजन ने भारत के गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की भविष्यवाणी की। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन की जगह पर वाशिंगटन सुंदर को शामिल करने का सुझाव दिया जिन्होंने पर्थ में अपनी ऑलराउंड क्षमताओं से प्रभावित किया। उन्होंने कहा, वाशिंगटन सुंदर ब्रिसबेन टेस्ट के लिए वापस आ सकते हैं। अश्विन ने एडिलेड में ज्यादा गेंदबाजी नहीं की और उनका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। दूसरी ओर, सुंदर बल्ले से बेहतर प्रदर्शन करते हैं और पर्थ में उन्होंने दो महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। मुझे लगता है कि उन्हें मौका मिलेगा।

इसके अलावा उन्होंने पेस डिपार्टमेंट में बदलाव की बात कही। एडिलेड में संघर्ष करने वाले हर्षित राणा की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को मौका देने की बात की है। उन्होंने कहा, ब्रिसबेन की उछाल भरी पिच पर प्रसिद्ध कृष्णा काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं। उनकी लंबाई और उछाल हासिल करने की क्षमता उन्हें हर्षित राणा की जगह लेने के लिए एक मजबूत उम्मीदवार बनाती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिसबेन क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाला है।

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर बोले

# सिराज को समय से पहले जश्न मनाने से रोके भारत

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर का मानना ??है कि मोहम्मद सिराज में अंपायर के फैसले का इंतजार किए बिना समय से पहले विकेट लेने का जश्न मनाने की प्रवृत्ति है और भारतीय टीम में उनके सीनियर साथियों को इस मुद्दे पर इस तेज गेंदबाज से बात करनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करना बुरा लगता है। टेलर ने कहा कि सिराज को जब लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है तो वह अंपायर का फैसला आने से पहले ही जश्न मनाने के लिए अपने साथियों की तरफ दौड़ पड़ते हैं।



टेलर ने कहा, 'जहां तक मोहम्मद सिराज का सवाल है तो मैं चाहूंगा कि उनकी टीम के सीनियर साथी उनसे बात करें। ट्रैविस हेड के साथ जो हुआ उसके बारे में इतना नहीं, बल्कि इस चीज को लेकर उनसे बात की जानी चाहिए कि जब उन्हें लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है तो वह अंपायर का फैसला देखने के लिए पलटते नहीं है और जश्न मनाना शुरू कर देते हैं। मुझे लगता है कि यह उनके और खेल के लिए अच्छा नजारा नहीं होता है।

उन्होंने कहा, 'मुझे उसका जोश पसंद है, मुझे उसका प्रतिस्पर्धी स्वभाव पसंद है, मुझे यह तथ्य पसंद है कि हमारे पास वास्तव में एक अच्छी श्रृंखला चल रही है, लेकिन खेल का सम्मान भी है जिसे बनाए रखने की जरूरत है। मुझे लगता है कि सीनियर साथियों के साथ बात करने से उसे इस चीज को समझने में मदद मिलेगी। एडिलेड में गुलाबी गेंद से खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में हेड से संक्षिप्त बहस करने के बाद सिराज चर्चा का विषय बन गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 10 विकेट से जीतकर पांच मैच की श्रृंखला 1ङ्क1 से बराबर की। सिराज पर इसके लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज साइमन कैटिच का मानना है कि सिराज के दिमाग ने कुछ देर के लिए काम नहीं किया और इस भारतीय तेज गेंदबाज को बाद में इसका पछतावा भी हुआ। कैटिच ने एसईएन रेडियो से कहा, 'यह शर्मनाक है कि सिराज ने तब दिमाग से काम नहीं लिया। खेल में इस तरह के व्यवहार की कोई जरूरत नहीं है।

# 'वह बेहतरीन थे', गिलक्रिस्ट ने एडिलेड टेस्ट में पैट कमिंस के प्रदर्शन की तारीफ की

**एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया)(एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने मंगलवार को भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के एडिलेड टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट



कमिंस की तारीफ की। रविवार को रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारत को प्रतिष्ठित बीजीटी सीरीज के दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से हराया। इस जीत के साथ मेजबान टीम ने सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है।

कमिंस हाल ही में संपन्न एडिलेड टेस्ट में असाधारण प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट लिए और मेजबान टीम को बीजीटी में भारत पर 10 विकेट से जीत दिलाने में मदद की। द फॉलो-ऑन पॉडकास्ट पर बोलते हुए गिलक्रिस्ट ने कहा, कमिंस बेहतरीन थे, ऐसा लग रहा था कि पर्थ के बाद ग्रीस और तेल बदलने और ट्यून-अप की जरूरत है, लेकिन मैच के अंत में वे बहुत अच्छा खेल रहे थे, इसलिए यह देखना शानदार था।

गिलक्रिस्ट ने कहा कि कमिंस हर विकेट लेने के बाद अपने जश्न में अधिक आक्रामक दिखे। उन्होंने कहा, आप उनके जश्न से देख सकते हैं कि... हर विकेट लेने के बाद वे अपने जश्न में अधिक आक्रामक दिखे। नियंत्रण खोने की हद तक नहीं, लेकिन आप यह स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि उनके प्रदर्शन (पर्थ में) के बाद उन्हें थोड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था और वे पर्थ में जिस तरह से खेले, उससे वे अंदर से बहुत निराश हुए होंगे। उन्होंने आगे कहा, इसलिए यह (एडिलेड का जश्न) आपको दिखाता है कि यह उनके लिए क्या मायने रखता है और उन्हें पता था कि वे उस स्तर पर वापस आ गए हैं जिस पर वे अपना क्रिकेट खेलना चाहते हैं।

# भारत के कुश मैनी ने फॉर्मूला-2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीतकर रचा इतिहास

**अबुधाबी(एजेंसी)।** भारतीय ड्राइवर कुश मैनी ने यहां एफ2 कंस्ट्रक्टर्स रेस जीतकर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचा। वह एफआईए कंस्ट्रक्टर्स विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैनी के लिए फार्मूला2 में यह सत्र शानदार रहा। इससे पहले वह इस रेस में पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। मैनी ने इनविक्टा रेसिंग की



सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह टीम इस सत्र में पांच बार पोडियम पर पहुंची, जिसमें हंगरी में पहला स्थान हासिल करना भी शामिल है। इस भारतीय ड्राइवर ने जेद्दा में पोल पोजीशन हासिल की थी। इस तरह से उन्होंने अपनी टीम के अभियान की शानदार नींव रखी, जिसका मैनी की पूर्व टीम कैम्पोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ समापन हुआ।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट को लेकर फैंस में भारी उत्साह, पहले दिन के टिकट बिके

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले चौथे टेस्ट के पहले दिन के टिकट बिक गए हैं। यह प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में लोगों की गहरी दिलचस्पी को दर्शाता है। मेजबान ऑस्ट्रेलिया द्वारा एडिलेड में भारत को 10 विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर करने के कुछ दिनों बाद टिकटों की भारी मांग देखने को मिली है।

दोनों प्रतिद्वंद्वी टीमें शनिवार से ब्रिसबेन में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट के बाद 26 दिसंबर से शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए एमसीजी का रुख करेंगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अपने 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किया, 'बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन के सभी उपलब्ध सार्वजनिक टिकट बिक चुके हैं।' सीए ने कहा, गैर-सदस्यों को टिकट के लिए 24 दिसंबर को कुछ सार्वजनिक टिकटों की अंतिम रिलीज की संभावना है।

एडिलेड में खेले गए गुलाबी गेंद के टेस्ट में तीन दिनों में 135,012 दर्शकों ने हिस्सा लिया, जिसने दोनों टीमों के बीच खेले गए पांच दिवसीय मैच में दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड बनाया। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे टेस्ट के पहले दिन एडिलेड ओवल में 36,225 दर्शक आए, जो भारत के खिलाफ टेस्ट के लिए 113,009 दर्शकों के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया, जो 2014-15 में 5 दिनों में बनाया गया था।

भारत के खिलाफ एडिलेड में टेस्ट के लिए एक



दिन की उपस्थिति का रिकॉर्ड भी शुरुआती दो दिनों में टूट गया, जब 50,000 से अधिक प्रशंसक खेल में शामिल हुए। पहले टेस्ट के लिए पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में भी रिकॉर्ड संख्या में प्रशंसक आए थे जिसे मेहमान टीम (भारत) ने 295 रनों से जीतकर ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी।

# पुजारा ने तीसरे टेस्ट के लिए दिया सुझाव, भारतीय टीम में करें एक बदलाव

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में एक बदलाव का सुझाव दिया है। गौरतलब है कि भारत ने एडिलेड में दूसरा टेस्ट दस विकेट से गंवा दिया था जिससे ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज 1-1 से बराबर कर ली थी। हार के बाद रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम सीरीज में वापसी करने के लिए बेताब है और ब्रिसबेन में होने वाले आगामी टेस्ट को जीतने के लिए बेताब होगी।

एडिलेड में हार के बाद पुजारा ने प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव का सुझाव दिया है जिसमें रविचंद्रन अश्विन की जगह वाशिंगटन सुंदर को शामिल किया जाना शामिल है। अश्विन ने एडिलेड में सुंदर की जगह ली थी और 18 ओवर में मिशेल मार्श को आउट करते हुए 1/53 का आंकड़ा दर्ज किया था।

पुजारा ने कहा, मुझे लगता है कि केवल एक बदलाव हो सकता है। चूंकि बल्लेबाजी अच्छी नहीं थी, इसलिए आर अश्विन की जगह वाशिंगटन सुंदर को शामिल किया जा सकता है। क्या हर्षित राणा की जगह किसी और को शामिल किया जाना चाहिए? मेरी राय में, नहीं। आपने उनका समर्थन किया और उन्होंने पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।

पुजारा ने आगे बोलते हुए कहा कि एडिलेड में उनके प्रदर्शन के आधार पर तीसरे



टेस्ट में भी हर्षित राणा को चुना जाना चाहिए। उन्होंने कहा, वह एक अच्छा गेंदबाज है। आप उसे सिर्फ इसलिए नहीं हटा सकते क्योंकि एक मैच खराब रहा। अगर टीम को लगता है कि बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करने की जरूरत है, तो शायद मेरे लिए एकमात्र बदलाव अश्विन की जगह सुंदर को लेना होगा।

एडिलेड टेस्ट में राणा का प्रदर्शन यादगार नहीं रहा और उन्होंने 16 ओवर में 86 रन दिए। हालांकि 22 वर्षीय खिलाड़ी ने पर्थ में शानदार शुरुआत की थी, जहां उन्होंने पहली पारी में 15.2 ओवर में 3/48 विकेट लिए, जिसमें ट्रैविस हेड का बड़ा विकेट भी शामिल है।

# एरिना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी का पुरस्कार जीता

**सेंट पीटर्सबर्ग (अमेरिका) (एजेंसी)।** स्टार टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका को सोमवार को पहली बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने 2024 में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी भी बनीं। टेनिस मीडिया के मतदान के अन्य परिणामों में ऐमा नवारो को सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। पाउला बडोसा को साल में सर्वश्रेष्ठ वापसी करने वाली खिलाड़ी और लुलु सन



को साल की सर्वश्रेष्ठ नयी खिलाड़ी चुना गया। सारा इरानी और जैस्मिन पाओलिनी को साल की सर्वश्रेष्ठ युगल टीम चुना गया। सबालेंका ने 2024 में जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन और सितंबर में अमेरिकी ओपन के साथ इस सत्र में दो अन्य खिताब जीते। उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 56-14 रहा। उन्होंने लगभग एक करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि जीती। उन्होंने अक्टूबर में ईगा स्वियातेक को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग हासिल की।

# वह मुंबई का बल्लेबाज है, यह न भूलें

### रोहित की खराब फार्म पर बोले राष्ट्रीय चयनकर्ता परांजपे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 विकेट की हार में रोहित शर्मा अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से कोसों दूर रहे। उन्हें अब भी भरोसा है कि भारतीय कप्तान सीरीज के बाकी 3 मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। रोहित एडिलेड ओवल में दोनों पारियों में केवल 9 रन बना सके। इससे उनके पिछले 6 टेस्ट की औसत 11.83 हो गई है। रोहित को कप्तान के रूप में अपने गेंदबाजों का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं करने के चलते आलोचना का सामना करना पड़ा।

परांजपे ने कहा कि मुझे पता है कि पिछली कुछ टेस्ट पारियों में उनका प्रदर्शन बहुत खराब रहा है। लेकिन मुझे लगता है कि फॉर्म अस्थायी है और क्लास स्थायी है। मुझे रोहित शर्मा के अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर बहुत-बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह मुंबई के





खिलाड़ी हैं। जब चीजें कठिन होती हैं तो वे आपके खिलाफ जीत हासिल करने के लिए जाने जाते हैं। मुझे लगा कि एडिलेड में इस टेस्ट मैच में वह थोड़ा खराब थे, लेकिन मुझे यकीन है कि वह वापसी करेंगे। उनकी बल्लेबाजी में कुछ भी गलत नहीं है, बस उन्हें मैदान पर एक या दो घंटे बिताने की जरूरत है।

परांजपे बोले- रोहित को 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में वापसी करनी चाहिए। सलामी बल्लेबाज के स्थान पर वापस आना उनके लिए एक आरामदायक क्षेत्र है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि वह शीर्ष स्थान पर वापस आएंगे। जयसवाल के साथ ओपनिंग करना और केएल राहुल को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कराना, मैंने यह भी सोचा कि पहले कुछ दिनों में वह अपनी कप्तानी में थोड़ा कमजोर थे और मुझे यकीन है कि वह आने वाले तीन मैचों में इसे बदल देंगे।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस के असाधारण नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए परांजपे ने कहा कि पिछले 3-4 वर्षों में वह विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं और उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लेकर यह जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली और कुछ ऐसी गेंदबाजी की जो खेलने लायक नहीं थी। मुझे विश्वास था कि पहले टेस्ट मैच के बाद कमिंस अच्छा प्रदर्शन करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम को ऊपर उठाने की जरूरत थी और उसने ऐसा किया, मुझे लगा कि एडिलेड में वह उनके लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी था।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम की चिंटल सोसाइटी के अब 3 टॉवर अनसेफ; खाली कराने की मांग, उपायुक्त को लेटर

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम के सेक्टर-109 स्थित चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी के टॉवर ए, बी और सी को रहने के लिए असुरक्षित घोषित कर दिया गया है। अब बिल्डर चिंटल इंडिया लिमिटेड ने चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी के टावर ए, बी और सी को खाली करवाने के लिए जिला उपायुक्त अजय कुमार को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) ने ऑडिट के बाद इन तीनों टावर को असुरक्षित घोषित किया है। बता दें कि नवंबर के अंत में सीएसआईआर-केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (रुड़की) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संरचना में क्लोराइड की अत्यधिक मात्रा और जंग के मद्देनजर टॉवर बी को सुरक्षित गिराया जाना ही ठीक है। बता दें कि फरवरी 2022 से एक के बाद एक चिंटल सोसाइटी के कई टावरों को असुरक्षित घोषित किया गया है। कुल मिलाकर ए और सी टावर के बाद अब सीबीआरआई ने बी टावर को भी असुरक्षित घोषित कर दिया है। पत्र में कहा गया है कि हम इन टावर में रह रहे परिवारों को स्थानांतरण शुल्क 40 हजार रुपये देने को तैयार हैं। यदि इन टावरों को जल्द खाली नहीं कराया जाता है और कोई हादसा घटित हो जाता है तो कंपनी की जिम्मेदारी नहीं होगी। जिला प्रशासन ने 10 फरवरी, 2022 को चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी में हुए हादसे के बाद इस सोसाइटी के सभी नौ टावर का सरंचनात्मक ऑडिट करवाने का फैसला लिया था। आईआईटी, दिल्ली ने डी, ई, एफ, जी, एच और जे टावर को असुरक्षित घोषित किया था। ए, बी और सी टावर को फिलहाल सुरक्षित बताते हुए हर साल सरंचनात्मक ऑडिट करने के आदेश जारी किए थे। आईआईटी दिल्ली के सुझाव के तहत इन टावर की मरम्मत की जानी चाहिए। रिपोर्ट आने के एक साल के बाद चिंटल इंडिया लिमिटेड ने ए, बी और सी टावर का दोबारा सरंचनात्मक ऑडिट सीबीआरआई से करवाया।

### रहस्यमय पत्थरों से बना है रामप्पा मंदिर, विज्ञान के सिद्धांत भी खा गए मात



**वारंगल, एजेंसी।** तेलंगाना राज्य में वारंगल के पालमपेट स्थित रामप्पा मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया गया है। इस मंदिर को यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थलों में शामिल किया था। यह मंदिर इतिहास की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही साथ में ही यह रहस्यमय पत्थरों की वजह से भी जाना जाता है। कहा यह भी जाता है कि इस मंदिर में इस्तेमाल किए गए पत्थर कहीं से लाए नहीं गए बल्कि किसी पुरानी तकनीक के जरिए इंसानों ने ही बनाए थे। इस मंदिर को हजार खंभों वाले मंदिर के तौर पर भी जाना जाता है। मार्को पोलो जब भारत आया था तब उसने इसे चमकीले सितारों वाला मंदिर बताया था। यह मंदिर करीब 900 साल पुराना है। यह भगवान शिव का मंदिर है और उसके गर्भगृह में रूद्रावतार शिव विराजमान हैं। इसे रूद्रेश्वर मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इशके अलावा बहुत सारे लोग इसे रामलिंगेश्वर मंदिर भी कहते हैं। 1213 ईस्वी के आसपास काकतीय साम्राज्य के दौरान रेचारला रूद्र ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। वह काकतीय राजा गणपति देव के सेनापति थे। गौर करने वाली बात यह है कि मंदिर का नाम इसके शिल्पकार रामप्पा के नाम पर हीरखा गया है। दरअसल सेनापति ऐसा मंदिर बनवाना चाहते थे जो कि हजारों साल तक स्थिर रहे। इसके लिए दूर-दूर से शिल्पकारों को बुलवाया गया लेकन वह रामप्पा से ही संतुष्ट हुए। बताया जाता है कि मंदिर के निर्माण में 40 साल का समय लग गया। मंदिर में इस्तेमाल पत्थर रहस्यमय हैं। ये बेहद हलके हैं। इसके अलावा इसके कटाव और घुमाव को देखकर आज वैज्ञानिक भी हैरान रह जाते हैं।मंदिर की सजावट और मूर्तिकला भी बेहद भव्य टहै। यह मंदिर एक तारे के आकार के छह फीट ऊंचे मंच पर बना है। यूरोपीय भी जब इस मंदिर को देखने आते थे तो मंत्रमुग्ध हो जाते थे। इस मंदिर की मजबूती का रहस्य आजतक विशेषज्ञ भी नहीं बता पाए हैं।

# अभिनेत्री पर टिप्पणी कर फंसे केरल के मंत्री वी. शिवनकुट्टी का यूटर्न

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने मलयालम अभिनेत्री पर की गई अपनी टिप्पणी को वापस ले लिया है। दरअसल, उन्होंने आगामी राज्य स्कूल युवा महोत्सव के लिए स्वागत नृत्य और गीत की कोरियोग्राफी के लिए पांच लाख रुपये पारिश्रमिक मांगने पर एक लोकप्रिय मलयालम फिल्म अभिनेत्री की आलोचना की थी। अभिनेत्री का नाम लिए बगैर सामान्य शिक्षा मंत्री ने कहा था कि उन्होंने बच्चों को 10 मिनट का प्रेजेंटेशन सिखाने के लिए मोटी रकम मांगी थी। शिवनकुट्टी की टिप्पणी सोमवार को तब वायरल हो गई, जब टीवी चैनलों पर उनकी आवाज की क्लिप प्रसारित होने लगी। इसके बाद उन्होंने अपना बयान वापस ले लेते हुए कहा कि वह कोई अवांछित विवाद पैदा नहीं करना चाहते थे। मंत्री ने सोमवार को कहा कि मेरे संज्ञान में



आया है कि कल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मेरे कुछ बयानों का मीडिया ने व्यापक तौर पर प्रसारित किया है। इन टिप्पणियों का उद्देश्य किसी का अपमान करना या उसे ठेस पहुंचाना नहीं था। इसलिए मैं उन बयानों को वापस लेता हूं। मंत्री ने कहा कि युवा महोत्सवों में आम तौर पर मशहूर हस्तियों को आमंत्रित किया जाता है, ताकि इस आयोजन को अधिक प्रचार मिल सके और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिले। उन्होंने कहा कि वार्षिक आयोजन के महत्व को देखते हुए मशहूर हस्तियां बिना किसी पारिश्रमिक की उम्मीद के इसमें भाग लेती हैं। शिवनकुट्टी ने विभिन्न प्रसिद्ध कलाकारों का उदाहरण दिया, जिनमें अभिनेता ममूटी, आशा शरथ, दुलकर सलमान, फहद फासिल और निखिला विमल और गायक केएस चित्रा शामिल हैं, जिन्होंने विभिन्न अवसरों पर राज्य युवा उत्सवों में हिस्सा लिया था। इससे पहले मंत्री को एक कार्यक्रम के दौरान कई कड़वी बातें कहते सुना गया था। अब इसका वॉयस क्लिप टीवी चैनलों पर प्रसारित हुआ है। उन्होंने इसे लालच और अहंकार करार देते हुए कहा कि ऐसे लोग युवा महोत्सवों के माध्यम से प्रसिद्धि पाने के बाद अपनी जड़ों को भूल जाते हैं। मंत्री ने कहा कि उन्होंने पांच लाख रुपये भुगतान की मांग की। यह कैसा अहंकार है। मुख्य मुद्दा यह है कि इतनी ऊंचाई तक पहुंचने के बावजूद उनके लालच में कमी नहीं आई है। शिवनकुट्टी ने कहा कि विभाग ने उस अभिनेत्री को कार्यक्रम से बाहर करने और कार्यक्रम के लिए समर्पित कलाकारों को चुनने का निर्णय लिया है।

## दक्षिण एशियाई क्षेत्र में स्थिरता और शांति को खतरा : कैलाश सत्यार्थी

**कोलकाता, एजेंसी।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों और मंदिरों में तोड़फोड़ पर नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने चिंता जाहिर की। उन्होंने पड़ोसी देश में पनप रही नफरत को तत्काल खत्म करने और अल्पसंख्यकों को सुरक्षित माहौल मुहैया कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज मानवाधिकार दिवस है। ऐसे में हमें सार्वभौमिक अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता जाहिर करनी होगी। ऐसी प्रतिबद्धता जो हमारी मानवता, स्वतंत्रता, सम्मान और समानता के अधिकार को परिभाषित करे। मैं बांग्लादेश में सामने आ रही भयावह स्थिति से बहुत परेशान हूं। अधिकारों के मुद्दों पर कई सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों से जुड़ा हुआ हूं और हमेशा लोगों के बीच विश्वास और सांप्रदायिक सद्भाव को संजोया है।

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों पर हाल के हमलों और धार्मिक स्थलों पर तोड़फोड़ की घटनाओं ने अनगिनत लोगों को डर में रहने के लिए मजबूर कर दिया है। उनके मौलिक अधिकारों पर हमला हो रहा है। यदि अस्थिर स्थिति को तत्काल गौर नहीं किया जाता है, तो इसके परिणाम बांग्लादेश से कहीं आगे तक फैलेंगे, जिससे पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में स्थिरता और शांति को खतरा होगा। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों का दमन और कहीं भी मानवाधिकारों का उल्लंघन हमारी सामूहिक अंतरात्मा पर हमला है। इन चुनौतीपूर्ण समय में मैं अपने साथी नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस से बिना किसी देरी के इस उभरती हुई स्थिति को संभालने के लिए काम करने का आह्वान करता हूं।

## झारखंड में मां-बेटी को जूते की माला पहना कर घुमाया



**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत गोमिया थाना क्षेत्र के सीसीएल स्वांग महावीर स्थान कॉलोनी में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। बीते रविवार की शाम को कॉलोनी के कुछ महिला-पुरुषों ने महिला मीना देवी (पति स्व परशुराम रविदास) और उसकी नाबालिग बेटी के साथ मारपीट के बाद जूते-चप्पलों की माला पहनाकर कॉलोनी में घुमाया। इसका वीडियो भी सोमवार को वायरल हुआ। बताया जाता है कि बीते नवंबर माह में कॉलोनी की ही एक किशोरी कहीं चली गई थी। हालांकि वह बाद में बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो में मिल गई थी। आरोप लगाया गया कि विधवा महिला व उसकी नाबालिग बेटी का ही इसमें हाथ था। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी। गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोगता ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दोषियों को छोड़ा नहीं जायेगा। इधर, सोमवार को मां-बेटी गोमिया थाना पहुंचे। लिखित शिकायत में जिक्र किया कि रविवार की शाम अपने घर में थे। तभी कॉलोनी के ही कई लोग जिनमें महिलाएं भी थी, अचानक घर घुस गए। और मेरे साथ, मेरी बेटी व सास को भी गंदी-गंदी गालियां देते हुए बुरी तरह से मारपीट करने लगे। इसके बाद मुझे व मेरी बेटी को घर से घसीटते हुए बाहर ले आए। फिर जूते-चप्पलों की माला पहनाकर कॉलोनी में घूमाने लगे।

## जेवर एयरपोर्ट ने शुरुआत से पहले ही बना दिया नया रिकॉर्ड, सबसे कम समय में हुआ तैयार

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के पास जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम वेलिडेशन फ्लाइट के साथ ही सोमवार को भारतीय एविएशन इतिहास में सबसे कम समय में बनने का रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। प्रथम चरण के तहत जेवर में 1334 हेक्टेयर में बना एयरपोर्ट तीन वर्ष दो महीने 11 दिन में तैयार किया गया है। अधिकारियों का दावा है कि देश में अब तक इतने कम समय में अंतर राज्यीय एयरपोर्ट भी शुरू नहीं हो पाया है।

प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि कोरोना काल के दौरान 29 सितंबर 2021 को नोएडा एयरपोर्ट का अवार्ड दिया गया था और 15 जून 2022 को एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरू हो गया था। एयरपोर्ट निर्माण में सबसे बड़ी उपलब्धि यह भी रही है कि तीन वर्ष में निर्माण के दौरान एयरपोर्ट साइट पर निर्माण कार्य के दौरान कोई भी बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है। इसी के साथ सोमवार को अफसरों ने यह भी दावा किया कि



भारतीय एविएशन इतिहास का यह पहला ऐसा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं, जो सबसे कम समय में बनकर तैयार हुआ है।

छोटे एयरपोर्ट तक में वेलिडेशन फ्लाइट लैंड कराने में तीन वर्षों से अधिक का समय लगा है। वहीं, प्रथम चरण पूरा होने के बाद छह गांव की 1365 हेक्टेयर में विकसित होने वाले दूसरे चरण की काफी जमीन पर यमुना प्राधिकरण को जिला प्रशासन के माध्यम से कब्जा तक दिया जा चुका है। अधिकारी विमान में बैठकर एयरपोर्ट पहुंचे सोमवार को एयरपोर्ट पर वेलिडेशन फ्लाइट के लिए आए विमान में दिल्ली से नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारी बैठकर एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस दौरान अधिकारियों की मौजूदगी में रनवे पर विमान के पहिये के प्रत्येक रोटेशन का डेटा भी रिकॉर्ड किया गया। विमान संचालन के क्रू- मेंबर में महिला पायलट भी शामिल रही थी। अब सिर्फ एयरोड्रम लाइसेंस का इंतजार रहेगा, जोकि मार्च तक मिलने की संभावना है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने कहा कि भारतीय एविएशन इतिहास का यह पहला एयरपोर्ट हैं, जिस पर सबसे कम समय में वैलिडेशन फ्लाइट लैंड की गई है। देश में अंतरराज्यीय एयरपोर्ट तक में इससे अधिक समय लगा हैं, यह गौतमबुद्धनगर समेत प्रदेश व देश के लिए गौरव का क्षण है।

एयरपोर्ट पर टर्मिनल बिल्डिंग का काम पूरा होने को है। बिल्डिंग पर शीशे लग चुके हैं। अब 21 जनवरी तक टर्मिनल के एंट्रेंस और 31 जनवरी तक यहां टाइल लगने का काम भी पूरा हो जाएगा। टर्मिनल का एंट्रेंस बनारस के घाटों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। यह निर्माण होने व लाइसेंस मिलने के बाद अप्रैल में कॉमर्शियल विमान सेवा शुरू होगी। हेलिकॉप्टर से पहुंचे उत्तर प्रदेश शासन की ओर से अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल हेलिकॉप्टर से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे।

## अंतरराष्ट्रीय-घरेलू स्तर पर बुरे फंसे नेतन्याहू, जंग के बीच पहली बार भ्रष्टाचार मामले में देंगे गवाही

**यरुशलम, एजेंसी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फिलहाल मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। उन पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर कानूनी मामले चल रहे हैं। एक तरफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में युद्ध अपराध के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वहीं दूसरी ओर, नेतन्याहू को इस्राइल में भी भ्रष्टाचार के एक मुकदमे में गवाही देनी है। अगर वह इस मामले में दोषी पाए गए तो उनका सियासी सफर खत्म हो सकता है। आईसीसी के मुकदमे पर नेतन्याहू को देश में समर्थन मिलता दिख रहा है, लेकिन भ्रष्टाचार के मामले में जनता की राय उन पर बंटी हुई है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू के खिलाफ इस्राइल में लंबे समय से भ्रष्टाचार का मामला चल रहा है। इसी मामले में आज वह अदालत के सामने अपना पक्ष रखने के लिए तैयार हैं। अंदाजा लगाया जा रहा कि उन्हें कई सप्ताह तक अदालत और युद्ध कक्ष के बीच चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इस्राइल पिछले एक साल से भी अधिक समय से गाजा में फलस्तीनी समूह हमास के



खिलाफ युद्ध लड़ रहा है, जिसके दौरान नेतन्याहू को अदालत में पेश होने के लिए मोहलत दी गई थी। लेकिन गुरुवार को जजों ने फैसला सुनाया कि उन्हें गवाही देनी होगी।अदालत ने कहा कि रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और विश्वासघात के आरोप में नेतन्याहू सप्ताह में तीन बार गवाही देंगे। नेतन्याहू को 2019 में करोड़पति दोस्तों से उपहार से जुड़े तीन मामलों में और अनुकूल कवरेज के बदले मीडिया टाइकून के लिए कथित तौर पर नियामक पक्ष लेने के लिए दोषी ठहराया गया था। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने ऐसा कुछ भी गलत काम नहीं किया है। सोमवार रात को प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी कहानी बताने के लिए आठ साल इंतजार किया। वहीं, जांच के दौरान गवाहों के साथ जिस तरह से व्यवहार किया गया, उस पर नाराजगी जताई। इस्राइली पीएम नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार के आरोप 2016 से ही लगने शुरू हो गए थे। इस्राइली अधिकारियों ने आरोप लगाए थे कि पीएम धनी व्यापारियों से महंगे गिफ्ट लेकर उनके पक्ष में फैसले कर रहे हैं। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि उन्होंने महंगे सिगार, शैंपेन,कंगन,बैग और लक्जरी कपड़े लिए थे। इसके बदले उन्होंने कथित तौर पर जांच और न्यायिक कार्यवाही में हस्तक्षेप किया था।

## सीरिया में झटके के बाद अब यूक्रेन पर समझौते के लिए तैयार रूस, शांति की पहल का करेगा स्वागत

**मॉस्को, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से यूक्रेन में युद्ध को तुरंत रोकने की मांग को रूस ने गंभीरता से लिया है। क्रेमलिन ने कहा है कि रूस इस पर बातचीत के लिए तैयार है। रूस ने वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) और ब्रिक्स देशों की तरफ से शांति पहलों का भी स्वागत किया है। गौरतलब है कि रूस को हाल ही में सीरिया में बड़ा झटका लगा है। यहां विद्रोही संगठनों ने रूस के समर्थन वाली बशर अल-असद सरकार को हटा दिया। खुद राष्ट्रपति असद को आनन-फानन में सीरिया छोड़कर भागना पड़ा। सीरिया में इन हालात के बाद माना जा रहा है कि यूक्रेन युद्ध में पूरी तरह केंद्रित होने की वजह से रूस अपनी ताकत सीरिया में नहीं दिखा पाया और उसे पश्चिम एशिया में कूटनीतिक तौर पर एक अहम देश गंवाना पड़ा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सोमवार को



एक पोस्ट में रूस के विदेश मंत्रालय ने क्रेमलिन (रूस का आधिकारिक कार्यालय) के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव के कथन का जिक्र किया। इसमें कहा गया, हमने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ मुलाकात के बाद दिया बयान ध्यान से पढ़ा है। रूस, यूक्रेन पर बातचीत के लिए खुला है और शांति पहलों का स्वागत करता है। यूक्रेन में हमलों को रोकने के लिए शर्तों को राष्ट्रपति पुतिन पहले ही बता चुके हैं।

# बशर की कालकोठरियों से विद्रोहियों ने मुक्त कराए कैदी, फांसी की सजा पाए कैदियों ने कई साल बाद देखा सूरज

**दश्मिक, एजेंसी।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद के रूस भागने और देश पर विद्रोहियों का कब्जा होने के बाद राजधानी दमिश्क की सड़कों पर जबरदस्त जश्न मनाया गया। विद्रोहियों ने असद के शासन में कैद किए गए कई कैदियों को भी सोमवार तड़के कालकोठरियों से मुक्त कराया। असद परिवार के करीब 50 वर्षीय शासन को सिर्फ 10 दिनों में विद्रोहियों ने हमला बोलकर खत्म कर दिया और अब राजनीतिक कैदियों को आजाद कराने के लिए जेलों व सुरक्षा सुविधाओं में तोड़फोड़ की। एक ऐसे ही कैदी हैं 63 वर्षीय बशर बरहौम। उन्हें फांसी की सजा दी गई थी और सोमवार को इस पर तामीली होना थी। जब उन्होंने देखा कि दरवाजे पर कुछ लोगों की चहलकदमी हो रही है तो वे समझे कि यह फांसी चढ़ाने के लिए आए हैं। लेकिन सामने देख तो ये लोग असद के कुख्यात सुरक्षा बलों से नहीं थे बल्कि उन्हें मुक्त करा रहे थे। बरहौम ने भी कैद से रिहा होकर जश्न मनाया और कहा, मैंने आज तक सूरज नहीं देखा है, सोमवार को सजा-ए-मौत के



बजाय मुझे नया जीवन मिला है। जेल से रिहा हुए कई लोग नंगे पैर या बमुश्किल कपड़े पहने दमिश्क की सड़कों पर अपनी आजादी का जश्न मनाते देखे गए। विद्रोहियों ने जेलों में जाकर बंदियों से कहा, डरो मत...असद का राज खत्म हो चुका है। सड़कों पर आकर कैदी खुशी से चीख रहे थे। उन्हें उम्मीद थी कि अब जल्द ही वे अपने परिवार से मिल सकेंगे। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि दमिश्क, अलेप्पो, होम्स और हामा सहित शहरों में हजारों बंदियों को रिहा कर दिया गया है। असद की इन जेलों में सबसे कुख्यात जेलों में से एक दमिश्क के पास 'सैयदनाया जेल' है जिसे एमनेस्टी इंटरनेशनल ने 'मानव वधशाला' तक कहा है। रिपोर्टों से पता चलता है कि 2011 और 2016 के बीच 13,000 लोगों को यहां गुप्त रूप से मार डाला गया। सैयदनाया में रखी गई महिलाएं, जिनमें से कुछ बच्चों के साथ थीं, असद का तख्तापलट होने की सूचना मिलते ही चिल्लाने लगीं। विद्रोहियों ने उनके सेल के ताले तोड़ दिए। विद्रोहियों द्वारा राजधानी दमिश्क पर कब्जा करने और राष्ट्रपति बशर अल-असद के रूस भागने के बाद सोमवार को सीरियाई लोगों में आशा की किरण जगी दिखाई दी। हालांकि उनमें अनिश्चित भविष्य को लेकर चिंता भी दिखाई दी। विद्रोहियों द्वारा घोषित कर्फ्यू के कारण दमिश्क में सुबह के बाद शांति रही, दुकानें बंद रहीं और सड़कें काफी हद तक खाली दिखीं। बाहर निकलने वालों में से अधिकांश विद्रोही थे, और कई कारों पर उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब की लाइसेंस प्लेटें थीं। इदलिब से ही विद्रोही लड़ाकों ने 12 दिन पहले अपनी बढ़त शुरू की थी। मध्य उमय्यद स्क्वायर में लड़ाकों के एक समूह के बीच, इदलिब के फिरदौस उमर ने कहा कि वह 2011 से असद शासन से लड़ रहे हैं और अब अपने हथियार डालकर किसानी करेंगे। सीरिया की जेलें लंबे समय से क्रूर हालात के लिए बदनाम हैं। मानवाधिकार संगठनों और दलबदलुओं द्वारा यातना, भुखमरी और गुप्त फांसी को बड़े पैमाने पर प्रलेखित किया गया है। 2013 में, 'सीजर' नामक व्हिसलब्लोअर ने सीरिया से 53,000 तस्वीरों की तस्करी की, जिससे असद की जेलों में बड़े पैमाने पर अत्याचार और अमानवीय स्थिति का खुलासा हुआ। चैथम हाउस में मध्य पूर्व विशेषज्ञ लीना खतीब ने कहा, असद की कुख्यात जेलों में डाले जाने की चिंता ने सीरियाई लोगों में अविश्वास पैदा कर दिया। असद ने सत्ता पर नियंत्रण बनाने और विरोध को कुचलने के लिए डर की इस संस्कृति को बढ़ावा दिया। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने सोमवार को कहा कि रूस ने सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर असद को राजनीतिक शरण दी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने संवाददाताओं को बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने असद को शरण देने का निर्णय व्यक्तिगत रूप से लिया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129